Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-108
रायपुर, सोमवार 08 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### केबिनेट की बैठक 10 दिसंबर को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई है।

### ई गाइडलाइन दरों पर बढ़ा घमासान सीएम साय ने दिए राहत के संकेत

**रायपुर।** जमीन खरीद-फरोख्त के लिए जारी संशोधित कलेक्टर गाइडलाइन दरों पर उपजे असंतोष को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नई गाइडलाइन को लेकर विभागीय स्तर पर विचार-विमर्श जारी है और आवश्यक हुआ तो सरकार संशोधन या राहत देने पर निर्णय ले सकती है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वर्ष 2017 के बाद से गाइडलाइन दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी, जबकि नियमों के अनुसार हर वर्ष इसका मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दरें बढ़ने के कुछ सकारात्मक आयाम भी हैं लेकिन यदि इससे आम नागरिकों पर बोझ बढ़ता है तो सरकार स्थिति की पुनर्समीक्षा के लिए तैयार है।

### शीर्ष 10 की पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 72,285 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स में नगण्य साप्ताहिक तेजी के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 72,285 करोड़ रुपये बढ़ गया। टाटा समूह की सूचना एवं प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का एमकैप 35,910 करोड़ रुपये बढ़ा। इसी क्षेत्र की इंफोसिस के बाजार पूंजीकरण में 23,405 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 6,720 करोड़ रुपये की तेजी रही। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप 3,792 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 2,458 करोड़ रुपये बढ़ा। शीर्ष 10 की अन्य पांच कंपनियों में गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे अधिक 35,117 करोड़ रुपये घटा।

### क्रांतिकारी बाघा जतीन की जयंती पर डॉ. यादव ने किया नमन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान क्रांतिकारी



जतीन्द्रनाथ मुखर्जी 'बाघा जतीन' की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने बाघा जतीन को वीरता, त्याग और राष्ट्रभावना की अमिट प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रांतिकारी बाघा जतीन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे हैं।

# गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत



पायनियर संवाददाता ‹ पणजी
www.dailypioneer.com

गोवा के उत्तरी क्षेत्र में स्थित अरपौरा गांव में एक नाइट क्लब में आग लगने से करीब 25 लोगों की मौत हो गयी तथा कुछ घायल हो गये। प्रारंभिक रिपोर्टो के अनुसार आग नाइट क्लब की रसाई में गैस सिलेंडर फटने से लगी। मृतकों में अधिकतर क्लब के कर्मचारी है। दुर्घटना के कुछ देर बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने दुर्घटना की जांच के आदेश दिये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रधानमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिवार को दो लाख रूपये तथा घायलों को पचास - पचास हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है।

## गोवा अग्निकांड पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख जताया





**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के अरपोरा में हुए भयावह अग्निकांड पर गहरा दुख और शोक प्रकट किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा, उत्तरी गोवा ज़िले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ। इसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए घायल लोगों के जल्द ठीक होने की भी कामना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्थिति के बारे में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से बात की है। केंद्र सरकार इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दे रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

## भीषण दुर्घटना पर मुख्यमंत्री साय ने व्यक्त की गहरी संवेदना

**रायपुर।** अरपोरा, गोवा में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत हृदयविदारक है और जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति वे अपनी संवेदनाएँ प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे।

## राष्ट्र की सुरक्षा में निरंतर तैनात हमारे सैन्य जवानों का योगदान अतुलनीय : मुख्यमंत्री विष्णुदेव



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री साय को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के प्रतीक स्वरूप सम्मान बैज लगाया तथा संचालनालय सैनिक कल्याण द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे वीर सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग, साहस और राष्ट्रसमर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। देश की सुरक्षा में निरंतर तैनात हमारे जवानों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने आगे कहा कि इस दिवस का संदेश है कि राष्ट्र की रक्षा में लगे हमारे जवानों और शहीद परिवारों के प्रति हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझें और उनके कल्याण हेतु सहयोग की भावना से आगे आएं। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु अपनी ओर से अंशदान भी प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पद्मश्री उषा बारले भी उपस्थित थीं।

## नक्सल दंपत्ति ने आंध्रप्रदेश में किया आत्म समर्पण, 33 लाख का ईनाम था घोषित

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले के टॉप नक्सली दंपति दक्षिण सब-जोनल कमेटी सदस्य दिरदो विज्जल उर्फ जयलाल और उसकी पत्नी डीवीसीएम मडवी गंगी उर्फ विमला उर्फ भीमे ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले में सरेंडर कर दिया है। राज्य पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि दोनों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आंध्रप्रदेश राज्य के एलुरु सीथारामराजू जिले की पुलिस के अनुसार, दिरदो विज्जल, जो सुकमा के गगनपल्ली के बोडेगुब्बल गांव का निवासी है, 1994 में बाल संघम से माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। लंबे समय तक दरभा डिवीजन में सैन्य प्रभारी और एसडीजेडसीएम पद पर रहते हुए उसने कई बड़ी नक्सल वारदातों में भूमिका निभाई। उसके खिलाफ घात लगाकर हमला, पुलिस कैंप पर हमले, दो मुठभेड़, बैंक डकैती और आईईडी ब्लास्ट जैसी घटनाओं में शामिल होने के आरोप दर्ज हैं। उसकी पत्नी मडवी गंगी भी लगभग 20 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय रही। 2006 में संगठन में शामिल होने के बाद उसने कोंटा, बडेसट्टी, मलेंगर और जगारगोंडा क्षेत्रों में विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं।

## सीबीआई ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक समेत दो को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने आजमगढ़ में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के एक शाखा प्रबंधक और एक संविदा कर्मचारी को एक व्यक्ति से कथित तौर पर बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई ने बताया कि शाखा प्रबंधक श्रवण टंडन के खिलाफ एक शिकायत आयी थी। इसके अनुसार शिकायतकर्ता ने कहा था कि किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 2,52,000 रुपये का कर्ज लेने के एवज में उससे 25,000 रुपये की मांग की गयी थी। बातचीत के बाद, आरोपी शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गए। सीबीआई ने छह दिसंबर को एक जाल बिछाया और शाखा प्रबंधक टंडन और विश्राम नामक एक संविदा कर्मचारी को शिकायतकर्ता से बीस हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## दक्षिणी यूनान के तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव डूबने से कम से कम 18 लोगों की मौत

वार्ता ‹ एथेंस
www.dailypioneer.com

यूनान में क्रेते के दक्षिणी तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव के पलट जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। यूनान के सार्वजनिक प्रसारक ईआरटी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नाव द्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित इरापेट्रा शहर से लगभग 26 समुद्री मील (48.2 किमी) दक्षिण में डूब गई। हेलेनिक तटरक्षक बल के अनुसार, दो जीवित बचे लोगों को पानी से बचा लिया गया। बचाव दल क्षेत्र में अभियान जारी रखे हुए हैं और गश्ती नौकाएँ समुद्र से शव बरामद कर रही हैं। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और तटरक्षक बल ने जाँच शुरू कर दी है।

## प्रदेश में धान खरीदी जारी : अब तक 22.25 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी, 4.39 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला तेजी के साथ जारी हैं। पिछले माह के 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान में पांच दिसम्बर को सवेरे 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार 22 लाख 39 हजार 433 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक 4 लाख 39 हजार 511 पंजीकृत किसानों ने धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत भुगतान हेतु मार्कफेड द्वारा 5277 करोड़ रूपए जारी किए गए है। चालू खरीफ सीजन के लिए इस वर्ष 27 लाख 30 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसमें 31 लाख 51 हजार 771 हेक्टेयर रकबा शामिल है। राज्य में सभी जिलों में धान खरीदी जारी है। धान खरीदी से अब तक महासमुंद जिला सर्वाधिक 15 लाख 19 हजार 650 क्विंटल धान खरीदकर पहले पायदान पर है। वहीं गरियाबंद जिले 6 लाख 73 हजार 495 क्विंटल धान खरीदकार दूसरे नम्बर पर है। इसी तरह बिलासपुर जिले 6 लाख 73 हजार 65 क्विंटल धान खरीदकर तीसरे स्थान हासिल की है। हांलाकि कांकेर जिला 6 लाख 15 हजार 431 क्विंटल धान खरीदी कर चौथे पायदान पर बने हुए है। पांच लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी वाले जिले में धमतरी और मुंगेली जिले शामिल हैं, वहीं चार लाख क्विंटल से अधिक खरीदी वाले जिले सूरजपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, बेमेतरा, बालोद और कोण्डागांव शामिल हैं। किसानों को अब तक 8 लाख 97 हजार 779 टोकन जारी किए गए हैं। वहीं आगामी दिवस 8 दिसम्बर को धान खरीदी के लिए किसानों को 50 हजार 234 टोकन जारी हुए हैं। इस वर्ष शुरू किए गऐ टोकन तुहर एप्प ऑनलाईन व्यवस्था से किसानों को काफी सहुलियत मिल रही है। किसान समितियों द्वारा की जा रही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। राज्य शासन गठित राज्य और जिला स्तरीय दलों द्वारा प्रदेश सहित राज्य के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा विक्रय पर कड़ी निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। राज्य के किसानों से क्रय किए गए धान के मूल्य भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने मार्कफेड को 26,200 करोड़ रूपए की बैंक गांरटी पहले से दे रखी है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केन्द्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं। राज्य स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारी लगातार दौरा कर धान खरीदी एवं केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।



## ट्रेलर में जा घुसी आई 20 कार, पांच युवकों की मौत

**जशपुर।** जशपुर जिले के थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम लोरो से पतराटोली के मध्य नेशनल हाइवे-43 पर पंडरी पानी मोड़ के पास बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में कार और ट्रेलर की टक्कर से पांच युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। हादसा रात 06 और 07 दिसंबर की दरम्यानी रात हुआ, जब ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। एक भारी लंबी ट्रेलर में आई 20 कार घुसी है, दुर्घटना में कार में सवार पांचों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई, कार को देखकर दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि आई- 20 कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी पांच घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच उपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा सभी शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतकों की पहचान अंकित तिग्गा (16), राधेश्याम यादव (26), उदय चौहान (18), दीपक प्रधान (18) और सागर तिर्की (22) के रूप में की गई है। सभी ग्राम खटंगा, थाना दुलदुला के निवासी थे। परिजनों को हादसे की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में भीड़ उमड़ पड़ी थी। दुलदुला थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद से ट्रेलर चालक फरार है, जिसकी तलाश जारी है। मामले में बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राजनाथ सिंह ने बी आर ओ की पांच हजार करोड़ रूपये की 121 परियोजनाओं का उद्घाटन किया

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पांच हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली 121 ढांचागत परियोजनाओं का लद्दाख में उदघाटन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि पहली बार एक साथ इतनी ज्यादा परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। इनमें से दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू-कश्मीर - और बाकी सात राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 04 अन्य परियोजनाएं हैं। सीमा सड़क संगठन के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन किया गया है। इन परियोजनाओं से दूरदराज के गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों में अंतिम छोर तक पहुंच बनाने में काफी मदद मिलेगी। इससे ये क्षेत्र राष्ट्रीय मुख्यधारा के करीब आएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं सरकार की विकसित भारत के विजन के अनुरूप सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सिंह ने दौलत बेग ओल्डी रोड पर श्योक टनल पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये उदघाटन किए। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी ये परियोजनाएं रणनीतिक क्षेत्र को हर मौसम में विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि यह 920 मीटर लंबी कट एंड कवर टनल सुरक्षा, गतिशीलता और तेजी से तैनाती की क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के कर्मियों की अद्वितीय बहादुरी, प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करने के लिए अरुणाचल प्रदेश में गलवान युद्ध स्मारक का भी वर्चुअली उद्घाटन किया। सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्रों को विकसित करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ये कनेक्टिविटी के साधन सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और आपदा प्रबंधन के लिए जीवन रेखा हैं। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे के कई फायदे हैं। यह सैन्य गतिशीलता, रसद के सुचारू परिवहन, पर्यटन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि और सबसे महत्वपूर्ण बात, विकास, लोकतंत्र और सरकार में मजबूत विश्वास सुनिश्चित करता है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिस तेज़ी से भारत सड़कों, सुरंगों, स्मार्ट फेंसिंग, इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर और सर्विलांस सिस्टम से अपनी सीमाओं को मज़बूत कर रहा है।

### मुंबई और दिल्ली में क्रमशः 112 और 109 उड़ानें रद्द

## इंडिगो संकट का छठा दिन : 650 उड़ानें रद्द, 10 दिसंबर तक परिचालन स्थिरता का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

इंडिगो का संकट छठे दिन भी जारी रहा और उसकी लगभग 650 उड़ानें रदद कर दी गईं। कंपनी को 10 दिसंबर तक परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है। फिलहाल 2,300 निर्धारित दैनिक सेवाओं में से 1,650 उड़ानें संचालित करने के दावों के बावजूद संकट बरकरार है। सबसे ज्यादा हैदराबाद हवाई अडडा प्रभावित रहा, जहां से रविवार को 115 उड़ानें रदद हुईं। इसके बाद मुंबई और दिल्ली में क्रमशः 112 और 109 उड़ानें रद्द हुईं। चेन्नई में 38 उड़ानें रदद हुईं, जबकि अमृतसर में 11 उड़ानें रदद कर दी गईं। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हालिया परिचालन गड़बड़ियों के बाद एयरलाइन अपने पूरे नेटवर्क में और महत्वपूर्ण तथा लगातार सुधार कर रही है। इसका पहला कदम उठाया गया था। पहले की तुलना में कम उड़ानें रद्द हुई। ये उड़ानें पहले रद्द की गई हैं ताकि हम अपने ग्राहकों को समय पर सूचित कर सकें। उन्होंने दावा किया कि उनकी टीमें परिचालन को स्थिर करने के लिए लगातार काम कर रही हैं और शनिवार की 1,500 उड़ानों की तुलना में रविवार को 1,650 उड़ानें संचालित की जा रही हैं। इंडिगो ने कहा कि उसका ऑन-टाइम प्रदर्शन लगभग 75 प्रतिशत हो गया है, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए लगभग 30 प्रतिशत से अधिक है। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि सामान्य स्थिति बहाल करने और यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसकी रिफंड और सामान से संबंधित प्रक्रियाएं अब प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों बुकिंग के लिए पूरी तरह से चालू हैं, जिससे प्रभावित यात्रियों को आश्वासन दिया गया है कि लंबित दावों और सामान संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इंडिगो ने हालांकि सेवाओं के सामान्य होने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की है। एयरलाइन ने अब तक के घटनाक्रम पर असुविधा के लिए माफी मांगते हुए कहा है कि उसे ग्राहकों को हुई दिक्कतों पर खेद है और यह संकेत दिया कि उसका परिचालन 10 दिसंबर तक स्थिर हो जाएगा।

### इंडिगो को 1,650 उड़ानों के परिचालन का भरोसा




इंडिगो के परिचालन में पिछले कुछ दिनों से जारी संकट की बीच एयरलाइंस ने भरोसा जताया कि आधी रात तक वह 1,650 उड़ानों का परिचालन करेगी। एयरलाइंस ने कहा है कि अब वह 10 दिसंबर तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद कर रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को एयरलाइंस की 850 से कम उड़ानें रद्द रही थीं जबकि उसने लगभग 1,500 उड़ानों का परिचालन किया था। रविवार को भी उसने 1,650 उड़ानों के परिचालन का भरोसा जताया है। इस प्रकार, उसकी करीब 700 उड़ानें रदद रहेगी। इससे पहले, इंडिगो ने महज 700 उड़ानों का परिचालन किया था जबकि एक हजार से कहीं अधिक उड़ानें रदद रही थीं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे पर अब तक इंडिगो की 109 उड़ानें रदद रही हैं। इनमें 59 प्रस्थान और 50 आगमन उड़ानें रही हैं।

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की भी अपील की मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई देते हुये कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस राष्ट्र की रक्षा करता है और देशवासियों को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण है। मोदी ने सभी से सशस्त्र बलों की वीरता और सेवा के सम्मान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह किया।

## 'लखपति दीदी' क्रांतिः सरस मेले में पहुंची 25 राज्यों की 300 महिला उद्यमियों ने दिखाया आजीविका मिशन का प्रभाव

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली में आयोजित हुए सरस फूड फेस्टिवल 2025 में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सफलता तब स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब इस साल मेले में 25 राज्यों से लगभग 300 'लखपति दीदी' और स्वयं सहायता समूह उद्यमी भाग लेने पहुँचीं। इतनी बड़ी संख्या में इन महिला उद्यमियों का भाग लेना ग्रामीण भारत में आजीविका और सशक्तिकरण की एक बड़ी सफलता है। मेले के आकर्षण का केंद्र मोहाली, पंजाब की वंदना भारद्वाज रहीं। भारद्वाज अपनी आकर्षक और खास तरह की कढ़ाई 'फुलकारी' को लेकर आयीं थीं। उन्होंने साल 2018 में मात्र दस महिलाओं के एक छोटे स्वयं सहायता समूह से शुरुआत की थी। वह आज 25 गाँवों में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से मिली सिलाई मशीनें और 30,000 की कार्यशील पूंजी जैसी मदद ने उनके उद्यम को बदल दिया। उनके नेतृत्व में ये समूह अब स्वेटर, स्कूल यूनिफॉर्म और उच्च गुणवत्ता वाले फुलकारी कपड़े बनाते हैं। इनकी खरीद सरकारी विभाग राष्ट्रीय और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को उपहार देने के लिये होती है। ओडिशा के 'माँ' नाम के स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि इस समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आसान कर्ज और सरकारी अधिकारियों से नियमित मदद मिली। उन्होंने गर्व से बताया कि उन्होंने पिछले सरस मेले में पांच लाख के इकत सूती कपड़ों की बिक्री दर्ज की थी। इकत ओडिशा की खास छपाई का नाम है।

# योगी सरकार में सुदृढ़ हो रही पैथालॉजी जांच की सुविधा

एजेंसी ◀ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सबको इलाज, उत्कृष्ट इलाज के मंत्र का अनुसरण करते हुए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ ही आमजन के हित मे मुफ्त पैथालॉजी जांच की सुविधा का विस्तार भी कर रही है। इसी सिलसिले के तहत गोरखपुर में पैथालॉजी जांच के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल हुई है। गोरखपुर शहर में दस नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जहां लोग बड़ी पैथालॉजिकल जांच के लिए सैंपल देते हैं और शाम तक घर बैठे मोबाइल पर ब्लड जांच रिपोर्ट मिल जाती है। इस सुविधा से लोगों को दौड़भाग, जांच खर्च की बचत और गुणवत्तापूर्ण जांच की सुविधा एक साथ मिल रही है। गोरखपुर शहर की चरगांवा निवासी गरिमा अक्टूबर में बीमार पड़ गयीं। वह थॉयराइड की मरीज भी हैं। गरिमा ने शाहपुर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाया। वहां के चिकित्सक की सलाह पर उन्होंने पिपराइच सीएचसी की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को भी दिखाया। इस दौरान चिकित्सक ने उन्हें एलएफटी, केएफटी, थॉयराइड, सीबीसी आदि जांचों के लिए सलाह दी। साथ ही यह भी बताया कि इन जांचों के सैंपल शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी दिए जा सकते हैं। गरिमा ने शाहपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड सैंपल दिया और शाम तक मोबाइल पर रिपोर्ट भी आ गयी। वह कहती हैं कि उन्होंने सोचा भी नहीं था कि बिना जिला अस्पताल पहुंचे यह जांच घर के नजदीक निशुल्क हो सकती है। इसके लिए वह योगी सरकार को धन्यवाद देती हैं। जैसे.जैसे लोगों को इस नई व्यवस्था के बारे में जानकारी हो रही है इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सामने आ रहे हैं। सितंबर में यह व्यवस्था शुरू हुई तो केवल 71 लोगों के ब्लड सैंपल की जांच हुई। अक्टूबर में 501 लोगों ने इस सुविधा का लाभ लिया और नवंबर में यह संख्या 544 हो गई है। गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश झा का कहना है कि यह चिकित्सा सेवा के प्रति सरकार के संकल्पबद्ध प्रयासों का सुफल है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था जिला अस्पताल में खुले इंटीग्रेटेड लैब के कारण संभव हो सकी है। शहर के दस स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल इकट्ठा करवा कर उसी दिन जिला अस्पताल पहुंचा दिया जाता है। केंद्र पर जिसका ब्लड कलेक्ट किया जाता है उसका मोबाइल नंबर भी फीड हो जाता है। शाम तक ब्लड की रिपोर्ट लाभार्थी के मोबाइल पर चली जाती है। सिर्फ एक लिंक पर क्लिक करके लाभार्थी पूरी रिपोर्ट डाउनलोड कर सकता है। ड. झा बताते हैं कि इलाज के दौरान ब्लड जांच एक बड़ा खर्च होता है। सरकार का निर्देश है कि आम आदमी की जेब पर पड़ने वाले इस खर्च के बोझ को रोका जाए। शुरुआत में सिर्फ दस शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा शुरू की गई।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में आईएएस विनय चौबे की मुश्किलें बढ़ीं, पत्नी से एसीबी की दूसरी पूछताछ

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड की राजधानी रांची के कांके रोड स्थित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता के आवास पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम पूछताछ करने पहुंची। एसीबी के डीआईजी, एसपी और अन्य अधिकारी इस पूछताछ में मौजूद थे। यह दूसरी बार है जब जांच टीम स्वप्ना संचिता के घर पहुंचकर पूछताछ कर रही है। इससे पहले 3 दिसंबर को भी वित्तीय लेनदेन और विभिन्न संपत्तियों से जुड़े सवाल उनसे पूछे गए थे। ज्ञातव्य है कि 24 नवंबर को एसीबी ने आईएएस विनय चौबे के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें कुल सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस सूची में उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता, करीबी मित्र विनय सिंह, साले शिपिज त्रिवेदी, शिपिज की पत्नी प्रियंका त्रिवेदी और चौबे के ससुर एसएन त्रिवेदी शामिल हैं। प्राथमिकी में करोड़ों की गड़बड़ी, फर्जी वित्तीय लेनदेन और परिजनों व कर्मचारियों के माध्यम से हेराफेरी कर संपत्ति जुटाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एसीबी की प्रारंभिक जांच के अनुसार, विनय चौबे ने भ्रष्टाचार के जरिए भारी मात्रा में अवैध संपत्ति अर्जित की और उसे विभिन्न रिश्तेदारों व परिचितों के नाम पर निवेश किया। वर्तमान में विनय चौबे और उनके करीबी मित्र विनय सिंह पहले से ही शराब और भूमि घोटाले से जुड़े मामलों में जेल में बंद हैं।

# नौ दिसंबर से लगेगा काशी सांसद रोजगार महाकुंभ

एजेंसी ◀ वाराणसी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ-2025' में देश-विदेश की नामचीन कंपनियों में नौकरी पाने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मेले में विदेशी नौकरियों के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक 20,597 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करा लिया है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी भी शामिल हैं। 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ-2025' का आयोजन 9 और 10 दिसंबर को राजकीय आईटीआई, करौंदी में होगा। इसमें 250 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी और हजारों पदों पर भर्ती करेंगी। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि अब तक पोर्टल पर 20,597 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 14,416 पुरुष, 6,179 महिलाएं और 2 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इस रोजगार मेले में देश के अंदर 28,383 तथा विदेश में 5,125 नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विदेशी नौकरियों में दुबई, शारजाह और ओमान जैसे देश शामिल हैं। सहायक निदेशक, सेवायोजन मुकेश कुमार ने बताया कि मेले में 250 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। अभ्यर्थी निःशुल्क 'रोजगार संगम' पोर्टल पर या मौके पर ही पंजीकरण करा सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन करके भी आसानी से पंजीकरण किया जा सकता है। मेले में आईटी, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, पर्यटन, आतिथ्य और सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। प्रमुख कंपनियों में एलएंडटी, इफको, एक्सिस बैंक, वर्धमान टेक्सटाइल्स, स्विगी, ब्लिंकिट, क्वेस कॉर्प, एमआरएफ, एसआईएस इंडिया, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स, एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, होटल ताज, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टीवीएस, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, ओरबेल इलेक्ट्रॉनिक्स, डिक्सन इंटरनेशनल, यूपी राज्य परिवहन निगम (संविदा चालक भर्ती) आदि शामिल हैं।

# बीड नगरपालिका चुनाव के नतीजों में हो रही देरी के बाद तनावपूर्ण स्थिति

एजेंसी ◀ बीड
www.dailypioneer.com

बीड नगरपालिका चुनाव के नतीजों में हो रही देरी के बाद यहां तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। इसके चलते राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) के कार्यकर्ता मतपेटियों वाले स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर रात भर निगरानी कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें भाजपा के इरादों पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। मेयर और 51 पार्षदों के लिए 2 दिसंबर को मतदान हुआ था। नतीजे मूल रूप से 3 दिसंबर को आने थे, लेकिन अब इन्हें 21 दिसंबर तक टाल दिया गया है, जबकि एक अतिरिक्त सीट पर 20 दिसंबर को फिर से मतदान होगा। मतपेटियां बाजार समिति के गोदाम में सुरक्षित रखी गई हैं, जहां तीन पाली में 50 पुलिसकर्मी तैनात हैं। आधिकारिक सुरक्षा के बावजूद एनसीपी-एसपी ने अपना खुद का निगरानी अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार रात को उम्मीदवार भारत कांबले और सचिन चव्हाण सहित कई कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर रात गुजारी और परिसर की जांच-पड़ताल की। कांबले ने खुलकर कहा कि उनके गुट को भाजपा पर जरा भी भरोसा नहीं है। यह अविश्वास पहले से चली आ रही तनातनी का नतीजा है। नगर पंचायत नतीजों की घोषणा के बाद पूर्व मेयर दीपक देशमुख ने स्ट्रॉन्ग रूम के पास धरना देकर वहीं रहने की अनुमति मांगी थी। पुलिस ने भारी बल तैनात कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया और देशमुख सहित 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। चुनाव के दौरान पारली में मुंडे और देशमुख गुटों के समर्थकों के बीच कई जगह झड़पें भी हुईं। साथ ही कई मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे या तो तोड़ दिए गए या कपड़े से ढक दिए गए, जिससे रिकॉर्डिंग नहीं हो सकी। पारली नगरपालिका चुनाव की घटनाएं पूरे महाराष्ट्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। मतदान से पहले पूर्व मेयर दीपक देशमुख का शरद पवार गुट में शामिल होना पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे के लिए राजनीतिक झटका माना गया था। मतदान खत्म होने और नतीजों में देरी के बीच शरद पवार गुट के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि उन्हें न सिर्फ भाजपा, बल्कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर भी भरोसा नहीं है।

## ड्यूटी से अनुपस्थित पशु चिकित्सक निलंबित

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अवर सचिव ने ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित पाए जाने पर मुरैना के एक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन के निर्देश पर उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ. बी.के. शर्मा द्वारा 17 जुलाई और 30 अक्टूबर 2025 को पशु चिकित्सालय बिचौला, विकासखण्ड मुरैना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. नवीन शिवहरे अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित थे। निरीक्षण प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि संस्था के प्रभारी डॉ. शिवहरे सहित समस्त कर्मचारी 'सार्थक' ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद कार्यस्थल पर मौजूद नहीं थे। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए अवर सचिव सुनील मड़ावी द्वारा डॉ. नवीन शिवहरे को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। निलंबन अवधि में डॉ. शिवहरे का मुख्यालय कार्यालय–उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला मुरैना निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार 50 प्रतिशत जीवन-निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## रांची में पंजाबी हिंदू बिरादरी लोहड़ी पर्व को बड़े ही धूमधाम और वृहद पैमाने पर मनाएगी

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड की राजधानी रांची में पंजाबी हिंदू बिरादरी इस बार भी लोहड़ी पर्व को बड़े ही धूमधाम और वृहद पैमाने पर मनाएगी, इसके लिए चेयरमैन राकेश गिरधर को मनोनीत किया गया है। यह सर्वसम्मत निर्णय पंजाबी भवन में संपन्न बिरादरी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने बताया कि लाखों रुपए खर्च कर पूरे भवन को नया रुप देकर सुसज्जित किया जा रहा है। महासचिव राजेश मेहरा ने जानकारी दी कि लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में न केवल शिक्षा के स्तर को और भी ज़्यादा ऊंचा करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, बल्कि पुंदाग स्थित स्कूल में हर कक्षा में ऑडियो सहित सीसीटीवी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कंप्यूटर लैब की स्थापना करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है.साथ ही,यहां रोबोटिक्स एवं एआई. की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा को शॉल पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक में 17 नए सदस्यों ने बिरादरी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व अध्यक्ष राजेश खन्ना, मुकुल तनेजा, रणदीप आनंद, अरुण चावला, रवि पराशर, मदन सेन कुजारा,अमित कुमार, शिव स्याल काका, अनुप वाधवा, राकेश शर्मा, हरगोविंद गिरधर आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन देवेश अजमानी ने किया।

## लाखों के जेवरात चोरी करने वाले दो अंतर जिला चोर गिरफ्तार

**रायसेन।** मध्यप्रदेश में रायसेन जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में 22 अप्रैल को हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अंतरजिला



कुख्यात चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सुल्तानगंज पुलिस तथा एसडीओपी अनिल मौर्य के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में लाखों के सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद हुए हैं। शिकायतकर्ता शिक्षक योगेन्द्र सिंह राजपूत के घर उस समय चोरी हुई थी, जब वे प्रशिक्षण पर बाहर थे और उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि ताले टूटे हैं और पेटी में रखे कीमती जेवरात गायब हैं। पुलिस को 6 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर विदिशा जिले के निवासी पैतान पारदी और दीपेन्द्र को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर चार सोने की चूड़ियां, एक सोने का हार, एक अंगूठी सहित अन्य कीमती जेवरात बरामद किए गए, जिनकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है।

## दवाओं से भरा ट्रक नहर में गिरा चालक–क्लीनर गंभीर घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में दवाओं से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर केनाल नहर में जा गिरा, जिसमें ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर




रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल मुरैना में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रक गाजियाबाद से दवाएं लेकर कोच्चि जा रहा था। चालक देवपुरी, जो ग्राम वीरमपुर का निवासी है, जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र के नहर मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान शाला गांव के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर केनाल नहर में जा गिरा। हादसे में चालक देवपुरी और क्लीनर रणवीर धाकड़ गंभीर रूप से घायल हुए। ग्रामीणों ने दोनों को नहर से निकाला और पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, वहीं ट्रक में भरी दवाइयों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की टीम जानकारी एकत्रित कर रही है।

## तेलंगाना भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर घोटाले, अधूरे वादे का लगाया आरोप

**हैदराबाद।** तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर घोटालों, अधूरे वादों और जनविरोधी शासन को लेकर तीखा हमला किया है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने इंदिरा पार्क में विरोध- प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस प्रशासन की विफलताओं पर एक विस्तृत आरोप पत्र भी जारी किया। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेडडी ने सभा को संबोधित करते हुए पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार और मौजूदा कांग्रेस सरकार दोनों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीआरएस ने अपने दस साल के शासन के दौरान तेलंगाना को कर्ज संकट में धकेल दिया था। उन्होंने पार्टी पर परिवारवाद थोपने और भ्रष्टाचार, अनियमितताओं तथा तानाशाही को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना आंदोलन के दौरान किये गये बलिदानों के बावजूद राज्य अंततः 'केसीआर परिवार के हाथों में बंधक' बन गया, जिससे बीआरएस शासन से लोगों में व्यापक निराशा हुई।

## जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष एक की मौत, आठ घायल

एजेंसी ◀ रायसेन
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में रायसेन जिले के बेगमगंज थाने के अंतर्गत खिरेटी गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुए विवाद में लाठियों, डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें 50 वर्षीय थानसिंह कुशवाहा की मौत हो गई तथा दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद घायलों को बेगमगंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया कि इसी परिवार में करीब एक वर्ष पूर्व भी भूमि विवाद को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पक्षों के बयान दर्ज किए। एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुराना जमीनी विवाद ही संघर्ष का कारण है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। घायलों में बृन्दावन कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, धारासिंह कुशवाहा, अंजली कुशवाहा, राजभाई कुशवाहा, शिवराज कुशवाहा, शिलाबाई और नरेंद्र कुशवाहा शामिल हैं।

## एआई और मशीन लर्निंग से बिजली वितरण क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलाव : मनोहर लाल

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित तकनीकें भारत के बिजली वितरण क्षेत्र को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने यहां भारत मंडपम में आयोजित बिजली वितरण क्षेत्र में एआई/एमएल तकनीकों के उपयोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुये यह बात कही। लाल ने कहा कि एआई/एमएल से संचालित समाधान बुद्धिमान, उपभोक्ता-केंद्रित और स्व-अनुकूलित वितरण नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर एनालिटिक्स, डिजिटल ट्विन, पूर्वानुमानित रखरखाव, चोरी का पता लगाने वाली इंटेलिजेंस, उपकरण-स्तरीय उपभोक्ता विश्लेषण, स्वचालित आउटेज पूर्वानुमान और जेनएआई आधारित निर्णय सहायता जैसे समाधान बिजली कंपनियों के संचालन और उपभोक्ताओं के बिजली उपयोग अनुभव को पूरी तरह बदल सकते हैं। लाल ने कहा कि नई तकनीकें न केवल बिजली कटौती की संभावना को कम करती हैं, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं को चोरी के बोझ से बचाने, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के घाटे को घटाने और बिजली खरीद लागत को प्रभावी बनाने में भी मददगार साबित होंगी। उन्होंने कहा कि एआई आधारित तकनीकें परिवारों को अपनी खपत को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने का अधिकार देती हैं और डिस्कॉम को मजबूत बुनियादी ढांचा विकसित करने में सहायता करती हैं। सम्मेलन में उद्योग जगत, नवप्रवर्तकों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लाल ने कहा कि सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि बिजली वितरण तंत्र को स्मार्ट और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

# पीलीभीत में प्रेमी ने बांके से की विधवा की हत्या


एजेंसी ◀ पीलीभीत
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के माधोटांडा क्षेत्र में एक विधवा की हत्या उसके प्रेमी ने कर दी। पुलिस के अनुसार प्रेमी युवक ने 44 वर्षीय महिला की धारदार हथियार (बांका) मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की हैं। घटना की सूचना पाकर सीओ पुरनपुर प्रतीक दहिया और माधोटांडा थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। घटना माधोटांडा थाना क्षेत्र के पुरैना गांव की है। मृतक महिला की पहचान मंजीत कौर (44) के रूप में हुई है। पति सुवेग सिंह की मृत्यु के बाद वह घर में अकेली रहती थीं। उनके तीन पुत्र और एक विवाहित पुत्री है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मीडिया को बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हत्याआरोपी मुकेश घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस टीमों को मुकेश की खोज में लगाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माधोटांडा थाना पुलिस ने ग्रामीणों के हवाले से बताया,मृतका मंजीत के दो बड़े पुत्र काम के सिलसिले में कानपुर में रहते हैं, जबकि सबसे छोटा पुत्र पंजाब में अपनी बहन के ससुराल में रह रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पति की मौत के लगभग तीन साल बाद मंजीत कौर का संपर्क नलडेंगा निवासी मुकेश नामक युवक से हुआ था। पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में यह प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला लग रहा है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार रविवार सुबह आठ बजे हत्यारोपी मुकेश मृतका मंजीत के घर पहुंचा। वहां उसने बांके जैसे धारदार हथियार से मंजीत कौर के सिर पर जोर से प्रहार किया।

# निजीकरण के विरोध में जनवरी से शुरू होगा बिजली कर्मियों का व्यापक आंदोलन

पायनियर संवाददाता ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने जनवरी से प्रदेशव्यापी व्यापक आंदोलन का ऐलान किया है। संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण केवल उपभोक्ताओं की समस्याएँ बढ़ाएगा और बिजली कर्मियों के हितों का हनन करेगा। साथ ही, आंदोलन के चलते की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। समिति की महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के संयोजक, सह-संयोजक तथा विभिन्न श्रम संघों एवं सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में आंदोलन को गति देने और आगामी रणनीति पर सहमति बनी। समिति ने निर्णय लिया है कि आंदोलन के 400 दिन पूरे होने पर एक जनवरी को पूरे प्रदेश में बिजली कर्मी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे, साथ ही कार्यालय समय के उपरांत समूहों में प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 01 से 08 जनवरी तक ड्यूटी के दौरान काली पटिटयाँ बाँधकर शांतिपूर्ण विरोध जारी रहेगा। 08 जनवरी को प्रदेश के सभी डिस्कॉम मुख्यालयों एवं परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए जायेंगे। यही नहीं, 08 जनवरी से 22 जनवरी तक बिजली कर्मी कार्यालय समय के उपरांत बिजली आपूर्ति के अलावा कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे–यानी मीटरिंग, बिलिंग और वसूली जैसे कार्य ठप रहेंगे। आंदोलन के अगले चरण का ऐलान 22 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाली विशाल रैली के दौरान किया जाएगा, जिसमें बिजली कर्मचारी, संविदाकर्मी और अभियंता भारी संख्या में शामिल होंगे। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने स्पष्ट कहा कि आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मी किसानों और उपभोक्ताओं की आवश्यक आपूर्ति को प्राथमिकता पर जारी रखेंगे और सरकार की बिजली बिल राहत योजना में सहयोग करेंगे।

## पटना में अलग–अलग आपराधिक मामले में 94 अपराधी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार के पटना जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग आपराधिक मामले में 94 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए पटना जिले से अपराधकर्मी, अभियुक्त, शराब तस्कर, होम डिलेबर, शराब पीने वाले की गिरफ्तारी की गयी है। सूत्रों ने बताया कि लूट के कांड में एक, एससी/एसटी कांड में एक,बलात्कार कांड में एक, हत्या के प्रयास कांड में 11, अन्य विशेष प्रतिवेदित कांडों में 11, अन्य अविशेष प्रतिवेदित कांडों में 41, शराब तस्कर-होम डिलीवरी मामले में नौ तथा शराब पीने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलो में 78.48 लीटर देशी शराब, 491 लीटर विदेशी शराब, एक आग्नेयास्त्र, दो कारतूस, 228 ग्राम गांजा, छह वाहन, दो मोबाइल फोन समेत अन्य सामान जप्त किया गया है।

# राजस्थान सरकार ने दो वर्ष में संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे किये पूरे : भजनलाल

एजेंसी ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं से बने संकल्प पत्र का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है और दो वर्ष के कार्यकाल में करीब 70 प्रतिशत संकल्प पत्र के वादों को पूरा कर लिया गया है। शर्मा कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा में भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के युग में सोशल मीडिया जनता के बीच पहुंचने का सशक्त और सुगम माध्यम है। सोशल मीडिया जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सोशल मीडिया वॉरियर्स के समर्पण और कर्मठता के कारण पार्टी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त करने में सहयोग मिला। भाजपा सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को बिना भेदभाव के 28 करोड़ रुपए दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में पेपर लीक हुए जिससे युवाओं के सपनों के साथ कुठाराघात हुआ जबकि भाजपा की सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हम युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं। राज्य सरकार दो वर्षों में युवाओं को 92 हजार सरकारी नियुक्तियां दे चुकी है। इस माह लगभग 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के समय प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया, जिसके अनुरूप योजनाओं और नीतियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। लंबित रामजल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते को गति प्रदान की।

# कोण्डागांव की बेटियां हॉकी स्टीक से साध रही लक्ष्य

## संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में मर्दापाल क्षेत्र की बेटियां हॉकी में दिखाएंगी अपना जौहर

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कभी माओवाद हिंसा के कारण भय और असुरक्षा के लिए पहचाने जाने वाला कोंडागांव जिला का मर्दापाल क्षेत्र खेल के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। यहां की बेटियां हॉकी के मैदान पर अपनी मेहनत और हौसलों के दम पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। मर्दापाल क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों से आने वाली छात्राएं अब बस्तर ओलम्पिक जैसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मर्दापाल में अध्ययनरत और प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाली संगीता कश्यप पिछले तीन वर्षों से हॉकी खेल रही हैं। वनांचल ग्राम कुदुर की रहने वाली संगीता बताती हैं कि हॉकी ने उन्हें हिम्मत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाया है। पढ़ाई के साथ खेल को संतुलित करते हुए वे एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का सपना देखती हैं। इसी विद्यालय में कक्षा सातवीं की छात्रा रमली कश्यप भी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में रहकर अपनी शिक्षा और खेल दोनों संवार रही हैं। ग्राम कुधुर से ताल्लुक रखने वाली रमली जब पांचवीं कक्षा में थीं, तभी उन्होंने हॉकी खेलना शुरू किया। वह हंसते हुए बताती हैं एक दिन मैं होस्टल के बगल वाले मैदान में गई, जहां हमारी सीनियर दीदी हॉकी खेल रही थीं। उन्हें देखकर मैंने भी हॉकी उठाई और फिर यह खेल मेरी पसंद बन गया। कांति बघेल, कक्षा 8वीं, प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास की ही एक अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वे ग्राम बड़े कुरुशनार की रहने वाली हैं। खेल के प्रति उनका समर्पण उन्हें प्रतिदिन अभ्यास के लिए प्रेरित करता है। कक्षा सातवीं की दीपा कश्यप भी ग्राम कुधुर से आने वाली एक और उभरती हुई खिलाड़ी हैं। दीपा अपने खेल प्रदर्शन से टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी तरह ग्राम दिगानार की सुनीता नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मर्दापाल में अध्ययनरत हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहले भी खेल चुकी हैं। सुनीता का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करें। कक्षा 12 वीं की छात्रा सुलंती कोर्राम बोरगांव की निवासी हैं। हॉकी की दुनिया में उनका अनुभव टीम के लिए बेहद उपयोगी है। सुलंती चार बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी हैं और झारखंड में आयोजित नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनका कहना है खेल ने मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया है। मैं चाहती हूं कि हमारे गांव की और भी लड़कियां खेल के माध्यम से खुद को आगे लाएं। इसी कक्षा में अध्ययनरत ग्राम कबेंगा की प्रिया नेताम भी कई बार स्टेट स्तर पर खेल चुकी हैं। उनका सपना है कि वे भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनें। कक्षा नौवीं की राजन्ती कश्यप, जो शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मर्दापाल में पढ़ती हैं, और कक्षा 10 वीं की खेमेश्वरी सोढ़ी ग्राम खोडसानार की उभरती खिलाड़ी हैं। दोनों छात्राएं निरंतर अभ्यास करते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयासरत हैं।

**इस बार हमारा लक्ष्य पहला स्थान** – आने वाले दिनों में यह टीम फिर से संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में हिस्सा लेने जा रही है। टीम के सभी सदस्य पूरे जोश और मेहनत के साथ तैयारी में जुटे हुए हैं। टीम की सभी खिलाड़ी एक सुर में कहती हैं इस बार हम प्रथम स्थान के साथ जिले का नाम रोशन करेंगे। बच्चों की इस तैयारी को देखकर माता-पिता बेहद उत्साहित हैं।

### बस्तर ओलम्पिक सुदूर अंचल की प्रतिभा के लिए सुनहरा मंच

बस्तर संभाग में आयोजित होने वाला बस्तर ओलम्पिक सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उन प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर है जिन्हें पहले मैदान तो दूर, खेल की कल्पना तक मुश्किल थी। माओवाद को ख़त्म कर अंतिम व्यक्ति तक शासन की नीतियों को पहुंचाने और जनहितकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने की पहल ने आज आदिवासी अंचलों में छिपे प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया है। हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबडडी, तीरंदाजी जैसे अनेक खेलों में बच्चे बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। बीते वर्ष मर्दापाल की यह हॉकी टीम जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर चुकी है। इस सफलता ने न केवल बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी गौरवान्वित किया है।

# बस्तर में मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

## शहीदों को नमन करने सहित पूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के पुण्य स्मरण और उनके परिवारों के कल्याण के लिए बस्तर जिले में रविवार 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पूरे सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर और जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के प्रभारी अधिकारी कर्नल एके कर, सर्जन कमाण्डर जॉनसन एवं दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह पठानिया को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा ध्वज प्रतीक (फ्लैग प्रतीक) लगाकर किया गया। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में द्वितीय विश्व युद्ध की नान पेंशनर महेश्वरी वानखड़े एवं वानो बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें विशेष निधि से 10 हजार रुपए का धनादेश भी सौंपा गया। पूरे बस्तर संभाग से पूर्व सैनिक एवं पूर्व सैनिकों के परिजनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कलेक्टर हरिस एस ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा यह कोष हमें अपने बहादुर शहीदों के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित करने का अवसर देता है। राष्ट्र के इन सच्चे नायकों के प्रति आभार व्यक्त करने का यह हमारा कर्तव्य है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र सेनाओं के कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए धन एकत्र करना है, विशेषकर उन लोगों के लिए जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। यह दिन हमें सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी वीरता को याद करने की प्रेरणा देता है।हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और राष्ट्र के इन सच्चे सेवकों के परिवारों के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री आवास कार्य में तीव्रता लाने ग्राम पंचायतों में कलस्टर बैठक संपन्न

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों को गति देने व अपूर्ण आवासों को अतिशीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंडागांव द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर कलस्टर बैठक का आयोजन किया गया। विकासखण्ड में कुल 18 कलस्टर का चिन्हांकन किया गया है, जिसके सफल संपादन हेतु ब्लॉक स्तर पर नोडल व सहायक नोडल अधिकारी तथा 18 कलस्टर प्रभारी नोडल नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को सभी कलस्टर प्रभारी अपने कलस्टर पर जाकर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक व आवास मित्रो की बैठक लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से वर्ष 2016-23 एवं 2024-25 के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने तथा 2025-26 में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य शुरू करने और वर्ष 2016-23 अपूर्ण आवास जिसे पूरा किया जाना संभव नहीं उसे ग्राम सभा से निरस्त किए जाने हेतु पंचायत-वार समीक्षा हुई साथ ही पंजीयन हेतु शेष पात्र हितग्राहियों का दस्तावेज जमा करने व अपात्र का ग्राम सभा प्रस्ताव जमा करने की समीक्षा, वर्ष 2024-25 व 2025-26 में प्रथम किश्त अप्राप्त सभी हितग्राहियों का खाता एनपीसीआई कराने व आधार अपडेट कराकर दस्तावेज जमा करने की समीक्षा।

# संभाग आयुक्त सहित सर्व समाज ने किया बाबा साहेब को नमन कई ग्रामों में भी हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर पारिवारिक कार्यक्रम मे पहुंचे संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने नया बसस्टेण्ड बीजापुर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर सपरिवार पहुंचकर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर उन्हे नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।वहीं जिला मुख्यालय मे सर्व समाज के लोगों ने भी प्रतिमा स्थल पर जाकर उन्हें नमन किया।इस मौके पर उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने वंचित कमजोर शोषित वर्गों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सामाजिक समानता को मजबूत करने का काम किया है। अंबेडकर जी ने महिला शिक्षा वा उनके उत्थान हेतु अनेक कार्य किये संविधान निर्माण कर उनको बराबरी का हक दिलाया।संविधान निर्माण मे उनकी भूमिका लोकतंत्र की नीव है।उनका संदेश शिक्षित बनो,संगठित रहो ,संघर्ष करो आज भी समाज को दिशा देने वाला है।कार्यक्रम मे अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैकरा, उपाध्यक्ष पाकलू तेलम, परधान समाज के सुनील मर्सकोले, तेलंगा समाज से मंगल रोटेल, विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष सिरोज, महार समाज के अध्यक्ष अजय दुर्गम, आर डी झाड़ी, सतीश झाड़ी बसंत मामड़ीकर, कमलेश झाड़ी, कैलाश रामटेके, निषाद समाज के श्याम करकू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# खदान मजदूर संघ किरंदुल द्वारा एरियर्स की राशि एवं मकान आबंटन के लिए परियोजना वरिष्ठता को आधार बनाये जाने बाबत अधिशासी निदेशक को दिया गया पत्र

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल द्वारा सन 2022 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एरियर्स की राशि प्रदाय करने एवं मकान आबंटन हेतु परियोजना वरिष्ठता को आधार बनाये जाने बाबत पत्र एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल कॉम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक को दिया गया है, जिसकी प्रतिलिपि आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, मुख्यालय हैदराबाद को प्रेषित की गई है। खदान मजदूर संघ के सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी द्वारा यह मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें यह भी उल्लेखित है कि एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या लंबित पुनरीक्षित वेतनमान की अनुमानित एरियर्स राशि की लगभग 75 फीसदी का भुगतान किया गया है, किन्तु एनएमडीसी के वे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2022 के बाद हुई है (जिनमें एल-01, एल-02, एल-04 वर्ग के कर्मचारी सम्मिलित हैं), उन्हें अभी तक एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अतः उन्हें लंबित एरियर्स की राशि तथा समस्त कर्मचारियों को एरियर्स की शेष राशि का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये। खदान मजदूर संघ द्वारा यह भी मांग की गई है कि टाईप थ्री मकानों का आबंटन परियोजना वरिष्ठता के आधार पर किया जाये।


खदान मजदूर संघ, भिलाई
KHADAN MAZDOOR SANGH, BHILAI
शाखा- किरन्दुल (बैलाडीला), जिला- दन्तेवाड़ा (छ.ग.) - 494556
(सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) पंजीयन क्रमांक 6410

प्रति,
अधिशासी निदेशक
बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स
किरन्दुल जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

विषय: सन् 2022 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एरियर्स की राशि प्रदाय करने एवं मकान आबंटन हेतु परियोजना वरिष्ठता को आधार बनाये जाने के संबंध में।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा बंधा गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागांव के द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है इसी कड़ी में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में पूर्व सैनिकों एवं निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक-युवतियों के द्वारा बंधा गार्डन में अंदर और बाहर झाड़ू मारकर साफ-सफाई किया गया और जंगली घासों को काटा गया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को बताया कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने युवक एवं युवतियों को बताया कि स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत।

# जनपद अध्यक्ष सुकालू ने पोटाली स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**किरन्दुल।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने पोटाली स्थित स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उनके इस आकस्मिक दौरे का मुख्य उददेश्य अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानना और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा निरीक्षण के दौरान मुड़ामी ने सबसे पहले अस्पताल परिसर और वार्डों का दौरा किया। उन्होंने वहां उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों से अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, जांच उपकरणों की स्थिति और प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# संकुल केंद्र टिकनपाल में साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

उल्लास साक्षरता राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत कुआकोंडा तहसील के संकुल केंद्र टिकनपाल के प्रत्येक स्कूल में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा रविवार आयोजित कराया गया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत साक्षर करने जिले की साक्षरता दर बढ़ाने एवं जो पहले किन्हीं कारणों से पढ़ लिख नहीं पाए उनके लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम इसी दिशा में राष्ट्रव्यापी पहल हैं। हम सब का उद्देश्य है कि हमारे दंतेवाड़ा जिले में गुणवत्तापुर बेहतर शैक्षणिक वातावरण बने प्रत्येक व्यक्ति पढ़े लिखे और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए नवीन कीर्तिमान का राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहें। इस महापरीक्षा का अवलोकन करने आये जिला स्त्रोत समन्वयक हरीश गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भदोरिया सहायक सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राठौर संकुल समन्वयक अजय कुमार साहू, रुखमणि नेताम एवं परीक्षार्थी मौजूद रहें।

# जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत निटकॉन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ग्राम गिरोला में, तहसील व जिला कोण्डागांव में संपन्न हुई, जिसमें कुल प्रतिदिन 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, युवा व्यवसायी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहीं। इस कार्यशाला का मुख्य उददेश्य उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, तकनीकी प्रक्रियाओं, वित्तीय सुविधाओं, विपणन रणनीतियों एवं आधुनिक उद्योग विकास के स्वरूप से परिचित कराना था।

## जहां न गया किसी का ध्यान, उसको संवारने के लिए झोंक दी जान

# नेक इरादे, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सामुहिक प्रयासों से जगमग हुआ मुक्तिधाम

पायनियर संवाददाता < फरसगांव
www.dailypioneer.com





इन दिनों नगर पंचायत फरसगांव का मुक्तिधाम चर्चा का विषय है जहां पहले मुक्तिधाम की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता था वहीं आज नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष, सीएमओ सहित पूरा अमला मुक्तिधाम स्थल को संवारने में जुटा है नगर पंचायत टीम ने विगत कई महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का सुधार करा कर मुक्तिधाम को रोशन किया है।

### मुक्तिधाम जल्द बनेगा आदर्श मुक्तिधाम : प्रशांत पात्र

नगर पंचायत फरसगांव में एक मात्र मुक्तिधाम है प्रारंभ से ही इसकी सफाई और सुविधाओं को कम प्राथमिकता दी गई है जिसके कारण यहां अंत्येष्टि हेतु आने वाले नागरिकों को कोई सुविधा नहीं मिली है यह दृश्य अत्यंत पीड़ा देता है जबकि संविधान के अनुच्छेद 21 अंतर्गत सम्मानजनक मृत्यु संस्कार मौलिक अधिकार में शामिल है हमने तय किया है कि मुक्तिधाम किसी वार्ड का नहीं पूरे नगर का है इसको संवारने में, स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिए काम करेंगे और इस दिशा में सीएमओ सहित पूरी टीम गंभीरता से कार्य कर रही है अब वो दिन दूर नहीं जब हमारा मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण का केंद्र बनेगा, स्थानीय नागरिक औपचारिकता से नही स्वाभिमान से मृत्यु संस्कार कर सकेंगे।

### मुक्तिधाम को सुविधापूर्ण बनाने में नगर पंचायत टीम का कार्य सराहनीय : प्रवीर सिंह बदेशा

नगर पंचायत फरसगांव की पूरी टीम इन दिनों मुक्तिधाम को सुविधापूर्ण बनाने में लगी है मुक्तिधाम ही नहीं नगर के ऐसे स्थल जो कभी स्वच्छता से वंचित थे वहां आज नियमित सफाई से नगर का सौंदर्य बढ़ा है वास्तव में मुक्तिधाम में पानी, प्रकाश व्यवस्था, अपशिष्टों का सुविधाजनक निपटान की सुविधा होनी चाहिए इस दिशा में अब नगर पंचायत टीम ने कार्य किया है विगत कई महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का सुधार कराया है मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं।

**क्या कहते है सीएमओ** – मयंक बसंतवानी सीएमओ फरसगांव ने बताया कि नगर पंचायत फरसगांव के सभी जनप्रतिनिधियों तथा हमारे सभी स्वच्छता कर्मियों के सहयोग से मुक्तिधाम स्थल की सफाई कराई गई है अन्य सार्वजनिक स्थलों की भांति अब मुक्तिधाम में भी नियमित सफाई होगी।

# विधायक लता उसेंडी ने चौड़ग में 7 करोड़ 18 लाख के सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने ग्राम चौड़ग में 07 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत के चौड़ग से ग्राम चलका तक कुल 06 किलो मीटर लंबाई के सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक उसेंडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में पक्की सड़क मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और विकास कार्यों में गति आएगी। विधायक लता उसेंडी द्वारा कार्यक्रम में दिव्यागजनों को 01 व्हील चेयर, 01 बैसाखी और 03 श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव, प्रौद्योगिकी विभाग, श्रम विभाग, सी ए टी भारत गैस एजेंसी कोण्डागांव, जिला स्वास्थ्य समिति कोण्डागांव और वन विभाग द्वारा शिविर लगाई गई। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जितेन्द्र सुराना, जनपद सदस्य मानबती कोर्राम, संतोष पात्रे, अश्वनी पाण्डे, आसमन नेताम, रिषभ देवांगन, प्रदीप नाग, विकास दुआ, नागेश देवांगन, शीतल पटेल, जैनेन्द्र ठाकुर, पार्षद सोनामणि पोयाम, संतोष सिंह, लक्ष्मी ध्रुव, सुष्मा खोब्रागड़े, डोके राम नेताम, मंगलू राम नेताम, चुन्नीबाई शोरी, रूपती कोर्राम, मंगनी बाई, नेताम, दयाबती मरावी, रामलाल सलाम, आसमन नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I hitherto known as Ved Prakash, alias Ved Prakash Bhimnani, S/o Hasmat Rai, R/o House Number 130, Ward Number 36, Jhulelal Ward Choukhdiyapara, Rajnandgaon, Rajinandgaon, Chhattisgarh - 491441 have changed my name and shall hereafter be known as Ved Prakash Bhimnani.
PD(36182)C

# प्रभार दिये बिना निगम आयुक्त अवकाश पर, कार्यों में लगा ब्रेक

## चुनाव पदाधिकारी से जागरूक नागरिकों ने की कड़ी कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार देश के 12 राज्यों में एसआईआर फार्म का कार्य तेजी के साथ जारी है। धमतरी में भी यह कार्य बीएलओ के द्वारा करवाया जा रहा है। नगर निगम के कुछ क्षेत्रों में कुछ प्रतिशत मतदाताओं का एसआईआर फार्म नहीं भरे जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है जिसका मूल कारण निगम आयुक्त का बिना किसी को प्रभार दिये अवकाश पर चले जाना है। उनके अवकाश पर चले जाने से न सिर्फ एसआईआर फार्म भरने की गति धीमि हुई है बल्कि शहर के विकास कार्य मानो थम से गये हैं। शहर के नागरिकों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्य के लिये जब आयुक्त अवकाश पर होने की जानकारी प्राप्त हुई तो उनमें काफी नाराजगी देखी गई है। इनका कहना था कि उनकी अनुपस्थिति में यह कार्य भी प्रभावित हो रहा है। निगम आयुक्त के अवकाश पर चले जाने से शहर में विकास की गति पर पूर्णविराम लग गया है। ऐसी चर्चा थी कि एसडीएम पीयूष तिवारी निगम आयुक्त का प्रभार लेंगे, लेकिन अब बताया जा रहा है कि एसआईआर में ड्यूटी



लगने की वजह से उनका प्रभार लेना मुश्किल है। ऐसे में निगम में आयुक्त प्रिया गोयल पुनः ड्यूटी पर आयेंगी, कब आयेंगी, नहीं आयेंगी, नये आयुक्त की नियुक्ति होती है, इन सब बातों को लेकर तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। वहीं जागरूक नागरिकों ने चुनाव पदाधिकारी से मांग की है कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को छोड़कर बिना प्रभार दिये अचानक अवकाश पर जाने वाले आयुक्त पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये ताकि भविष्य में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसा करने का साहस न कर सके। शहर के अंदर कतिपय वार्डों में एसआईआर का शत प्रतिशत फार्म नहीं भरा जा सका है। हालांकि इस समस्या को जानते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने इसकी समय सीमा 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दी है। इसे लेकर मतदाता अपना नाम जुड़वाने लगातार निगम के चक्कर काट रहे हैं जहां कुछ जानकार लोगों के द्वारा उन्हें फार्म भरने और फार्म मिलने का ठिकाना बताया जा रहा है। लेकिन निगम कार्यालय में इस संबंध में किसी भी प्रकार का मार्गदर्शन चस्पा नहीं किया गया है। आयुक्त के अचानक अवकाश पर चले जाने से यह कमी निगम कार्यालय में देखी जा रही है। नागरिकों का कहना है कि 27 नवंबर को जब आयुक्त अपने जरूरी कार्यों को रात 7 बजे तक निपटाकर गई हैं तो उन्हें इस अवधि में मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरने का मार्गदर्शन प्रकाशित करवाकर नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जाना था जो नहीं किया गया है। इससे इनमें खासी नाराजगी देखी जा रही है।

निगम क्षेत्रांतर्गत अनेक वार्डों में निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इसके लिये संबंधित अधिकारी भी लापरवाही पूर्वक अपना दायित्व निभा रहे हैं। निगम कार्यालय में दो अधिकारियों के षड़यंत्र के चलते निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आपस में तालमेल नहीं बैठ रहा है। पार्षद यदि वार्ड की समस्याओं को लेकर उन्हें कहते हैं तो वे कन्नी काट जाते हैं। यहां तक नवनिर्माण होने वाले कार्यों को लेकर भी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कोई सलाह मशविरा नहीं किया जाता। निगम चुनाव होने के बाद पार्षदों को ऐसा लगा था कि उनके मंशानुरूप जनहित के काम होते रहेंगे। लेकिन जबसे यहां दो अधिकारी पदस्थ हुए हैं, उनके इस चक्रव्यूह में फंसकर न तो कोई जनहित के कार्य हो रहे हैं और न ही निर्माण कार्यों में गति आ रही है। ऊपर से तुर्रा यह कि एसआईआर फार्म भरने के लिये कोई दिशा निर्देश आयुक्त द्वारा जारी नहीं किया गया है जिससे शहर के नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग ने भी एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को छोड़कर आयुक्त के अचानक अवकाश पर चले जाने के मामले को संज्ञान में लिया है। इस पर आगे क्या कार्यवाही हुई, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। इस मामले को लेकर निगम महापौर रामू रोहरा से दूरभाष पर संपर्क कर चर्चा किये जाने पर उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त के बिना प्रभार दिये अचानक अवकाश पर चले जाने से निगम का कार्य काफी प्रभावित हुआ है। किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं हो पा रहा है। जनहित के काम भी लगभग रूक गये हैं। बहुत जल्द नये आयुक्त प्रभार लेने से रूके हुए कार्यों को गति मिलेगी।

# संकुल केंद्र जमदरहा में प्रधान पाठकों की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र जमदरहा में शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे निर्देशन, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव के मार्गदर्शन और जमदरहा संकुल समन्वयक डीजेंद्र कुर्रे के नेतृत्व में संकुल स्तरीय प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमदरहा संकुल के सभी संस्था प्रमुख उपस्थित थे। उपस्थित शिक्षकों द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संकुल समन्वयक डीजेंद्र कुर्रे ने बिंदुवार विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और सुझाव दिए। जैसे डिस्मेंटल योग्य भवन की जानकारी, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी सर्वेक्षण 2025, सीडब्ल्यूएसएन बच्चों की सत्यापन एवं यूडाइस में एंट्री, अपार आईडी, यू डाइस में विद्यार्थियों का सत्यापन पंजीयन कार्य पूर्ण करना, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र के संबंध में गूगल शीट में एंट्री, बलवाड़ी एवम आंगनबाड़ी के सह स्थापन के संबंध में, संकुल के समस्त प्राथमिक शालाओं को निपुण करना, पीएम ई विद्याचैनल, महापरीक्षा आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई। संकुल समन्वयक डीजेंद्र कुर्रे ने सभी को पूरे उत्साह के साथ कार्य करने कहा। इस बैठक में बुधेश्वर साहू, विजय चतुर्वेदी, बसंत साहू, ज्वाला प्रसाद नर्मदा, शंकर सिदार, डोसराम बसंत, गफ्फार खान, प्रहलाद साहू, सुशील चौधरी, जितेन्द्र नाग, टेमन साहू, मनोज नायक, प्रदीप साव, ब्रजकिशोर परेश्वर, शिमला चौहान आदि संकुल के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने छह दिव्यांग विद्यार्थियों को दिए स्मार्टफोन और ब्लूटूथ की-बोर्ड



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें डिजिटल शिक्षा से सशक्त बनाने की दिशा में धमतरी प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक सरल एवं गरिमामय कार्यक्रम में छह दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और ब्लूटूथ कीबोर्ड वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई, कौशल विकास और डिजिटल दुनिया से जोड़ना है।

## ज्योतिर्गमय प्रोजेक्ट के तहत प्रेरणादायी सहयोग

कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि दृष्टिबाधितों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु जिले में संचालित ज्योतिर्गमय प्रोजेक्ट के अंतर्गत ये डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल में सक्षम टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन तथा धमतरी निवासी दृष्टिबाधित सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद शर्मा का विशेष योगदान रहा। अरविंद शर्मा बीते कई वर्षों से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल, डिजिटल लर्निंग और सहायक तकनीकों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनकी निरंतर कोशिशों से ही पीयूष निषाद, नेहा, सुहानी, दर्शना, दीपा और संदीप को यह डिजिटल उपकरण प्राप्त हो सके हैं। डिजिटल शिक्षा की ओर बड़ा कदम कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों को स्मार्टफोन और ब्लूटूथ कीबोर्ड के उपयोग, उनके फीचर्स और पढ़ाई में होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह बताया गया कि इन डिवाइस के माध्यम से बच्चे ई.रीडर, स्क्रीन रीडर, ऑनलाइन क्लासेस, रिकॉर्डिंग लेक्चर और अन्य डिजिटल शिक्षण सामग्रियों का आसानी से उपयोग कर सकेंगे। इससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और सीखने की गति में सुधार होगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव, डॉ मनीषा पाण्डेय उप संचालक, समाज कल्याण सहित विभागीय अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर दिव्यांग विद्यार्थी तक शिक्षा और तकनीक की समान पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में दिव्यांग हितार्थ और अधिक योजनाएँ तथा सहयोगात्मक प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि डिजिटल उपकरण उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# गोकुलपुर वार्ड में सड़क निर्माण का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी शहर के गोकुलपुर वार्ड में अमलतास पुरम से निगम शौचालय, भटगांव रोड धमतरी तक 600 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को नगर निगम महापौर की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। बताया गया कि सड़क तैयार होने के बाद मुख्य चौक में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और ट्रैफिक दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। सड़क खुलते ही लोगों की आवाजाही सुगम होगी और वैकल्पिक मार्ग मिलने से शहर का आवागमन और भी व्यवस्थित हो सकेगा। फिलहाल सड़क निर्माण के तहत मुरूम बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे जल्द ही इस मार्ग से गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। महापौर ने कहा कि सड़क के मजबूतीकरण और पक्की निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। अनुशंसा मिलते ही सड़क को स्थायी रूप से बनाया जाएगा। वार्डवासियों की लंबे समय से उठाई जा रही मांग को देखते हुए नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मार्ग के निर्माण की शुरुआत की है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए निगम प्रशासन का आभार जताया है।

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के सहयोग से खपराडीह में आयोजित नेत्र स्वास्थ्य शिविर में 172 लोगों की जांच

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम खपराडीह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर तथा गणेश विनायक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसका उददेश्य ग्रामीण समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना तथा जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा, दवाइयाँ एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना था। शिविर में कुल 172 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई जिनमें से 53 लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 62 ग्रामीणों को चश्मा वितरण अभी शेष है। साथ ही जांच के दौरान 24 लोगों को मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें आगे विशेष उपचार हेतु चिन्हित किया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. तुलसी एवं उनकी टीम तथा अरुण सिंह द्वारा उच्च स्तरीय जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर खपराडीह के सरपंच गजेन्द्र वर्मा की गरिमामय उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बनाए। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के प्रमुख





विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, हेमलता ध्रुव एवं सुनीता निषाद के सक्रिय सहयोग से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# कोपलवानी दिव्यांग स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कोपलवानी दिव्यांग स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस सप्ताह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस तथा विशेष अतिथि अंजेय शुक्ला एवं प्रबल प्रताप सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अचीवर्स अवार्ड प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को ब्लेज़र वितरण भी किया गया जो अंजेय शुक्ला



द्वारा उपलब्ध कराए गए और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के कर कमलों द्वारा प्रदान किए गए। संस्था की संक्षिप्त जानकारी पदमा शर्मा ने प्रस्तुत की। इसके बाद सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक उदबोधन दिए और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए आशीर्वचन प्रदान किए। मुख्य अतिथि रमेश बैस ने बच्चों को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जानकी गुप्ता समाज सेवी, लता चौधरी, अशोक गुप्ता समाज सेवी सहित लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ भारवि वैष्णव ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षा परिवार ने दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस सप्ताह की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# बारूद के रखरखाव तथा सदुपयोगिता विषय पर खान सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com









खान सुरक्षा महानिदेशालय, बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में, मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स के कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में 41वें खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा के तहत खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम बारूद के रख-रखाव तथा सदुपयोगिता विषय पर आयोजित किया जा रहा है। 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य खदानों में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना, और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यक्रम के संयोजक बीरेंद्र कुमार, सेल (भिलाई स्टील प्लांट), सदस्य प्रशांत राउत, एनएमडीसी किरंदुल (सेफ्टी मैनेजर), अंकुर गोयल, मैकेनिकल इंजीनियर, बजरंग पावर × इस्पात लिमिटेड और योगेश कोशरे, नुवोको सीमेंट (वर्कमैन इंस्पेक्टर) की कार्यक्रम मे गरिमामय उपस्थिति रही। निरीक्षण टीम के द्वारा सबसे पहले माइंस के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा के सभी मापदंडो के अनुरूप खदान संचालन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की और अपनाई गई सुरक्षा संस्कृति और सर्वोत्तम प्रणालियों पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक भारद्वाज (एफएच-माइंस) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खदान से संबंधित सुरक्षा एवं सावधानियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सिर्फ नियमों का पालन नहीं, बल्कि हर कर्मचारी के जीवन का अभिन्न अंग है। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अभिजीत जोशी (एफएच-टेक्निकल), सुनील कुमार शर्मा (माइंस मैनेजर), हेमंत वर्मा (जियोलॉजिस्ट), संदीप सिंह (एसएच-माइंस मेंटेनेंस ) के साथ साथ प्लांट के विभिन्न विभागों के प्रमुख और अन्य सभी कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, कुकुरडीह के बालक-बालिकाओं ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया और उनके द्वारा खदान सुरक्षा को थीम बनाकर सार्थक नाटक प्रस्तुत किया गया। माइंस के कर्मचारियों के द्वारा भी खदान सुरक्षा को थीम बनाकर नाटक एवं गीत प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों का उद्देश्य सरल और मनोरंजक तरीके से सुरक्षा संदेशों को गहराई तक पहुंचाना था। पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कुकुरडीह स्कूल में और माइंस के कर्मचारियो के बीच किया गया था जिसके विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया और साथ ही साथ प्रस्तुति देने वाले बच्चो और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन विजीत तभाने द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# लाल बगीचा वार्ड सुलभ शौचालय की बदली तस्वीर, हुआ सुधार

## पार्षद हिमानी को वार्डवासियों ने दिया धन्यवाद




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 03 में नगर निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा एवं स्वास्थ्य विभाग सभापति निलेश लुनिया के सहयोग से वार्ड पार्षद हिमानी भगवत साहू के निरंतर प्रयासों से तुफान चौक स्थित सुलभ शौचालय में उल्लेखनीय सुधार किया गया है। अब यह शौचालय पहले की तुलना में अधिक साफ, उपयोगी, व्यवस्थित और सुरक्षित बन चुका है। यह सकारात्मक बदलाव वार्डवासियों की सुविधा तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ है। वार्डवासी सभी मिलकर वार्ड पार्षद हिमानी भगवत साहू का हृदय से धन्यवाद प्रकट किये और उनके द्वारा निरंतर किए जा रहे जनहित कार्यों के लिए अपना आशीर्वाद एवं समर्थन प्रदान करते हैं।

# कुकरेल में श्री सांई जन्मोत्सव 23 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छोटा शिरडी धाम, सांई मंदिर कुकरेल में इस वर्ष श्री सांई जन्मोत्सव, स्थापना दिवस, सांई मेला एवं नववर्ष मिलन समारोह अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ 23 दिसंबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम आयोजकों डॉ संजय तिवारी एवं सुलेखा तिवारी ने समस्त सांई भक्तों से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित होकर बाबा के दिव्य दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि सांई बाबा के प्रति समर्पण, सेवा और प्रेम का महापर्व है। बाबा की कृपा से कुकरेल की यह धरती छोटा शिरडी बन चुकी है और प्रतिवर्ष हजारों भक्त यहाँ आकर आत्मिक शांति का अनुभव करते हैं। समारोह का शुभारंभ सुबह 4 बजे बाबा की काकड़ आरती से होगा। इसके बाद शाही स्नान, पूजा.पाठ, जप.तप और प्रातः आरती के द्वारा वातावरण भक्ति से सराबोर होगा। सुबह 7 से 10 बजे तक सांई चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम और देवी.देवताओं का आह्वान होगा। 11 बजे से पूरे ग्राम में भव्य सांई पालकी शोभायात्रा एवं झांकी प्रदर्शन निकाला जाएगा, जिसके साथ भक्तगण जय सांई राम के जयघोष से वातावरण को पवित्र करेंगे। दोपहर में हवन.पूजन एवं पूर्णाहुति, उसके बाद भजन.कीर्तन और दोपहर 1 से 2 बजे तक महाभंडारा सांई प्रसाद वितरण का आयोजन रहेगा। शाम 3 बजे से विशेष छत्तीसगढ़ी ऑर्केस्ट्रा तथा पूरे दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी संचालित होगा। डॉ संजय तिवारी व सुलेखा तिवारी ने कहा सांई सभी सांई भक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य अर्जित करें।

# रजत जयंती पर्व पर हाई स्कूल रोहिना में वन महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

रजत जयंती पर्व पर वन परिक्षेत्र बसना अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल रोहिना में वन महोत्सव का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर बसना वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला के मार्गदर्शन में आम, आंवला, कटहल, जामुन, सिंदूरी पौधों का रोपण किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है इस तारतम्य में वन विभाग भी रजत जयंती महोत्सव के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के




लिए पेड़ लगाना जरूरी है। जिस रफ्तार से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है उससे हमारा जीवन संकट में पड़ गया है अगर जीवन बचाना है पेड़ बचाना जरूरी है। आज जिस तरह से ओजोन परत को नुकसान हो रहा है उसे पेड़ लगाकर ही उसे रोका जा सकता है। उन्होंने एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का संदेश दिया गया। निराला द्वारा वृक्षों के महत्व, वृक्ष मित्र योजना, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के संबंध में जागरूकता संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने स्कूल परिसर में इको क्लब प्रभारी कमलेश साहू द्वारा किये जा रहे वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत बच्चों द्वारा जो पेड़ लगाए गए उसका क्यू आर कोड जारी किया गया तथा उनके द्वारा देखरेख भी किया जा रहा है। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारीनिराला को प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'बढ़ते कदम' भेंट कर छात्र वृक्ष मित्र के रूप में कार्य करते हुए वन विभाग का हमेशा मदद करने का आश्वासन दिए। सरपंच धनंजय मरकाम ने पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए। कार्यक्रम में उपवन परिक्षेत्र अधिकारी काशीराम डड़सेना बड़े साजापाली, सत्येंद्र कश्यप रामभांठा एवं बैदनाथ बारीक बसना, सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ, सचिव उसत कुमार, प्राचार्य एके जायसवाल, व्यख्याता कमलेश साहू, केके साहू, लक्ष्मण पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, हराधन चौधरी, लीला पटेल, रोजगार सहायक रमाकांत टेकाम, सागरपाली बीएफ ओ आनंदराम जोशी, वन कर्मचारी प्रकाश साहू, तीरथ प्रसाद, तुलाराम मैत्री, त्रिलोचन बरिहा, नारायण तांडी, तीरिथ राम जटवर, आदि उपस्थित थे।

# कमाई का जरिया: पार्षद निधि से लाइट खरीदी की प्लानिंग कमीशन का खेल, घर जाकर बनवा रहे डिमांड लेटर

## हर पार्षद को 1 लाख की लाइट खरीदने की बात कह रहे, बेवजह की जरूरत दर्शा रहे

पूर्व में 98 लाख की लाइट खरीदी नगर निगम में हो चुकी है, अब पार्षद निधि का उपयोग



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में एक बार फिर स्ट्रीट लाइट खरीदी में लाखों का खेल करने की तैयारी की जा रही है। पूर्व में 98 लाख रुपए की लाइट खरीदी गई थी, उसकी गुणवत्ता किसी से छिपी नहीं है। अब दोबारा पार्षद निधि का उपयोग कर नया खेल करने की पूरी प्लानिंग शुरू कर दी गई है। इसके लिए नगर निगम से जुड़े नेता पार्षदों से डिमांड लेटर बना रहे हैं, इसके बाद लाइट की सप्लाई की जाएगी। यह पूरा प्लान भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया है और जमीनी स्तर इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो शहर के पूरे 51 वार्डों में लाइट सप्लाई की तैयारी भाजना नेताओं ने कर ली है। पहले चरण में पार्षदों से डिमांड लेटर लिया जा रहा है, जिसे नगर निगम में जमा कराने का काम किया जा रहा है। उस आधार पर जैम पोर्टल से उसकी खरीदी की जाएगी।

इसके लिए नगर निगम के कुछ भाजपा नेता एक्टिव हो गए हैं, जो खासकर भाजपा पार्षदों को लाइट खरीदने कह रहे हैं। इसके अलावा कुछ कांग्रेसी पार्षदों को भी साधने की बात भी सामने आ रही है। देखना होगा कि इस खेल में किस तरह से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है।

### 1 लाख की लाइट देने की बात सामने आ रही

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं ने पूरा सिडिकेड बना लिया है और पार्षदों को एक लाख रुपए की लाइट खरीदने के लिए कह रहे हैं। कई पार्षदों ने इसके लिए लेटर भी दे दिया है। बताया गया कि भाजपा नेता घर-घर जाकर लाइट खरीदने के लिए दबाव भी बना रहे हैं। यदि हर वार्ड से खरीदी कराई जाती है तो शहर में 51 लाख रुपए से अधिक की लाइट लगाई जाएगी। इसमें कमीशन का भी खेल को नकारा नहीं जा सकता।

### जेम पोर्टल से होगी खरीदी

अपनी निधि से यदि किसी पार्षद को कोई भी काम कराना हो या फिर खरीदी करनी हो तो उसे डिमांड लेटर देना होगा, यही प्रकिया है। इसके बाद जेम पोर्टल से टेंडर होगा। इसके बाद ही खरीदी होगी।

-अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त नगर निगम

# तालाब में नहाते समय मिर्गी दौरा आने से युवक की मौत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में तालाब में डूबकर एक मिर्गी पेसेंट की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटन की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंगलूडीपा निवासी वरूण सिंह 40 साल, जो कि कोसमनारा चैक के पास गैरेज दुकान का संचालन करता है। बताया जा रहा है कि कल दोपहर नहाने के लिये वह कलमी गांव के पास स्थित एक तालाब में गया हुआ था, जहां अचानक मिर्गी का दौरा आने से पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

गांव के ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव देखकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। तालाब में युवक का शव मिलने की जानकारी मिलते ही कोतरा रोड पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहां मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव अस्पताल भेज दिया गया, पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# डोंगरगढ़ में शराब बिक्री, किसकी शह पर अवैध कारोबार

## पूरा सिस्टम तस्करों और कोचियों की जद में, केवल औपचारिक कार्रवाई हो रही




पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में सिर्फ दिखावे के लिए शराबबंदी है, इसलिए यहां शराब दुकान नहीं खुलने दी गई। जबकि हकीकत यह है कि किसी भी चौराहों पर आसानी से ब्लैक में शराब की बोतल मिल जाएगी। दूसरी तरफ डोंगरगढ़ में कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज नेता मौजूद हैं। इसके बाद भी इस अवैध कारोबार को लेकर मामूली गूंज ही सुनाई देती है। इसके बाद यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर शराब तस्करों और कोचियों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जिनके कारण बेरोकटोक शराब की अवैध बिक्री का काम जोरों पर चल रहा है। ये बात पहले ही सामने आ चुकी है कि डोंगरगढ़ के करीब दो शराब दुकानें हैं, जहां से ही कोचियों को शराब उपलब्ध कराई जा रही है। बाकायदा सिस्टम बनाकर कोचियों की खेप के लिए समय और रकम दोनों सेट कर दी गई है। इसलिए भी आबकारी और पुलिस विभाग इन पर बड़ी कार्रवाई नहीं पा रहा है। क्योंकि पूरा सरकारी सिस्टम भी इसकी जद में है। हर दिन लाखों रुपए की शराब कोचिए बेच रहे हैं। खासबात डोंगरगढ़ के रिहाइशी इलाकों के चौराहों पर यह अवैध कारोबार खुलेआम किया जा रहा है।

### छोटे कोचियों पर मामला, आंकड़ों की कार्रवाई

डोंगरगढ़ में चाहे आबकारी या फिर पुलिसिया कार्रवाई की बात करें तो छोटे कोचियों पर ही मामला कायम कर लिया गया। पूरे रिकार्ड में इसकी असलीयत भी दिख जाएगी। उदाहरण के लिए शहर में दो दिन पूर्व ही दो तस्करों को मप्र की शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके सरगना का नाम भी पुलिस ने सामने जा दिया1 लेकिन डोंगरगढ़ में केवल आंकड़ों की कार्रवाई दिख रही है। ऐसा लंबे समय से चल रहा है, इस कारण शराब तस्करी के सरगना बेखौफ काम कर रहे हैं।

# लूट की झूठी कहानी का पर्दाफाश, प्रार्थी ही निकला 14.60 लाख की फर्जी लूट का मास्टरमाइंड

## बीमा क्लेम के लिए रची गई थी पूरी साजिश, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



एटीएम में कैश लोडिंग के नाम पर 14 लाख 60 हजार रुपये की लूट की सनसनीखेज वारदात अब पूरी तरह से फर्जी साबित हो गई है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस कथित लूट का शिकार बना व्यक्ति ही पूरी साजिश का आरोपी निकला। कुम्हारी पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी आशीष राठौर, उम्र 34 वर्ष, निवासी चरोदा (पुरानी भिलाई) ने थाना कुम्हारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह हिताची कंपनी का एटीएम कैश लोडिंग फ्रेंचाइजी संचालक है। उसने बताया कि 06.12.2025 को वह तेन्दुआ से मुरमुंदा दादर एटीएम में 14,60,000 रुपये कैश लेकर बाइक से जा रहा था, तभी कपसदा के पास तीन अज्ञात लोगों ने चाकू दिखाकर कैश से भरा बैग लूट लिया। इस रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 239/25, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल निरीक्षण, आसपास के लोगों से पूछताछ और तकनीकी जांच की, लेकिन लूट की पुष्टि से जुड़ा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला। शंका गहराने पर पुलिस ने प्रार्थी आशीष राठौर से सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उसने पूरी सच्चाई स्वीकार कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास पहले 4 सेल्फ फंडिंग एटीएम थे, बाद में उसने 8 और एटीएम हिताची कंपनी फंडिंग पर ले लिए। कुल 12 एटीएम में कैश की मांग बढ़ गई थी, जिससे उसे आर्थिक परेशानी होने लगी। ट्रांजेक्शन कम होने से कमीशन घट गया था, वहीं घर, कार लोन, एटीएम किराया और रखरखाव का खर्च बढ़ने से वह कर्ज में डूब गया। इसी दबाव में उसने यह योजना बनाई कि अगर कैश लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई जाए तो बीमा क्लेम आसानी से मिल जाता है। आरोपी ने पहले विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश डाला, इसके बाद अपने तीन सेल्फ फंडिंग एटीएम में 14,60,000 रुपये अतिरिक्त डाल दिए।

# क्रांतिकारी सुखदेव राज की 118वीं जयंती दुर्ग में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई

## जर्जर आवास के जीर्णोद्धार का लिया गया संकल्प

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले जांबाज़ क्रांतिकारी सुखदेव राज की 118वीं जयंती इंदिरा मार्केट दुर्ग स्थित उनके पुराने जर्जर आवास के सामने श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाई गई। यह आयोजन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति और दुर्ग सिख सभा के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक जगत के लोग मौजूद रहे और क्रांतिकारी सुखदेव राज को नमन किया। सुखदेव राज, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे अग्रणी क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे। उनका जन्म 7 दिसंबर 1907 को लाहौर में हुआ था। कॉलेज जीवन में ही वे क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ गए। 27 फरवरी 1931 को प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चंद्रशेखर आजाद के अंतिम समय में उनके साथ सुखदेव राज मौजूद थे। वर्ष 1963 से 1973 तक वे दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते रहे। 5 जुलाई 1973 को इसी भवन में उन्होंने अंतिम सांस ली। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सचिव जितेंद्र वर्मा ने विशेष रूप से अपने विचार रखते हुए कहा–सुखदेव राज जैसे क्रांतिकारी केवल इतिहास नहीं हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। हमें उनके त्याग और संघर्ष को स्कूलों, समाज और युवाओं तक पहुँचाना होगा। उनका जर्जर आवास केवल ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि हमारी आज़ादी की धरोहर है, जिसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। जितेंद्र वर्मा ने स्मारक के जीर्णोद्धार और इसे शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दुर्गवासियों को क्रांतिकारी सुखदेव राज के योगदान से अवगत कराया और सर्वसम्मति से उनके जर्जर आवास के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक स्थल से प्रेरणा ले सकें।

# जिला साहू संघ दुर्ग के पुनः अध्यक्ष बने नंदलाल साहू



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अंतर्गत जिला साहू संघ दुर्ग के त्रिवार्षिक आम चुनाव संपन्न हुआ। आपको बता दें साहू समाज के त्रिवार्षिक आम चुनाव में जिला साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। भीखम साहू, नंदलाल साहू, गिरीश साहू जिसमें पूनः अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए वर्तमान जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू। उपाध्यक्ष के पद पर मंजू साहू, कृष्णा प्रसाद साहू ने जीत हासिल की है। साहू लगातार जिला साहू संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करते आ रहे हैं। और उनके कार्यकाल में समाज में कई सराहनीय कार्य किए गए जिसका परिणाम फल के रूप में पूनः अध्यक्ष पद नंदलाल साहू को मिला है। नंदलाल साहू अपने आप में एक सादगी पूर्ण व्यक्तित्व के धनी हैं। जिला साहू समाज माननीय नंदलाल साहू जी को अपना प्रेरणा श्रोत और आदर्श मानते हैं उनके मार्गदर्शन में लगातार समाज में उत्कृष्ट कार्य करने का कार्य तहसील और परिक्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल करते हैं। आज पुनः अध्यक्ष बनने के बाद जिला साहू संघ का विश्वास बढ़ा है। सबको साथ में लेकर के पुनः ऐतिहासिक कार्य जिला साहू संघ के पुनःअध्यक्ष बने नंदलाल साहू के कार्यकाल में होगा।

# बकाया किराया नहीं चुकाने पर निगम की तगड़ी कार्रवाई, महात्मा गांधी मार्केट की दुकान सील

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम दुर्ग ने शहर में वर्षो से किराया बकाया रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार विभाग और अतिक्रमण अमले ने अग्रेसन चौक स्थित महात्मा गांधी मार्केट व्यस्थापक सहकारी समिति की दुकान को सील कर दिया। निगम की जांच में पाया गया कि संबंधित दुकान पर कुल 50,106 रुपये का किराया लंबे समय से बकाया था। बार-बार नोटिस देने के बावजूद राशि जमा न करने पर निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान को सीलबंद कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि लाखों रुपये का बकाया कई दुकानदारों पर वर्षों से लंबित है।अग्रेसन चौक में जड़े ताले-कार्रवाई के तहत निगम की टीम अग्रेसन चौक स्थित महात्मा गांधी मार्केट पहुंची और संबंधित दुकान पर ताला जड़ दिया। निगम ने स्पष्ट किया कि अब बकाया किराया दबाकर रखने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन अधिकारियों की टीम ने की कार्रवाई-सीलिंग कार्रवाई में बाजार विभाग अधिकारी अभ्युदय मिश्रा के नेतृत्व में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार, सहायक राजस्व निरीक्षक ईश्वर वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक शशिकांत यादव सहित पूरा अमला मौके पर मौजूद रहा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि निगम के मार्केट और गुमटियों का किराया दबाकर बैठे बकायादारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भिलाई में 17वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय क्रॉस कंट्री-रोड रेस 2025 का भव्य आयोजन

- युवाओं और बच्चों में दिखा जबरदस्त उत्साह

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com



स्टील सिटी एथलीट क्लब, भिलाई द्वारा आयोजित 17वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री/रोड रेस 2025 का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों युवा धावकों और बच्चों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस गरिमामय आयोजन में एच.टी.सी. कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू' विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया, विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आज का युवा अगर खेल की ओर आगे बढ़ता है, तो न केवल वह स्वस्थ रहता है, बल्कि राष्ट्र और समाज का भी गौरव बढ़ाता है। ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने का सही मंच प्रदान करते हैं। मैं स्टील सिटी एथलीट क्लब को इस शानदार आयोजन के लिए दिल से बधाई देता हूं और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों में हर संभव सहयोग का भरोसा देता हूं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक एम.डी. पिल्लई- अध्यक्ष हेमंत नेताम कार्यकारी अध्यक्ष आर. सुनील कुमार प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले, बीएसपी नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक ए.बी. श्रीनिवास, सहायक महाप्रबंधक परविंदर सिंह, सीजी स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन जी.एस. बाम्बरा, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय, रिसाली के कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, सेठ रतनचंद सुराणा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग की प्राचार्य पूजा मल्होत्रा, रिसाली नगर निगम के सभापति केशव बंछोर, बीएनएस सेक्टर-8 के अध्यक्ष मधु पिल्लै, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने महान कार्यो से विश्व पटल पर भारत का नाम रौशन किए



पायनियर संवाददाता ‹ रानीतराई
www.dailypioneer.com

भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रानीतराई अंचल कौही व असोगा के स्कूलों में संविधान प्रस्तावना वाचन कर बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने महान कार्यो से विश्व पटल पर भारत का नाम रौशन किए। जिसके कारण आज भी विश्व समुदाय बाबा साहब को सम्मान से याद करते हैं। साथ ही भारत के भविष्य व भावी पीढ़ी उपस्थित बच्चों से अपील किए कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की तरह शिक्षा प्राप्त कर पूरे मानव समाज कि सेवा के लिए काम कर क्षेत्र व देश का नाम रौशन करें। इस दौरान असोगा में उपस्थित सभी शिक्षकों व बच्चों को शिक्षादूत राजेन्द्र मारकण्डे द्वारा शिक्षा के प्रतीक पेन भेंट किया गया तथा कौही में दिसंबर माह के मासिक वालपेपर का विमोचन किया गया। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कृतज्ञता व्यक्त करने कौही में सांसद प्रतिनिधि कामता प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर देवांगन, अध्यक्ष गंगा राम साहू, उपाध्यक्ष रत्ना देवांगन, शिक्षक टोकेन्द्र बिजौरा, त्रिलोचन साहू, चन्द्रकांत नेताम, शिक्षा स्वयं सेवी लेखा ठाकुर तथा असोगा में प्रभारी प्रधानपाठक ब्रम्हाणी झा, अनीता ठाकुर, टोकेन्द्र चन्द्राकर, गुनेश्वर प्रसाद वर्मा, संजय खिलाड़ी, प्रधानपाठक शशीकला वर्मा, भोजराम चतुर्वेदी, कीर्ति खरे, प्रतिमारानी नाग, शिक्षा स्वयं सेवी मोक्ष कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चे व पालकगण उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राकेश ठाकुर ने किया पदभार ग्रहण पूर्व सीएम बघेल ने आशीर्वाद देकर बैठाया जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर

पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com



राजीव भवन दुर्ग में जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुवे। कार्यक्रम की शुरुवात पटेल चौक से हुई जहां दुर्ग (ग्रामीण) क्षेत्र के कांग्रेसजन नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का ढोल नगाड़े के साथ राजीव भवन तक जोशीला स्वागत किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पीसीसी चीफ दीपक बैज ने ठाकुर को पदभार ग्रहण करवा जिलाध्यक्ष की कुर्शी पर बैठाया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का पीठ थपथपाते नजर आए। पदभार ग्रहण कायक्रम में कांग्रेसजन काफी उत्साहित नजर आये और कार्यकर्ता भूपेश बघेल जिंदाबाद, कका अभी जिंदा हे जैसे नारे लगाते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस अब और भी मजबूती के साथ जिला स्तर पर विधानसभा स्तर पर ब्लॉक स्तर पर बूथ स्तर पर भाजपा के तानाशाही, हिटलर शाही निर्णय, बिजली बिल बढ़ोतरी जमीन की गाइडलाइन की दर में बढ़ोतरी, किसानों के मुदद्दे युवाओं के मुदद्दे प्रदेश में बढ़ते अपराध के मुददों पर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। बघेल ने राकेश ठाकुर को बधाई देते हुवे कहा कि कांग्रेस पार्टी की सेवा निरन्तर करते रहो, पार्टी का एक एक कार्यकर्ता के साथ कंधा मिलाकर कांग्रेस पार्टी की सेवा करते रहो यही शुभकामना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मई 2025 से नियुक्ति के बाद हमने किसानों के लिए मजदूरों के लिए बिजली बिल के लिए चार बार कलेक्टर घेराव किया, पूरे जिले में जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार प्रदर्शन किया जिसमें पूरे जिले के कार्यकर्ताओं का पूरा सहयोग मिला, संगठन सृजन में जिले के सभी ब्लॉक के कांग्रेसियों ने पूरा समर्थन देकर जिला अध्यक्ष के लिए इकलौता नाम मेरा दिया मेरी नियुक्ति के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का और जिले के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, आगे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में और कार्यकर्ताओं के सहयोग से दुर्ग जिले में जनता की मुददों को लेकर जनहित की लड़ाई करेंगे, उनकी अपेक्षाओं पर पूरा खरा उतरेंगे।

# 5214 किसानों से किया 90.22 हेक्टेयर रकबा समर्पण



**दुर्ग।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 21896 किसानों से 1,15,550.48 मे. टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 27,4050.48 लाख रुपए है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही है और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समुचित प्रबंध की गई है। धान खरीदी हेतु केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था है। अब तक 5,214 किसानों ने 90.22 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मे. टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।

# भारत की सांस्कृतिक-शक्ति रणनीति का अवसर और जोखिम

## 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 विश्व-ओलंपिक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सन 2036 के विश्व-ओलंपिक प्रस्ताव का निर्णायक ''अग्रदूत'' हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक-शक्ति (सॉफ्ट पावर) को नई ऊँचाई दे सकता है, परन्तु किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कमी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकती है।

विशाल खेल आयोजन किसी भी राष्ट्र के लिए मात्र खेल-प्रतियोगिताएँ नहीं होते, बल्कि वे उस देश की राजनैतिक इच्छा-शक्ति, आर्थिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक परिपक्वता का सार्वजनिक प्रदर्शन भी होते हैं। आधुनिक समय में खेल कूटनीति एक प्रकार की सांस्कृतिक-शक्ति बन चुकी है-ऐसी शक्ति जो बिना किसी सैन्य बल के, विश्व समुदाय को अपने अनुकूल प्रभावित कर सकती है। भारत लंबे समय से विश्व-स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा के विविध आयामों को सुदृढ़ करने का प्रयास करता आया है, और सन 2036 के विश्व-ओलंपिक आयोजन की महत्वाकांक्षा इसी दिशा का अगला स्वाभाविक चरण है। परंतु ओलंपिक जैसे विराट आयोजन से पहले सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को भारत एक प्रकार के ''पूर्वाभ्यास'', ''पूर्व-ओलंपिक नमूने'' और ''वैश्विक विश्वास की परीक्षा'' के रूप में देख रहा है। यह रणनीति जितनी आकर्षक संभावनाएँ प्रदान करती है, उतनी ही गंभीर आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में इस प्रकार के आयोजनों की तैयारी केवल खेल मंत्रालय का नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, सुरक्षा संस्थाओं, निजी क्षेत्र, तकनीकी विशेषज्ञों, खेल संघों और व्यापक समाज-सभी का संयुक्त प्रयास मांगती है। यदि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को सफलतापूर्वक आयोजित कर लेता है, तो यह विश्व स्तर पर यह संदेश जाएगा कि देश 2036 के विश्व-ओलंपिक जैसे महाकाय आयोजन को संभालने में सक्षम है। यही कारण है कि यह आयोजन भारत की विश्वसनीयता के लिए एक निर्णायक पड़ाव साबित हो सकता है।

भारत की सबसे बड़ी प्रेरणा सांस्कृतिक-शक्ति को सुदृढ़ करना है। आज वैश्विक राजनीति में खेल आयोजन एक सांस्कृतिक उत्सव से आगे बढ़कर राष्ट्र की क्षमताओं की खुली परीक्षा बन चुके हैं। राष्ट्र अपनी तकनीकी दक्षता, शहर-प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक समावेशन, पर्यावरण-जागरूकता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का विश्व मंच पर प्रदर्शन करते हैं। भारत यदि सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को उच्च स्तर पर सम्पन्न करता है, तो यह निःसंदेह भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। किन्तु इस प्रतिष्ठा की कीमत क्या होगी? यह वह कठिन प्रश्न है जिसे अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विशाल खेल आयोजनों का सबसे विवादास्पद पहलू उनकी भारी आर्थिक लागत है। सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेल अभी तक भारत की प्रशासनिक छवि पर एक दाग की तरह मौजूद हैं-अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, समय पर कार्य न होना, और आयोजन स्थल की




कमजोर गुणवत्ता ने भारत की छवि को काफी प्रभावित किया था। यदि वर्ष 2030 में फिर ऐसी ही कोई कमी सामने आती है, तो 2036 विश्व-ओलंपिक का सपना लगभग असंभव हो सकता है। इसलिए आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता, बहु-स्तरीय जाँच, और जवाबदेही-व्यवस्था को आज से ही प्राथमिकता देनी होगी।

इस सबके साथ-साथ 2030 का आयोजन भारत के लिए एक प्रयोगशाला भी सिद्ध हो सकता है। यह अवसर होगा-शहरी अधोसंरचना, यातायात प्रबंधन, आपदा-प्रतिक्रिया, हरित ऊर्जा, जल-निकास प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा, और खेल विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मानक पर परखने का। इस स्तर के आयोजनों में क्षण भर की चूक भी बड़े संकट उत्पन्न कर सकती है। इसलिए वर्ष 2030 का आयोजन भारत के लिए पूर्ण स्तर वाला अभ्यास सिद्ध हो सकता है, जिसमें न केवल खेल प्रबंधन बल्कि सम्पूर्ण शासन प्रणाली की परीक्षा होगी। इसके अतिरिक्त, शहरी प्रशासन को सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। कोई भी विशाल खेल आयोजन केवल खेल-स्थल और खिलाड़ियों के निवास-स्थल तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे नगर के परिवहन, मार्ग-संरचना, हवाई अड्डों की क्षमता, स्वच्छता प्रणाली, जल प्रबंधन, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारी, भीड़ नियंत्रण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग का तनाव परीक्षण बन जाता है। संभावित मेजबान नगर-दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई या किसी बहु-नगर मॉडल-सभी पर भारी तैयारी का दबाव होगा। यह तैयारी अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए कि इससे नगरों का बुनियादी ढाँचा विश्व-स्तर पर पहुँच सकता है। चुनौती इसलिए कि कहीं ऐसा न हो कि यह निवेश केवल ''दिखावे की अधोसंरचना'' में बदल जाए, जो आयोजन-उपरांत उपयोगहीन रह जाए। दुनिया में अनेक उदाहरण हैं जहाँ खेल आयोजनों में बनाए गए स्टेडियम और भवन बाद में ''मरे हुए ढाँचे'' बन गए। भारत में भी यह समस्या पहले देखी जा चुकी है। इसलिए यह अनिवार्य है कि जो भी अवसंरचना बनाई जाए, वह आयोजन के बाद भी जनसाधारण, खेल प्रशिक्षण संस्थानों और नगर-विकास के लिए उपयोगी बनी रहे। भारत को पर्यटन, आतिथ्य, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, कला एवं हस्तशिल्प, पारंपरिक संगीत, खानपान और जातीय विविधता जैसे क्षेत्रों में अपार लाभ प्राप्त होने की संभावना है। विश्व भर से लाखों दर्शक और प्रतिनिधि भारत आएँगे, जिससे सेवा क्षेत्र, व्यापार, परिवहन, कृषि-आधारित उपभोग और सूक्ष्म उद्योगों को व्यापक लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटल भारत की अवधारणा-जैसे पूर्णतः डिजिटल प्रवेश-प्रणाली, दूर-संवेदन सुरक्षा व्यवस्था, तेज संचार तंत्र-विश्व के सामने भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता का अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकती है। फिर भी यह स्वीकार करना पड़ेगा कि विश्व-ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की लागत बहुत भारी होती है। वर्तमान वैश्विक औसत के आधार पर यह लागत अत्यधिक बढ़ जाती है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को एक वित्तीय प्रयोगशाला की तरह उपयोग किया जाए, जहाँ सार्वजनिक-निजी सहभागिता, सामाजिक उत्तरदायित्व निधि, पर्यटन आधारित आय, और भागीदारी मॉडल जैसे उपायों की पहले से जाँच हो सके। यह देखा जा सके कि कौन-सा मॉडल भारत की सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप अधिक स्थायी और सफल हो सकता है।

परंतु आलोचना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि क्या भारत जैसे विकासशील राष्ट्र को इतने बड़े आयोजनों पर अत्यधिक धन व्यय करना उचित है? क्या यह धन विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण खेलों, महिला खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल विज्ञान प्रयोगशालाओं और खेल अकादमियों जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अधिक प्रभावी रूप से उपयोग नहीं किया जा सकता? यह प्रश्न अत्यंत तर्कसंगत है। किसी भी खेल आयोजन का मूल उद्देश्य ''राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की चमक'' नहीं, बल्कि ''राष्ट्रीय प्रतिभा का विकास'' होना चाहिए। यदि आयोजन पर खर्च किए गए संसाधन जमीनी स्तर के खेल ढांचे से ध्यान हटाकर केवल भव्यता के निर्माण में लग जाएँ, तो यह राष्ट्रहित के प्रतिकूल होगा। इसके अतिरिक्त, यह आयोजन भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी नया आयाम प्रदान कर सकता है। भारत पहले से विश्व-दक्षिण समूह का अग्रणी प्रतिनिधि बन रहा है, और वैश्विक संस्थाओं में उसका योगदान निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में सफल खेल मेजबानी भारत की बहुआयामी नेतृत्व क्षमता को और सुदृढ़ करेगी।

## बतरस

### मेरे सामने वाली खिड़की में...

**राजेश विक्रांत**

खुली खिड़की घर में ताजी हवा लाने के साथ बवाल भी लाती है। इसलिए समय समय पर खिड़की बंद रखनी चाहिए ताकि घर में बवाल का आगमन न हो पाए। क्योंकि खुली खिड़कियां तनाव भी लाती है। इससे घर में अशांति, धमकी के साथ पुलिस भी आ सकती है।

जमाल एहसानी का एक शेर है- उस ने बारिश में भी खिड़की खोल के देखा नहीं, भीगने वालों को कल क्या क्या परेशानी हुई। इसके अलावा 1968 में आई एक फ़िल्म 'पड़ोसन' का गाना 'मेरे सामने वाली खिड़की में...' तो आपको याद होगा भी। काफी लोकप्रिय इस गाने की लाइन को आज भी लोग पड़ोसियों पर टिप्पणी के लिए उपयोग करते हैं। हंसी-ठहाकों के लिए मशहूर सामने वाली एक खिड़की दो लोगों के बीच तनाव का कारण बन गई है। खुली खिड़की से दो परिवारों के बीच पानीपत की चौथी लड़ाई का माहौल बन गया है। बात मनमुटाव, जानलेवा धमकी, लड़ाई झगड़ा, धमकी और थाने तक पहुंच गई है। मुकदमा दर्ज हो गया है।

आईटी सिटी की एक महिला ने खिड़की की वजह से अपने पड़ोसी जोड़े के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। दरअसल पड़ोसी जोड़ा खिड़की खुली रखकर प्यार करता है। उनका खुल्लमखुल्ला प्यार करना महिला को बिल्कुल नहीं अच्छा लगता। प्यार के आसन व ध्वनियां महिला को फूटी आंखों नहीं सुहाती। आरती नगर की महिला ने अपने नवविवाहित पड़ोसी जोड़े के खिलाफ अपनी शिकायत में कहा है कि ये दोनों बेडरूम की खिड़की को खुला छोड़कर शारीरिक संबंध बनाते हैं। वह अपने बेडरूम से उनकी निजी बातचीत और अंतरंग आवाजें सुन सकती है। इससे उसके घर की शांति भंग हो गई है। वहां बिस्तर पर तूफान आता है और यहां उसके घर में सुनामी आ जाती है।

इस जोड़े ने अपने निजी पलों के दौरान जानबूझकर अपनी खिड़की खुली रखी और जब उसने उनसे कहा कि खिड़की बंद करके तुम लोग जो भी मन हो वो करो, तो जोड़े ने कहा कि हम तो खुल्लमखुल्ला प्यार करेंगे। तुमको जो करना है करो। जोड़े ने महिला को गालियां दी और अनुचित इशारे किए तथा उसके साथ बलात्कार करने और देह के दो अध्याय करने की धमकी भी दी। महिला ने विरोध किया तो जोड़ा मारपीट पर उतर आया और अब पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

शायर आदिल मंसूरी ने सही लिखा है कि खिड़की ने आँखें खोली, दरवाज़े का दिल धड़का। अगर आपको सिर्फ सोना है तो खिड़कियाँ खुली रखने से आपके कमरे में हवा का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे न केवल आपके शयनकक्ष का तापमान बदल सकता है, बल्कि यह वेंटिलेशन में सुधार कर सकता है और हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम कर सकता है, जिससे रात में नींद अच्छी आती है। लेकिन आरती नगर की खुली खिड़कियों ने पड़ोसी पर बड़ा कहर बरपा दिया है। नवविवाहित जोड़े की खुली खिड़की ने पड़ोसन के दरवाजे का दिल धड़का दिया है। इसलिए फैसला आप कीजिए कि खिड़की खोलकर रखना है या जरूरत पड़ने पर बंद भी कर देना है।

# हर कार्य का उद्देश्यपूर्ण होना जरूरी

ओंटारियो, छह दिसंबर (द कन्वरसेशन) 'जेनरेशन जेड' यानी 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों की कार्यबल में बढ़ती संख्या के बीच कनाडाई नियोक्ताओं का ऐसे युवाओं से सामना हो रहा है जिनकी अपेक्षाएं और व्यवहार वर्तमान मानकों से मूलभूत बदलाव का संकेत देते हैं।

पिछली पीढ़ियों के विपरीत, 'जेन जेड' अनूठे सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिदृश्य में पले बढ़े हैं, जिससे उनकी व्यावहारिक सोच में बदलाव आया है। 'जेन जेड' आर्थिक अनिश्चितता, तकनीकी उथल-पुथल और बढ़ती सामाजिक जागरूकता के बीच पले-बढ़े हैं। इतना ही नहीं 'मिलेनियल्स' के विपरीत 'जेन जेड' ज्यादा व्यावहारिक हैं क्योंकि 'मिलेनियल्स' तेजी से पदोन्नति और वेतन वृद्धि की 'बड़ी उम्मीदों' के साथ नौकरी के क्षेत्र में आए थे। इसलिए, अगर कनाडाई संगठन इस पीढ़ी की प्रतिभाओं को आकर्षित करना, उनसे जुड़ना और उन्हें बनाए रखना चाहते हैं, तो यह समझना जरूरी है कि उन्हें ('जेन जेड' को) क्या प्रेरित करता है।

उद्देश्य, मूल्य और 'जेन जेड' क्या चाहते हैं

हालिया शोध से पता चला कि यह पीढ़ी ('जेन जेड') नौकरी की सुरक्षा, कार्य-जीवन संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा महत्व देती है। ये प्राथमिकताएं रचनात्मक अनुभवों से आकार लेती हैं, जिसमें 'जेन जेड' का अपने माता-पिता को घर और करियर के बीच जूझते देखना और आर्थिक तंगी जैसी चीजें शामिल हैं।'जेन जेड' के लिए कार्यस्थल पर काम-काज में स्थिरता आवश्यक है। यह पीढ़ी महत्वाकांक्षी है लकिन उसकी महत्वाकांक्षा पारंपरिक पदानुक्रम के अनुसार उन्नति से अलग राह पर चलती है। 'जेन जेड', ऐसी नौकरी तलाशते हैं जो लचीली हों, जिनसे वे सार्थक योगदान दे सके और जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों के अनुरूप हो। 'जेनरेशन जेड' की उन संगठनों में काम करने की इच्छा है, जो विविधता, समावेशन और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देते हैं। यह पीढ़ी कनाडा के इतिहास में नस्लीय रूप से सबसे विविध है और सामाजिक रूप से अधिक जागरूक वातावरण में पली-बढ़ी है। वे समान व्यवहार व पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में दृढ़ विचार रखते हैं और अक्सर अपने नियोक्ताओं से 'अपनी बात पर अमल' करने की अपेक्षा करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'जेन जेड' कर्मचारियों के उद्देश्यपूर्ण कार्य प्रदान करने वाले



संगठनों में बने रहने की संभावना काफी अधिक होती है और जब ऐसी चीजें किसी कंपनी में मौजूद होती है तो उनके उस संस्थान में बने रहने की संभावना 3.6 गुना बढ़ जाती है।

**अधिकार के बजाय सहयोग को प्राथमिकता :** 'जेन जेड' के भीतर एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति अधिकार के बजाय सहयोग को प्राथमिकता देना है।एक हालिया सर्वेक्षण में पता चला कि 'जेन जेड' के लगभग आधे पेशेवर ऐसा काम पसंद करते हैं, जिनमें पर्यवेक्षकीय जिम्मेदारियां शामिल न हों। यह अनिच्छा पारंपरिक नेतृत्व भूमिकाओं की कथित कमियों से उपजी है, जिनमें अत्यधिक तनाव, जटिल काम के घंटे और कम स्वायत्तता शामिल है। कुछ 'जेन जेड' कर्मचारी प्रबंधकीय दायित्वों से बचने के लिए कम वेतन स्वीकार करने को भी तैयार हैं।

**नियोक्ता कैसे इस परिवर्तन को अपनाएं :** 'जेन जेड' प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए कनाडाई नियोक्ताओं को साक्ष्य-आधारित रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनमें पुराने तरीकों से हटकर पदोन्नित प्रक्रिया को तेज करना, परियोजना नेतृत्व और कौशल-आधारित उन्नति पर जोर देने वाले ढांचों की ओर बढ़ते हुए करियर विकल्पों को पुनर्परिभाषित करना शामिल है।जैसे-जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) और एल्गोरिथम आधारित मानव संसाधन प्रणालियां अधिक प्रचलित होती जा रही हैं, नियोक्ताओं को यह विचार करना होगा कि ये चीजें 'जेन जेड' के काम करने के तरीकों के अनुरूप कैसे ढल सकती हैं।

'जेन जेड' के लिए स्थिरता एक और प्राथमिकता है।

इस पीढ़ी के लिए, जलवायु कार्रवाई कोई नारा नहीं बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता है। 'जेन जेड' को समझना और इन नए पेशेवरों के अनुसार स्वयं को ढालने के लिए कदम उठाना, सार्थक विकास के लिए जरूरी विश्वास पैदा करने में नियोक्ताओं की मदद करेगा।

**द कन्वरसेशन**

# अब हवाई यात्रा भी बन गई आफत!

**रजनीश कपूर**

इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइनों को, जो कि ए320 पर निर्भर हैं, इस संकट से सबक लेना चाहिए। लागत कम करने के चक्कर में सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं करना चाहिए। एयरलाइनों को विविधीकरण अपनाना चाहिए, केवल एक निर्माता पर निर्भर न रहें।

हवाई यात्रा ने आधुनिक युग में दुनिया को गांव बनाया है। यह न केवल यात्रियों को दुनिया के कोने-कोने से जोड़ती है, बल्कि व्यापार, पर्यटन और वैश्विक अर्थव्यवस्था का रफ्तार बनाती है। लेकिन क्या नागरिक उड्डयन उद्योग उतना मजबूत है जितना दिखता है? हाल के वर्षों में, विभिन्न संकटों ने इसकी कमजोरियों को उजागर किया है। 2025 में एयरबस के हालिया संकट ने इस बहस को फिर से जीवित कर दिया है। एयरबस, जो बोइंग के साथ मिलकर विश्व के अधिकांश यात्री विमानों का निर्माण करता है, ने हाल में अपने ए320 फैमिली एयरक्राफ्ट में एक गंभीर सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल मचा दी है। इससे कई सवाल उठने लगे कि क्या हवाई यात्राएँ सुरक्षित हैं?

नवंबर 2025 में, एयरबस ने घोषणा की कि ए320 फैमिली के एक विमान में हुई घटना के विश्लेषण से पता चला कि तीव्र सौर विकिरण (रेडिएशन) महत्वपूर्ण डेटा को बिगाड़ सकता है। यह गड़बड़ी फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को प्रभावित करती है, जो विमान की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिणामस्वरूप, कंपनी ने लगभग 6, 000 ए320 सीरीज के विमानों के लिए तत्काल सॉफ्टवेयर अपडेट और पूर्व-सतर्कता कार्रवाई का आदेश दिया। इसने वैश्विक विमान यात्राओं में भारी व्यवधान पैदा किया। हजारों यात्री हवाई अड्डों पर फंस गए, उड़ानें रद्द हुईं और एयरलाइनों को करोड़ों का नुकसान हुआ। दिसंबर की शुरुआत तक, एयरबस ने दावा किया कि अधिकांश विमानों को ठीक कर लिया गया है, लेकिन अभी भी कई विमानों पर काम चल रहा है।

इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि सॉफ्टवेयर समस्या के ठीक बाद, कंपनी ने ए320 के कुछ विमानों के धातु पैनलों में औद्योगिक गुणवत्ता की समस्या पाई, जो फ्यूजलेज को प्रभावित करती है। यह कुछ ही विमानों तक सीमित है, लेकिन यह दर्शाता है कि एक समस्या दूसरी को जन्म दे सकती है। यह संकट हवाई उद्योग की कमजोरियों को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। सबसे बड़ी कमजोरी है बाजार का एकाधिकार। एयरबस और बोइंग मिलकर 90 फीसदी से अधिक यात्री विमानों का




उत्पादन करते हैं। यदि एक कंपनी में कोई समस्या आती है, तो पूरा उद्योग प्रभावित होता है। उदाहरण के लिए, 2019 में बोइंग 737 मैक्स की दुर्घटनाओं ने पूरे उद्योग को हिला दिया था और अब एयरबस का संकट उसी कड़ी का हिस्सा लगता है। दूसरी कमजोरी है तकनीकी निर्भरता। आधुनिक विमान सॉफ्टवेयर, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर आधारित हैं। सौर विकिरण जैसी बाहरी घटनाएं, जो जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ रही हैं, इन सिस्टमों को प्रभावित कर सकती हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी भी एक बड़ा मुद्दा है। कएळए के अनुसार, 2025 में हवाई यात्रा में 5 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन एयरबस संकट ने इसे प्रभावित किया। एयरलाइनों की लाभप्रदता कम हो गई और निवेशकों का विश्वास डगमगाया। पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ रहा है; कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों में, नई तकनीकों को अपनाने में जोखिम है। कुल मिलाकर, यह उद्योग एक जटिल जाल में फंसा है जहां एक छोटी गड़बड़ी वैश्विक संकट पैदा कर सकती है। वहीं नियामक संस्थाएं जैसे यूरोपीय यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में और भारत में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) उद्योग के मानकों को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एयरबस संकट में, ईएएसए ने तत्काल कार्रवाई की मांग की और सॉफ्टवेयर अपडेट को अनिवार्य किया। नियामकों का काम है विमानों के डिजाइन, निर्माण और संचालन की जांच करना। वे सर्टिफिकेशन प्रक्रिया के माध्यम से सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी नया विमान या अपडेट सुरक्षा मानकों को पूरा करे। लेकिन क्या वे पर्याप्त हैं?

बोइंग 737 मैक्स मामले में एफएए की आलोचना हुई कि उन्होंने निर्माता पर ज्यादा भरोसा किया। एयरबस मामले में भी, यदि सौर विकिरण की समस्या पहले पता चल जाती, तो संकट टाला जा सकता था। नियामकों को अधिक सक्रिय होना चाहिए, नियमित ऑडिट, स्वतंत्र जांच और उभरते जोखिमों जैसे साइबर हमलों या राष्ट्रीय होते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, डीजीसीए को मजबूत बनाना चाहिए ताकि स्थानीय एयरलाइनों पर सख्ती से मानक लागू हों। नियामकों की भूमिका न केवल संकट प्रबंधन में है, बल्कि सकारात्मक उपायों में भी, जो उद्योग की कमजोरियों को कम कर सकती है और हवाई यात्राओं को सुरक्षित बना सकती है।

एयरलाइनों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वे अंतिम उपयोगकर्ता हैं और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाती हैं। एयरबस संकट में, अमेरिकन एयरलाइंस जैसी कंपनियों ने तत्काल अपने बेड़े को अपडेट किया। एयरलाइनों को नियमित रखरखाव, पायलट प्रशिक्षण और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर जोर देना चाहिए। वे निर्माताओं से पार्ट्स और अपडेट प्राप्त करती हैं, लेकिन अपनी जांच भी करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइनों को, जो कि ए320 पर निर्भर हैं, इस संकट से सबक लेना चाहिए। लागत कम करने के चक्कर में सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं करना चाहिए। एयरलाइनों को विविधीकरण अपनाना चाहिए, केवल एक निर्माता पर निर्भर न रहें।

साथ ही, यात्री संचार में पारदर्शिता रखें, ताकि विश्वास बना रहे। कुल मिलाकर, एयरलाइनों की जिम्मेदारी है कि वे नियामकों के साथ मिलकर मानकों को लागू करें और संकटों में त्वरित प्रतिक्रिया दें। एयरबस संकट ने साबित किया कि हवाई उद्योग कितना संवेदनशील है। तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों से घिरा हुआ है। लेकिन मजबूत नियामक ढांचा और जिम्मेदार एयरलाइंस इसकी रक्षा कर सकती हैं। सरकारों को अनुसंधान में निवेश करना होगा, उद्योग को अधिक लचीला बनाना होगा, ताकि भविष्य के संकटों से निपटा जा सके। आखिरकार सुरक्षा सर्वोपरि है, क्योंकि आकाश में उड़ान भरना जोखिम भरा है, लेकिन इसे सुरक्षित बनाना सभी की जिम्मेदारी है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से धरातल तक उतर रही युवाओं के सर्वांगीण विकास की योजनाएं

## एसआई भर्ती परीक्षा परिणामों से युवाओं के सपने हुए पूरे, कवर्धा से 40 प्रतिभागियों के चयन ने किया गौरवान्वित

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com






उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के बीते दो वर्षों के प्रयासों ने कवर्धा में युवाओं के सर्वांगीण विकास की एक नई इबारत तैयार हो रही है। युवाओं व विद्यार्थियों के खेल तथा शिक्षा-सुविधाओं को सुदृढ़ करने के ध्येय के साथ धरातल पर उतरती योजनाओं ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। जिनमें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नालंदा परिसर का निर्माण, विद्यार्थियों के लिए हाई टेक स्मार्ट क्लास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भोरमदेव विद्यापीठ का संचालन, खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए कई जगहों पर मिनी स्टेडियम का निर्माण के साथ एस आई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करवाने जैसे कार्य शामिल हैं। यह सभी विकास कार्य बताते है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा में पिछले दो वर्षों में शिक्षा, खेल, युवा सशक्तिकरण और आधारभूत विकास के क्षेत्र में कई दूरगामी पहल की गयी है। उनका यह प्रयास न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और उम्मीदों से भरा आधार तैयार कर रहा है।

### 4 करोड़ 41 लाख की लागत से नालंदा परिसर– उज्ज्वल भविष्य की नींव

कवर्धा में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विस्तार देते हुए 4 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से नालंदा परिसर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। भूमिपूजन के पश्चात अब निर्माण कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। नालंदा परिसर भविष्य में विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक गतिविधियों और संसाधनों का केंद्र बनेगा। यहां छात्रों को उन्नत लाइब्रेरी, डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त संसाधन मिलेंगे। जो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए एक मजबूत बुनियाद तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### विभिन्न ग्रामों में मिनी स्टेडियम निर्माण से खेल संस्कृति को बढ़ावा

खेल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए कवर्धा विधानसभा के अनेक ग्रामों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्टेडियमों के निर्माण से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए उपयुक्त वातावरण मिलेगा। यह प्रयास स्थानीय युवाओं को खेल की मुख्यधारा से जोड़ने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### कवर्धा के विभिन्न ग्रामों में मिनी स्टेडियम निर्माण से खेल संस्कृति को बढ़ावा

खेल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए कवर्धा विधानसभा के अनेक ग्रामों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्टेडियमों के निर्माण से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए उपयुक्त वातावरण मिलेगा। यह प्रयास स्थानीय युवाओं को खेल की मुख्यधारा से जोड़ने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### भोरमदेव विद्यापीठ – प्रतियोगी परीक्षा का समग्र केंद्र

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की स्पष्ट सोच है कि आ संसाधनों के कमी के चलते जिले के होनहारों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कहीं कमी न हो। वे इस ध्येय को धरातल पर मूर्त रूप देने का कार्य भोरमदेव विद्यापीठ संचालन की पहल से कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए समग्र संसाधन केंद्र के रूप में तैयार हुआ है। भोरमदेव विद्यापीठ के माध्यम से प्रति वर्ष 200 प्रतिभावान युवाओं को सीजी पीएससी और सीजी व्यापम परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस पहल से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग मिल रही है और सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं को हासिल करने का रास्ता उनके लिए आसान हुआ है।अनुभवी शिक्षक, सटीक रणनीति, सिलेबस के अनुसार स्टडी मटेरियल और मार्गदर्शन प्रतिभागियों की तैयारी पुख्ता हो रही है।

### 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम शिक्षा में डिजिटल क्रांति

शिक्षा के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए कवर्धा विधानसभा के 50 सरकारी स्कूलों में बड़े निजी स्कूलों की तर्ज पर स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखने-समझने का अवसर मिल रहा है। स्मार्ट क्लासरूम बच्चों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हुए शिक्षा को अधिक रोचक, प्रभावी और बहुआयामी बना रहे हैं।


### एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी कबीरधाम के 40 युवाओं का चयन


छह वर्षों से लंबित 975 पदों की एसआई भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और उसका परिणाम जारी कराना उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से संभव हुआ है। इस भर्ती में कबीरधाम जिले के 40 युवाओं का चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि युवाओं के मन में नई ऊर्जा और विश्वास भरती है कि युवाओं के रोजगार के अवसर मजबूत हो रहे हैं।

# बोडला में नगर पंचायत का शौचालय महीनों से बंद, आखिर जिम्मेदार कौन?

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com







नगर पंचायत बोडला का सामुदायिक शौचालय, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बना हुआ हैं। जो लोगों के लिए सबसे जरूरी सुविधा था, पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। शौचालय पर ताला लगा होने से मरीज, महिलाएँ, बुजुर्ग, दुकानदार और राहगीर सभी परेशान हैं। शौचालय का संचालन नगर पंचायत ने एक ठेकेदार को दिया था, लेकिन ताला लगा है, साफ-सफाई नहीं होती और किसी तरह की देखरेख भी नहीं है। लोग सवाल पूछ रहे हैं– यदि नगर पंचायत ने शौचालय ठेके पर दिया था, तो उसकी जिम्मेदारी कौन देख रहा है।

### मरीज और राहगीर सबसे ज्यादा परेशान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास होने के कारण रोजाना यहां सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। शौचालय बंद होने से उन्हें काफी दिक्कत होती है। कई लोग मजबूरी में दूर जाकर सुविधा लेते हैं, जो बेहद शर्मनाक और असुविधाजनक स्थिति है।

### ठेकेदार गायब, नगर पंचायत चुप

स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय महीनों से बंद है लेकिन न ठेकेदार दिखाई देता है और न ही नगर पंचायत का कोई कर्मचारी इसे देखने आता है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के अधिकारी सिर्फ बोर्ड लगा देते हैं, लेकिन सुविधा चल रही है या नहीं, इसकी चिंता किसी को नहीं।

### स्वच्छता अभियान की पोल खुली

शौचालय पर 'स्वच्छता का प्रतीक' लिखा हुआ है, लेकिन अंदर ताला लगा है। यह स्थिति साफ दिखाती है कि स्वच्छता अभियान का पालन सिर्फ कागजों पर हो रहा है, जमीन पर नहीं।

### जनता की मांग – ताला तुरंत खोला जाए

लोगों ने नगर पंचायत से मांग की है कि शौचालय तुरंत खोला जाए, साफ-सफाई और पानी की सुविधा बहाल की जाए, ठेकेदार और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो।

# ऑनलाईन गेम की आदत ने ली जानः सुसाईड नोट में ऑनलाईन बेटिंग गेम का खुलासा, फांसी में झूले असिस्टेंट प्रोफेसर


पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के ग्राम अर्जुनी में कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय शासकीय कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर का शव शनिवार को दोपहर में अर्जुनी स्थित किराये के मकान के वेन्टीलेशन में लटकते देखा गया। पुलिस सूत्रों की माने तो कमरे में बरामद कथित सुसाईड नोट में मृतक ने ऑनलाईन गेम बेटिंग का जिक्र किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्थानीय शासकीय कालेज के संविदाकर्मी असिस्टेंट प्रोफेसर हरिवंश चोरगे, 27 वर्ष निवासी बिलाईगढ़, सारंगढ़ ने अर्जुनी स्थित किराये के मकान में फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सुबह से दोपहर तक प्रोफेसर के घर से बाहर नही निकलने व दरवाजा तक नही खोलने से मकान मालिक कौशिक ने दरवाजा खटखटाते हुए आवाज लगाई। जब मकान मालिक ने वेंटिलेशन में देखा तो प्रोफेसर वेंटिलेशन में फंदे के सहारे झूलते पाए गए। सूचना के आधार पर विवेचक देव रावटे ने मौका मुआयना किया, तो पुलिस को एक सुसाईड नोट बरामद होने की बात कही जा रही है, जिसमे प्रोफेसर ने अपने पिता के भरोसे पर खरा नही उतरने पर पिता से माफी माँगी है। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम उपरांत अंत्येष्टि के लिए भेज दिए जाने की खबर है। सुसाइड नोट सहित अन्य एंगल से पुलिस विवेचना जारी है। बहरहाल स्थानीय पुलिस संविदाकर्मी असिस्टेंट प्रोफेसर के ऑनलाईन गेम की आदत को आत्महत्या की वजह मान रही है।

# शिवमहापुराण श्रवण से मनुष्य के सभी दोष दुर हो जाता है : ज्योर्तिमयानंद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा प्रारंभ प्रथम दिन प्रातःकाल से यज्ञाचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में मंथन कर अग्नि प्रज्वलित किया गया यज्ञ स्थल पर महिलाएं, पुरुष, बच्चों ने जय जयकार कर परिक्रमा प्रारंभ किया बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए। दोपहर 2बजे से दण्डी स्वामी ज्योर्तिमयानंदःसरस्वती द्वारा शिवमहापुराण कथा का प्रारंभ करते हुए कहा कि कलियुग में शिवमहापुराण कथा सुनने से ही पुण्य की प्राप्ति एवं जीवन के पाप कट जाते हैं। कलियुग में धर्म का अपमान हो रहा है धर्म से लोग शुन्य होने लगें हैं सभी पुराणों का सार शिवमहापुराण है जिससे मनुष्य के सभी दोष दुर हो जाता है । मनुष्य के जीवन में पुण्य का उदय होता है तो शिवमहापुराण कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है शिवमहापुराण कथा सुनने से राजसूय यज्ञ करनें की प्राप्ति होती है शिवमहापुराण कथा कलयुग में मन को शुद्ध करनें वाला है अमृत पान करनें जैसा है। घर के एक व्यक्ति भी इस कथा को सुन लेता है तो पुरे खानदान तर जाता है । कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहें हैं। कथा स्थल पर मुख्य रूप से जीवधन प्रसाद तिवारी, राकेश तिवारी, नरोत्तम साहू, टेकराम साहु, संदीप गोंड, केशव प्रसाद तिवारी, फेरू साहू, बहोरन पाण्डेय, रामकृष्ण वैष्णव, वर्षा गौतम, जानकी साहू, मिनाक्षी तिवारी, अघनियां सिन्हा, के साथ बड़ी संख्या में कथा श्रवण किया प्रतिदिन शिवमहापुराण की कथा नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में 2 बजे से प्रारंभ होता है।

# ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन फसल लेकर, फसल चक्र को अपनाने कर रहे हैं प्रेरित

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

धान के फसल की कटाई के पश्चात बचे हुए अवशेषों को बेलर मशीन के माध्यम से संग्रहित कर कृषक रत्न से सम्मानित सोमेश साहू अपने पशुओं के चारा हेतु बेहतर व्यवस्था कर रहे हैं। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के कृषक रत्न से सम्मानित साहू ने कृषि क्षेत्र में अपनी प्रगतिशील सोच से एक मिसाल कायम की है। उन्होंने धान कटाई के बाद फसल अवशेषों (पराली) को न जलाकर, उसे बेलर मशीन के माध्यम से संग्रहित करने का अनूठा कार्य किया है। उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 45 पशु है। जिनके लिए नियमित रूप से चारा की आवश्यकता होती है। जिसके लिए वे अपने खेत में धान की कटाई के पश्चात बचे अवशेष (पराली) को जिला खनिज न्यास मद से प्राप्त बेलर मशीन का उपयोग कर संग्रहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष को खेत में न जलाकर उसे संग्रहित करना चाहिए। इस फसल अवशेष को जलाने से पर्यावरण प्रदूषण, मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीव की हानि, मित्र कीटों को नुकसान इसके साथ ही जमीन में उपजाऊ क्षमता में प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि गिरते भू-जल स्तर को सुधारने के लिए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, गन्ना, मक्का, गेहूँ इत्यादि कम जल संचय करने वाली फसलों को लगाना चाहिए तथा फसल चक्र को अपनाना चाहिए ।

# सघन कुष्ठ खोज अभियान का हुआ प्रशिक्षण




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा के नवागढ़ ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सघन कुष्ठ खोज एवं जांच उपचार अभियान,सघन पल्स पोलियो अभियान का प्रशिक्षण कार्ययोजना तैयार करने के साथ समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रम का समीक्षा किया गया जिसमें मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज, बीएमओ नवागढ़ डॉ एम एम रजा उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। इनका मॉनिटरिंग भी आवश्यक है जिससे हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ अवश्य मिले। कोई भी हितग्राही स्वास्थ्य सेवा लाभ से वंचित न हो इनका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इसमें किसी प्रकार से लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में नवागढ़ ब्लॉक के बीपीएम, समस्त स्वास्थ्य केंद्र संस्थान प्रभारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध परिवहन रोकने वाले चेक-पोस्ट के जिम्मेदार गायब

### मध्यप्रदेश से रोज घुस रहा है धान, रात में माल पार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले की सीमाओं पर धान तस्करी बेरोकटोक जारी है। अवैध परिवहन को रोकने के लिए बनाए गए चेक-पोस्ट और बैरियर पर तैनात कर्मचारी अक्सर गायब पाए जाते हैं, जिससे मध्यप्रदेश से धान की अवैध एंट्री का रास्ता लगभग खुला हुआ है। जानकारी के अनुसार अवैध परिवहन करने वाले तस्कर रेंगाखार, समनापुर, चरणतीर्थ, बोकरखार, दलदली, पौलमी, सेनदूरखार, झूमर सहित कई सीमावर्ती रास्तों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में धान छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहा है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर बिना रोक-टोक माल पार कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश के व्यापारी 2400 से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान की आपूर्ति कर रहे हैं, जिसे बाद में छत्तीसगढ़ की उपार्जन व्यवस्था में खपाया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन बैरियरों पर अवैध परिवहन को रोकने की जिम्मेदारी है, वहीं के कर्मचारी नदारद मिल रहे हैं। इससे प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि चेक-पोस्ट पर नियमित निगरानी बहाल नहीं की गई, तो जिले में धान तस्करी पर लगाम लगाना नामुमकिन हो जाएगा, और इसका सीधा असर सरकारी उपार्जन प्रणाली पर पड़ेगा।

# गौ-प्रतिष्ठा एवं शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित गौ-प्रतिष्ठा एवं शिव महापुराण कथा के पावन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में धार्मिक उत्साह, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष संचार रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में निम्न गणमान्य नागरिक, विशेष रूप विकाश तम्बोली लेखमनी पाण्डेय जी राजकुमार खांडे लक्की साहू रोशन दत्ता सावित्री रजक मीनू पटेल उपस्थित रहे।

# जिला साहु संघ के अध्यक्ष के लिए चार दावेदार, 9 दिसंबर को होगा मतदान और परिणाम घोषित होगा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला साहू संघ बेमेतरा का त्रैवार्षिक आम चुनाव 9 दिसंबर 2025 को टाउन हॉल बेमेतरा में संपन्न होगा। जिसमें तुलाराम साहू मुख्य चुनाव अधिकारी तथा शांतनु साहू, बिशेसर साहू एवं शिवकुमार साहू पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ साहू संघ रायपुर होंगे। बेमेतरा जिला साहु संघ के अध्यक्ष पद हेतु चार उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें शत्रुघ्न साहु, नारद साहु, गैंद राम साहु और प्रमोद साहु है और अन्य पद के लिए भी उम्मीदवार है। जिला साहू संघ बेमेतरा के निर्वाचन में आजीवन सदस्य सभी तहसील साहू संघ के निर्वाचित अध्यक्ष सहित सात सदस्य वह सभी परिक्षेत्र के निर्वाचित अध्यक्ष सहित 7 सदस्य साधारण सदस्य के रूप में मतदाता होंगे। जिसमें जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष दो महिला एवं पुरुष तथा संगठन सचिव महिला एवं पुरुष कुल पांच पदों का निर्वाचन होना है। जिला साहू संघ बेमेतरा के आजीवन सदस्य व तहसील व परिक्षेत्र निर्वाचित साधारण सदस्य कुल मतदाता संख्या 2088 है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान का समय सुबह 9:00 बजे से 3:00 बजे शाम तक होगा। साथ ही मतदान पश्चात मतगणना एवं परिणामों की घोषणा किया जाना है। उक्त जानकारी पंचम साहू पूर्व संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ रायपुर के द्वारा दी गई।

# संजय बैस ने विभागीय अधिकारियों को गांव में ही बुलाकर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत धुरवाटोला के आश्रित ग्राम शिकारी टोला के प्राथमिक स्कूल को शासन के द्वारा मर्ज होने वाले विद्यालय की सूची में डाल दिए जाने पर ग्राम वासी अपने गांव के स्कूल बंद होने की सूचना से चिंतित थे। इन सभी बातों की जानकारी पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस को ग्रामीणों ने दी। संजय बैस ने विभागीय जानकारी लेते हुए सभी विषयों को समझा और विभागीय अधिकारियों को गांव में ही बुलाकर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया। संजय बैस ने ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच चर्चा उपरांत बताया कि वास्तव में विभागीय त्रुटि से शिकारी टोला का नाम स्कूल बंद होने की सूची में नाम आ गया है । इसे पुनः सुधार कर शासन स्तर पर भेजने की बात कही। ग्रामीण संजय बैस से उम्मीद लगाए बैठे थे। क्योंकि ग्रामीण जनों को भरोसा था कि हर बार की तरह संजय बैस उनकी समस्या का निराकरण करेंगे और स्कूल को बंद होने से बचाने में सफल होंगे। इसी उम्मीद से ग्रामीण जन बैठक में इंतजार कर रहे थे। जब विद्यालय परिसर में अधिकारियों के साथ पहुंचे तो लोगों को उम्मीद की किरण नजर आ गई कि समस्या का निराकरण अवश्य होगा गांव के तरफसे सरपंच पंच ग्राम पटेल ने अपनी बात रखी। सरपंच अंजू कोसमा ने बताया कि हमारे गांव के स्कूल बंद होने की खबर सुनकर हम सब चिंतित हैं। हमारे गांव के छोटे छोटे बच्चे पढ़ाई करने अब कहां जायेंगे। अभी इनकी उम्र मां और पिता के उंगली पकड़कर स्कूल जाने की है हम दूसरी जगह कैसे भेजेंगे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकम गावरे ने कहा कि हम अपने गांव की स्कूल को बंद होने से बचाना चाहते है चाहे जो हो जाए हम विद्यालय बंद नहीं होने देंगे। इन सभी बातों को सुनकर अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि संजय बैस ने आप के स्कूल के सम्बन्ध में पूरी जानकारी हमें दे दी है जिससे स्पष्ट हुआ है कि विभागीय लिपिकीय त्रुटि के कारण आपके गांव के स्कूल का नाम बंद होने की सूची में आ गया है। आप लोग किसी तरह से चिंतित ना हो, आपके गांव का स्कूल बंद नहीं होगा। मैने कलेक्टर से चर्चा कर आपको आश्वास्त कर रहा हूं, इसे सुधार कर संशोधन करने के लिए ही आपके गांव में ब्लाक शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी बीआरसी शर्मा आए हुए है उसे सुधार कर शासन को पुनः भेजा जाएगा। ब्लाक शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी ने भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आपके गांव का स्कूल बंद नहीं होगा। उनके आश्वासन के बाद ग्रामीण जन हर्षित होकर तालियों से अभिवादन किए और अपने नेता संजय बैंस का आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर हरिशचंद चुरेंद्र, रामनाथ आर्य, खुमान सिंग गावरे, पुनीत राम धनकर, रिखी राम धनकर, ओम प्रकाश बालेंद्र, पवन कुमार आर्य, किरण नायक, योगेश्वरी गावरे, यशोदा बाई, नंदिता धनकर सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सास्कृति, साहित्यिक तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत धरोहर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com






तमनार एवं जैजैपुर के संयुक्त तत्वधान में डायट पेंड्रा में सास्कृत साहित्य कला एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यक्रम का आयोजन पेंड्रा में किया गया था जिसमें तमनार विद्यालय एवं जैजेपुर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जहां पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा डाइट में लगाएं गए पौधे जो वनस्पती विज्ञान से संबंधित है। वहां पर देखने को मिला तथा पुराने धरोहर में एतिहासिक संग्रहित सभी चीजों को उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा और जान पहचान धरोहर में संग्रहित सभी चीजों को उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा और जान पहचान के आधारित वहीं पर शिक्षा से संबंधित सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा से संबंधित किया गया। जिसमें हर कलाओं में शिक्षा का महत्व को बताया गया कि किस तरह से हम छात्रों को आगे आना है। वहीं पर अनेक वक्ताओं ने अपने जीवन शैली पेंड्रा में बताएं एवं आने वाले समय के लिए संग्रहित विचार का शिक्षक किया जहां पर सभी छात्र एवं शिक्षकों ने इन्हें ध्यान पूर्वक सुनते हुए डाईट पेंड्रा की कारवां को अपने-अपने विद्यालय में इस कार्यक्रम को संचालन करने के लिए प्रेरित हुए। इस तरह से डाइट पेंड्रा में औषधि हर पौधों में देखने को मिला और छात्राओं ने उनके बारे में गहराई से जानकारी लिए जहां पर अनेकों प्रकार की पढ़ाई की कला को भी छात्रों के समक्ष रखा गया जिसे वह जो शिक्षक पढ़ने में अनभिज्ञ हैं उन्हें भी वहां पर पढ़ाने के लिए मार्गदर्शन का काम डाइट पेंड्रा में बताया गया। डाइट के प्राचार्य ने अपने वसतविक अनुभव को सभी को बताया की मेरे आने से पहले यहां पर कुछ भी नहीं था, जो हम लोगों ने 8 साल से ओवर चैंपियन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में केवल डाइट पेंड्रा का नाम सै जाना जा रहा है और वह सबसे आगे हैं मैं अपने निस्वार्थ सेवा से टेबल, कुर्सी, पेड़ पौधे, पुस्तकालय लगाए हैं। मेरी मानसा यह है कि मैं इन्हीं पर सेवा करूं ताकि आने वाले जो युवा छात्र आएंगे इन से वे ज्ञान लेकर अपने-अपने विद्यालयों में इस कर्म को आगे बढ़ाएंगे। वहीं पर जो डाइट से लगभग 12 वर्ष पहले रिटायर्ड हो चुके है उन्होने कि आज मुझे गर्व हो रहा है कि पुष्प सर ने पुष्प की बौछार कर इस डाइट का नाम को आगे बढ़ाने के लिए अपना जी तोड़ प्रयास कर रहे हैं जो आज पूरे छत्तीसगढ़ में डाइट का नाम सबसे आगे शिक्षा के लिए जाना जाता है। दुर से आकर क्षिक्षा लै रहे हैं। इस तरह से ऐतिहासिक धरोहर डाईट के नाम से जाना जाता है।

# जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड कंट्रोल रूम प्रभारी समस्त बी आर सी, समग्र नोडल अधिकारी एम. डी. दुबे, द्वारिका प्रसाद पटेल एवं उल्लास नवभारत साक्षरता नोडल रेवती रमन साहू सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण दल का गठन किया गया। सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए गए। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में एफएलएनएटी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।जिले में कुल 172 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं साथ ही विशेष सुविधा एवं सुव्यवस्थित संसाधनों के साथ 10 आदर्श उल्लास केंद्र तैयार किए गए हैं। इस परीक्षा अभियान में जिले के 4000 नवसाक्षरों को शामिल किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सभी विकासखंडों में जनजागरण रैली** — नवसाक्षरों में उत्साह का संचार परीक्षा की तैयारियों को जनभागीदारी से जोड़ने हेतु जिले के सभी विकासखंडों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में साक्षरता के महत्व से जुड़े नारे, पोस्टर, और जनसंदेश के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सभी नवसाक्षरों को पीला चावल एवं निमंत्रण पत्र प्रदान कर महापरीक्षा में सम्मिलित होने का औपचारिक आमंत्रण दिया गया,ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों द्वारा मुनादी करवाई गई, जिससे प्रत्येक गांव तक परीक्षा की सूचना प्रभावी रूप से पहुँच सके। इन सभी गतिविधियों से जिले भर के नवसाक्षरों में विशेष उत्साह, जागरूकता और सक्रियता देखने को मिली। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अधिकारियों को परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा आमजन से भी अपील की कि वे नवसाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें, जिससे जिले में साक्षरता अभियान को नई गति मिल सके।

# टीआई लखन पटेल की सक्रियता से ट्रैक्टर इंजन एवं ट्राली चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति राताखार कोरबा में एक चोरी के ट्रेक्टर ट्राली को बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है। पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती अंजली गुप्ता को सूचना के बारे में अवगत कराकर कुशल दिशा निर्देश प्राप्त होने पर मुखबिर के बताये स्थान पर सूचना तस्दीक हेतु राताखार कोरबा में रात में ही दबिश देकर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसे कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह तथा उसके चार अन्य दोस्त मिलकर ग्राम बगबुडवा से ट्रेक्टर ट्राली को अपने स्वयं के सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन क्रमांक सीजी 12 बी क्यू 8464 में चोरी कर राताखार ले आये थे आरोपी ओम पाण्डेय के निशानदेही पर चोरी गये ट्रेक्टर के ट्राली तथा चोरी में प्रयुक्त सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन को जप्त कर विधिवत कार्यवाही करते हुये आरोपी ओम पाण्डेय पिता मनोज कुमार पाण्डेय उम्र 20 साल साकिन राताखार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) को विधिवत गिर कर जेल दाखिल किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल, के नेतृत्व में उप निरी. भूपेन्द्र चन्द्रा, प्र. आर. 298 शब्बीर मेमन, आर, 119 जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के टेरम के पास स्थित रामी फ्यूल के सामने आज दोपहर डेढ़ बजे के आसपास एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार एक युवक देवेंद्र सिदार जो कि पोरडा स्कूल का कर्मचारी है उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाईक में सवार दोनों युवक सड़क में गिर गए। जिससे देवेन्द्र सिदार का सिर ट्रेलर के भारी भरकम पहियों के नीचे आ गया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक घटी इस घटना के बाद बाईक में सवार दूसरा युवक घबराहट में मौके से फरार हो गया।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली प्लास्टिक मुक्त भारत जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, शिवरीनारायण के छात्र-छात्राओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत नगर में प्रभावी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में आकर्षक तख्तियां और बैनर लेकर प्लास्टिक हटाओ-पर्यावरण बचाओ, स्वच्छ नगर-सुंदर नगर, सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नागरिकों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान, पर्यावरण प्रदूषण, जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव और वन्यजीवों के लिए बढ़ते खतरे के प्रति सचेत किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई, जहां बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को प्लास्टिक कम करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बुद्धेश्वर केशरवानी, शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद डॉ. धर्मेन्द्र राम, शिवरीनारायण मंडल महामंत्री विष्णु हरि गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य बसंत देवांगन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के लिए इस प्रकार की जागरूकता आवश्यक है। रैली के माध्यम से बच्चों ने नगरवासियों से प्लास्टिक के कम उपयोग, पुनः उपयोग योग्य विकल्प अपनाने, तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने की अपील की।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा भारत रत्न, ज्ञान के प्रतीक भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ भीमराव राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर अंबेडकर चौक पामगढ़ में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और बाबा साहब अमर रहे भारतीय संविधान जिंदाबाद के गगन भेदी नारे से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर विनेश मनहर प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान गोरेलाल बर्मन, मनोज खरे, दिनेश थवाईत, शिव पातरे संभागीय अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान बिलासपुर, शिव राज सायटोंडे जिला अध्यक्ष भीम रेजिमेंट जांजगीर चांपा, गिरधारी यादव, सत्या प्रकाश दिवाकर, सुखदेव श्रीवास, अनिल कुमार राय, परमेश्वर शांडिल्य सचिव, सुमित रत्नाकर, अजय मधुकर हरिशंकर शास्त्री, दीपक, आदि उपस्थित थे।

# कोरवा समुदाय से सीधी मुलाकातः संध्या चौपाल में प्रशासन का भरोसा जीत गई नयन



पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विकासखंड बलरामपुर के चिलमा गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें कोरवा समुदाय के परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चौपाल में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए हर घर की वास्तविक जरूरतों,योजनाओं के लाभ की स्थिति और लंबित समस्याओं को विस्तार से सुना। सीईओ तोमर ने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य केवल योजनाएं पहुँचाना नहीं, बल्कि उनके जीवन में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से आवास निर्माण के लिए मिली राशि का समय सीमा में सही उपयोग किया जाए,ताकि हर पात्र परिवार जल्द से जल्द पक्के घर में रह सके। इस दौरान आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को मंच पर सम्मानित भी किया गया, जिससे अन्य लाभार्थियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी और पात्रता मानकों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशासन का उद्देश्य था कि कोई भी पात्र परिवार आवास सुविधा से वंचित न रह जाए। संध्या चौपाल के दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण के साथ ग्रामीणों के सुझाव भी नोट किए,ताकि आगे की कार्यवाही अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके।

# मदकूद्वीप के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चे

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




शक्ति के लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल शक्ति के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने 5 दिसंबर को बिलासपुर के निकट शिवनाथ नदी पर स्थित मदकू दीप का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस हेतु विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, क्लास 6वी से 12वी तक के विद्यार्थी, संचालक एवं अन्य सहयोगियों के साथ प्रातः 8:00 बजे मदकू द्वीप हेतु 4 बसों से प्रस्थान किया। यह द्वीप बिलासपुर के निकट शिवनाथ नदी पर स्थित बहुत ही रमणीय स्थल है। बच्चे वाहन में सफर का आनंद लेते हुए 11:30 पर द्वीप पहुंचे, जहां पहले से ही विद्यालय द्वारा नाश्ते की व्यवस्था थी। सर्वप्रथम बच्चों ने नाश्ता किया उसके पश्चात नदी में नौका विहार का आनंद लिया। नौका विहार के पश्चात बच्चों एवं शिक्षकों ने वन का भ्रमण किया। वहां पर स्थित प्राचीन मंदिर एवं भूमि से निकले विशेष शिलालेख की जानकारी हासिल की इसके पश्चात 2:30 पर बच्चों ने दोपहर भोज का आनंद लिया। नदी पर स्थित बांध बच्चों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नदी पर बने डेम साथ ही साथ म्यूजिक एवं डांस का इंजॉय करते हुए बच्चों ने शाम को चाय एवं नाश्ता लिया। इसके पश्चात शाम 6:00 बजे वहां से बस द्वारा शाला परिवार रवाना हुआ एवं रास्ते का मजा लेते हुए लगभग 9:00 बजे सभी विद्यालय प्रांगण वापस आ गए जहां पर पहले से ही पालक बच्चों की प्रतीक्षा कर रहे थे। बच्चे अपने पालकों के साथ अपने घर हेतु रवाना हुए पालकों ने भी इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के संचालक टी.पी. उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस ने कहा की उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या सोनी, रश्मि यादव, भूमिका सोनी, निक्की राठौर, शिवरात्रि साहू, मोतीलाल पटेल, मेघा साहू, अमन चौधरी, उमाशंकर पटेल, दीप्ति चंद्रा, हिमांशु दिव्य, तनीषा पटेल, जयंती देवांगन, हितेश यादव, सुनील साहू, पलक अग्रवाल, आशिका अग्रवाल, गुंजा देवांगन, कृति राठौर, राधिका देवांगन, ज्योति सोनी, मुस्कान पटेल, अंजलि देवांगन, प्रीति राठौर, एवं पलक अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# महिला बाल विकास एवं डाकघर ने किया आंगनबाड़ी केदो में आधार कार्ड शिविर

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के वार्ड 09 रानी सागर पारा के आंगनबाडी केंद्र वार्ड नंबर 1 में भारतीय डाक विभाग और महिला बाल विकास के संयुक्त तत्वाधान से जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोडले मार्गदर्शन में आधार शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उदघाटन वार्ड नं के पार्षद गजेंद्र यादव और वार्ड 08 के पार्षद मनोज सोनी एवम बजरंग अग्रवाल भाजपा कार्यकर्ता के हाथों में सरस्वती मां की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ करवाया गया। शक्ति शहर के सभी वार्डों से आयें शून्य से 6 वर्ष के बच्चों का बाल आथार बनवाया जा रहा है साथ ही सुकन्या समृद्धि के लिए खाता भी खुलवाया जा रहा है आधार अपडेशन एवम मोबाइल नंबर सुधार का कार्य भी यहां कराया जा रहा है परियोजना अधिकारी श्याम कवर के निर्देशानुसार आंगनबाडी के कार्यकर्ता रजनी यादव चिरागिनी सोनी चकोरी देवांगन अंजना देवांगन अर्चना तारक हरि प्रिया जयसवाल उर्मिला केवट प्रीति प्रधान उपस्थित रहे साथ ही शक्ति शहर की पर्यवेक्षक भावना नेताम द्वाराउपस्थित पालकों को बाल आधार बनवाना उनका महत्व और सुकन्या समृद्धि योजना के साथ-साथ विभाग की नोनी सुरक्षा योजना कन्या विवाह योजना कुपोषण मुक्ति हेतु पोषण सम्बन्धी जानकारी दी गई, आधार शिविर डाकघर के तत्त्वधान में किया जा रहा है पार्षद पिंटू यादव के द्वारा उदघाटन कराया गया है, जिसमें शक्ति शहर के सभी वार्डन से बच्चों का बाल आधार एवीएन सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया जा रहा है आधार अपडेशन एवीएन मोबाइल नंबर सुधार का कार्य भी कराया जा रहा है, इस आधार शिविर में 23 बच्चों का आधार बना, पांच बच्चों का आधार, मोबाइल नंबर सुधारा गया, 5 बच्चों का सुकन्या खाता खुलवाया गया और पंच हितग्राही और स्थापित रहे जिनका बाद अगले में बनवा दिया जाएगा।

# 39 गांवों के हजारों किसान सड़क पर उतरे, जनसुनवाई रद्द करने की मांग, छुईखदान में श्री सीमेंट विवाद ने पकड़ा उग्र मोड़

## किसानों और पुलिस के बीच झड़प हाईवे जाम, लाठीचार्ज तक पहुंचा मामला

पायनियर संवाददाता खैरागढ़
www.dailypioneer.com





छुईखदान के बुंदेली क्षेत्र में प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री और सण्डी चूना पत्थर खदान को लेकर ग्रामीणों का असंतोष शनिवार को बड़े जनविस्फोट में बदल गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुई रैली दोपहर होते-होते उग्र टकराव में बदल गई, जिसमें किसानों और पुलिस के बीच कई दौर की झड़पें, बैरिकेड तोड़फोड़, हाईवे जाम और लाठीचार्ज की नौबत आ गई।

**39 गाँवों की ऐतिहासिक रैली, किसानों का सैलाब उमड़ा-** सुबह 11 बजे संडी-बुंदेली-दानिया क्षेत्र से रैली शुरू हुई जिसमें 3,000 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। किसान अपनी माँगों के साथ नारे लगाते हुए उदयपुर होकर गोपालपुर चौक पहुँचे—जो छुईखदान से महज 600 मीटर की दूरी पर है। जनसुनवाई रद्द करो, किसान एकता ज़िंदाबाद और सीमेंट फैक्ट्री नहीं चाहिए जैसे नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा।

**पुलिस का रोकने का प्रयास नाकाम, तनाव की पहली चिंगारी-** छुईखदान पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कई स्थानों पर बैरिकेड और ट्रक खड़े कर किसानों को रोकने की कोशिश की, लेकिन जब रैली आगे बढ़ती रही तो पुलिस को बैरिकेड हटाने पड़े। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस आगे-आगे और किसान पीछे-पीछे चलते रहे, जिससे कई बार अफरा-तफरी की स्थिति बनी।

**एसडीएम कार्यालय घेराव, कलेक्टर नहीं आने पर भीड़ भड़की-** दोपहर लगभग 12 बजे किसान एसडीएम कार्यालय पहुँच गए और जनसुनवाई रदद करने का ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि कलेक्टर मौके पर आएँ। लगभग पाँच घंटे इंतजार के बाद भी जब कलेक्टर नहीं पहुँचे, तो भीड़ में आक्रोश फूट पड़ा और स्थिति बिगड़ने लगी।

**हाईवे जाम, बैरिकेड तोड़फोड़, स्थिति हुई नियंत्रण से बाहर-** कलेक्टर के नहीं आने से नाराज़ किसानों ने स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। उपद्रवियों ने सरकारी बैरिकेड को उठाकर जमीन में पटक-पटककर तोड़ दिया। कुछ युवकों ने ट्रैफिक ब्लॉकेड के दौरान एंबुलेंस रोकने की भी कोशिश की, जिसे पुलिस और समझदार ग्रामीणों ने मिलकर सुरक्षित निकाल दिया। हाईवे पर भारी भीड़ और उग्रता के कारण पुलिस के लिए हालात संभालना मुश्किल होने लगा। पुलिस प्रशासन लगातार पीछे हटता गया, जबकि उपद्रवी बैरिकेड और लोहे के फ्रेम लेकर खैरागढ़ की ओर बढ़ते रहे।

**उग्र टकरावः पुलिस का लाठीचार्ज, किसानों का पलटवार-** स्थिति जब पूरी तरह हाथ से निकलती दिखी तो पुलिस ने मजबूर होकर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। लाठीचार्ज होते ही भीड़ कुछ देर बिखरी, पर कुछ ही देर बाद युवा किसान फिर एकजुट होकर लौट आए और पुलिस दल पर दौड़ पड़े। पुलिसकर्मी बचने के लिए थाना परिसर की ओर भागे। इसके बाद पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाया और जय स्तंभ चौक पर मोर्चा संभाला। कई उपद्रवियों ने सड़क किनारे खड़ी एक बस में पत्थर फेंककर शीशे तोड़ दिए। इस घटना ने माहौल को और अधिक विस्फोटक बना दिया।

**आरोप-प्रत्यारोप तेजः नेताओं की तीखी बयानबाज़ी-** तहसील कार्यालय पर किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता सुरेश टीकम ने कहा, जहाँ तीन फसल होती है, वहाँ फैक्ट्री लगाना सीधे-सीधे किसानों की हत्या है। सरकार 200 लोगों की नौकरी के लिए हजारों किसानों की रोज़ी-रोटी छीनने पर आमादा है।

**महिलाओं और बच्चों की उपस्थितिः आंदोलन का भावनात्मक पक्ष-** तहसील कार्यालय पर हजारों महिलाएँ भी प्रदर्शन में शामिल रहीं। ठंड से बचने के लिए वे कम्बल, शाल और बच्चों का सामान लेकर पहुँची थीं। रैली में तीन साल का पंडरिया निवासी तिलक भी शामिल था, जिसे ग्रामीण उसके भविष्य की लड़ाई का प्रतीक मान रहे हैं।

**रात तक नहीं रुका प्रदर्शनः पुलिस और किसान आमने-सामने-** शाम ढलने तक पुलिस चौकियों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया। जय स्तंभ चौक पर पुलिस किसानों को रोककर खड़ी रही, जबकि किसान नारेबाज़ी करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। खबर लिखे जाने तक आंदोलन जारी था और पुलिस तथा किसान आमने-सामने डटे हुए थे। तनाव अभी भी बना हुआ है और प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

**पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कहा,-** हम तहसील कार्यालय के पास केवल कलेक्टर को बुलाने की मांग कर रहे थे। उसी दौरान कुछ उपद्रवी स्टेट हाईवे पर जाकर चक्का जाम कर बैठे—इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। वे शुरू से रैली का हिस्सा भी नहीं थे, न ही हम उन्हें पहचानते हैं। शाम को वे कहाँ से आए, हमें बिल्कुल पता नहीं। रैली की अगुवाई पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जनपद सभापति सुधीर गोलछा, मोतीलाल जंघेल, श्रवण जंघेल, कामदेव वर्मा, मुकेश पटेल, लोकेश्वरी जंघेल, डॉ. नेतराम जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, बलराम जंघेल, रमेश जंघेल, दीना जंघेल व डोमार जंघेल जैसे कई नेता बैठक में मौजूद रहे और वही लोग रैली का नेतृत्व कर रहे हैं।

# स्कूलों में विविध कार्यक्रम ही असली शिक्षा का आधार : प्रकाश सिन्हा

### बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुंचे जनपद सभापति

पायनियर संवाददाता । भंवरपुर
www.dailypioneer.com



किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में उत्साह और उमंग से भरा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फैंसी ड्रेस, सलाद मेकिंग, रंगोली तथा मनमोहन डांस जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत और मनोरंजक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा, सभापति जनपद पंचायत बसना, अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर आर.के. दास, तथा विशिष्ट अतिथि साहू समाज के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नूतन साव एवं विद्यालय की प्राचार्य भगवती जगत ने की। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत की सराहना की। मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों को केवल मंच ही नहीं देतीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण प्रदान किया जाना वास्तव में सराहनीय है। विद्यालय परिसर में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण रही, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे डॉक्टर, सैनिक, वैज्ञानिक, किसान, नर्स, स्वतंत्रता सेनानी और परीकथाओं के पात्र बनकर मंच पर उतरे और अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया, वहीं सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वास्थ्य के संदेश के साथ आकर्षक सलाद तैयार किए। डांस प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में उल्लास का माहौल बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रेणियों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए और बच्चों को आगे भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों द्वारा दिया गया सम्मान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास की चमक लेकर आया। उक्त समारोह में उप प्राचार्य नंदिनी प्रधान, ऊषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नू निशा, वसुधा साव, सबनम जौहरी, आरती नाग, अरिन कौशल, दीपिका साव, परमानंद पटेल, गणेश सिदार, प्रशांत देव, स्कूल स्टाफ एवं सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# समावेशी शिक्षा के लिए दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन महत्वपूर्ण कार्य

पायनियर संवाददाता । गरियाबंद
www.dailypioneer.com



समावेशी शिक्षा के तहत जिला मिशन समन्वयक, शिवेश शुक्ला ने जिले के सभी बीआरपी एवं एपीसी की बैठक लेकर स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान की विशेष पहल तेज़ी से स्क्रीनिंग करने और प्रत्येक बच्चे का विवरण यूडीआईएसई पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की व्यापक स्क्रीनिंग की जा रही है। इस अभियान का उददेश्य है–किसी भी बच्चे को शिक्षा के अवसरों से वंचित न होने देना और उन्हें आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना। सभी बीआरसी, बीआरपी एवं स्कूल शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों की सावधानीपूर्वक जाँच करें जैसे दृष्टि, श्रवण, शारीरिक गतिशीलता, बौद्धिक एवं सीखने संबंधी क्षमताएँ, व्यवहारिक एवं संज्ञानात्मक चुनौतियाँ आदि। जिन बच्चों में किसी भी प्रकार की विशेष आवश्यकता पाई जाती है, उनकी सूचना तुरंत यूडीआईएसई+ में दर्ज की जानी चाहिए। यह डेटा आगे बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं– जैसे थेरपी, शिक्षण-सामग्री, सहायता उपकरण, होम-बेस्ड लर्निंग और परिवहन भत्ता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समयसीमा के भीतर 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग टीमें भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में यह कदम जिले के हर बच्चे को मुख्यधारा से जोड़ने का मजबूत प्रयास होगा।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2 वाहन चालको पर 2,000 रूपये समन शुल्क एवं 46 प्रकरण न्यायालय किया गया पेश



पायनियर संवाददाता । बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, के मार्गदर्शन में यातायात बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नांदघाट 04 चालान में 04 वाहन चालक, थाना परपोडी 14 चालान में 14 वाहन चालक, थाना बेरला 01 चालान में 01 वाहन चालक,चौकी मारो 09 चालान में 09 वाहन चालक, चौकी देवकर 13 चालान में 13 वाहन चालक, यातायात बेमेतरा 11 चालान में 11 वाहन चालक, कुल 52 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 46 प्रकरण माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 06 प्रकरण में 2,000/- रूपये समन शुल्क लिया गया। कार्यवाही के दौरान थाना/चौकी प्रभारी एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सउनि मोहन साहू सहित यातायात पुलिस टीम शामिल रहे। यातायात बेमेतरा स्टॉफ ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना और नशे की हालत में वाहन न चलाना न केवल कानून का पालन है बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप का हुआ आयोजन

### 300 मरीजों को दिया गया नि शुल्क दवाईयां

पायनियर संवाददाता । सरायपाली
www.dailypioneer.com



अग्रवाल सभा व अग्रवाल नवयुवक संघ एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला परिसर में एक निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में किशोरी नर्सिंग होम, बरगढ़ की प्रतिष्ठित चिकित्सक टीम शामिल रही-डॉ. निशांत देवता मेडिसिन स्पेशलीट, डॉ. अश्विनी भोई हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक), डॉ. श्रेष्ठा गोयल स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजी), डॉ. युधिष्ठिर बढ़का स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष पांडा दंत विशेषज्ञ (डेंटल), संपूर्ण मेडिकल स्टाफ के साथ उन्होंने विविध प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, ईसीजी, गायनिक परामर्श तथा सभी आवश्यक पैथोलॉजी जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, ईसीजी, गायनिक परामर्श तथा सभी आवश्यक पैथोलॉजी जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस कैंप में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए 300 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कर परामर्श व उपचार का लाभलिया। सभी 300 मरीजों को दवाइयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं। इस आयोजन में किशोरी नर्सिंग होम के सीनियर मार्केटिंग हेड हिमांशु बेहरा ने विशेष समन्वय एवं प्रबंधन भूमिका निभाई, जिसके लिए समाज ने आभार व्यक्त किया। अग्रवाल सभा, नवयुवक संघ और महिला मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ पूरा प्रबंधन संभाला, जिसमें मरीजों के मार्गदर्शन, पंजीयन, चाय-नाश्ता, पानी व्यवस्था तथा डॉक्टर टीम को सहयोग प्रदान करना शामिल रहा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा- यह स्वास्थ्य शिविर समाजहित के लिए अग्रवाल समाज की निरंतर सेवा भावना का प्रतीक है। आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम इसी उत्साह से आयोजित किए जाते रहेंगे। अग्रवाल समाज ने किशोरी नर्सिंग होम के प्रति उनके सामाजिक सरोकार, संवेदनशीलता और सेवा भावना के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# डॉ.भीमराव आम्बेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण



**सरायपाली** । वार्ड क्रमांक एक डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड में स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता कुशल कानूनविद समाज सुधारण कुशल राजनीतिज्ञ के लेखक समानता का अधिकार न्याय सबको सहज उपलब्ध कराने तथा संविधान को जीवंत रखने वाले डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 69 वीं पुण्य तिथि मनायी गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय बौद्ध महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष तथा डॉ. खूबचंद बघेल अवार्ड से सम्मानित रणवीर मेश्राम द्वारा आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

# कांग्रेसजनो ने विधायक जनक राम ध्रुव का किया स्वागत




**सरायपाली** । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिवासी कांग्रेस प्रदेशअध्यक्ष एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव का सरायपाली आगमन पर रायगढ़ प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए नरेन्द्र कुमार यादव के निवास में रुके वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने स्वागत किया इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, मोहनलाल भोई जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस महासमुंद कुलदीप ध्रुव प्रदेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस, परशु चौहान कांग्रेस कार्यकर्ता, राजेंद्र कुमार यादव राजू जिला महामंत्री कांग्रेस पिछला वर्ग विभाग, नवीन देवदास कार्यकर्ता, मयंक यादव मोंटी शहर उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा, तुषार यादव सचिव युवा कांग्रेस विधानसभा पी.डी, भोई अधिवक्ता, संतोष मिश्रा अधिवक्ता, ललित बारमते, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, सत्यजीत सिदार, चैतन्य सिदार, राजकुमार नेताम पूर्व पार्षद, हर्षु सिदार कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मजदूरी दर कर्मचारी पीतांवर यादव ने वृद्धजनों से की बदतमीजी

पायनियर संवाददाता । बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर समाज कल्याण बेमेतरा के मजदूरी दर कर्मचारी पीतांवर यादव के द्वारा लगातार वृद्धजनों एवं अन्यों से बदत?मीजी के संबंध में शिकायत पर अब तक किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि इस संबंध में समाज कल्याण संचालनालय के द्वारा बेमेतरा के कलेक्टर को पत्र भेजकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से संचालनालय और आवेदको को अवगत कराने की बात कही गई थी। इसके बावजूद दो महीने के बाद भी अभी तक संबंधित अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे वृद्धजनों में नाराजगी बनीं हुई है। इस संबंध में पीडित वृद्धजन व अन्य बैसाखु साहू वार्ड 16, गणेश साहू वार्ड 16, दशरथ यादव वार्ड 18, मुकेश वर्मा दशरथ यादव,



समाज कल्याण सचालनालय, छत्तीसगढ़
समाज कल्याण परिसर, माना कैम्प, रायपुर
[illegible]
क्रमांक/ESTB-1024/373/2025 रायपुर, दिनांक 17/10/2025
प्रति,
कलेक्टर,
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)।
विषय - समाज कल्याण बेमेतरा के मजदूरी दर कर्मचारी पीतांबर यादव के द्वारा लगातार वृद्धजनों एवं अन्यों से बदतमीजी के संबंध में शिकायत बाबत्।
-- 00 --
विषयान्तर्गत श्री बैसाखू साहू, वार्ड 16 व अन्य वार्डवासियों जिला बेमेतरा द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र दिनांक 01.10.2025 प्रस्तुत कर जिला कार्यालय समाज कल्याण जिला बेमेतरा में मजदूरी दर पर कार्यरत कर्मचारी श्री पीतांबर यादव के द्वारा लगातार वृद्धजनों एवं अन्यों से बदतमीजी के संबंध में बिन्दुवार शिकायत की गई है, जिसकी प्रति संलग्न है।
अतः शिकायती पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से आवेदकगण तथा इस संचालनालय को अवगत कराने का कष्ट करें।
संलग्न:- उपरोक्तानुसार।
Digitally signed by ROKTIMA YADAV Date: 16-10-2025 13:09:34
संचालक
समाज कल्याण,
छत्तीसगढ़
पृ. क्रमांक/ESTB-1024/373/2025 रायपुर, दिनांक 17/10/2025
प्रतिलिपि:-
उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण जिला बेमेतरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
Digitally signed by Bhoopendra Kumar Pandey Date: 16-10-2025 15:08:24
उप संचालक (प्रशासन)
समाज कल्याण, संचालनालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

### शिकायत पर नहीं हुई कार्यवाही, वृद्धजनों में नाराजगी

दीनाराम देवांगन ग्राम बीजाभाट, गौरकरण टंडन ग्राम मोहलाई, दौलत साहू खिलोरा, सोनबती यादव वार्ड 17 कमल वर्मा, अंजोर साह कंतेली द्वारा संचालक समाज कल्याण विभाग रायपुर को भेजें गया। लिखित शिकायत पत्रके माध्यम से बताया गया है कि 01 अक्टुबर को बेमेतरा के टाउन हाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित वृद्धजन द्वारा समाज कल्याण के अधिकारी के अनुपस्थिति के बारे में जानकारी लेने पर मजदूरी दर कर्मचारी पीतांबर यादव के द्वारा वृद्धजनों को अपमान जनक बाते व अभद्र टिप्पणी किया गया जो हम वृद्धजनों का अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर के अपमान का घोतक है। पूर्व में भी जब अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी लेने व समाज कल्याण के अधिकारी से मिलने गए थे तो वहा भी पीतांबर यादव के द्वारा हमसे बदतमीजी किया गया कि अभी अधिकारी का स्वास्थ्य ठीक नही है, जो भी पुछना है मेरे से पुछो मै ही यहां का बाबू हु करके जाने को कहा गया। अवगत होवे की विगत कई वर्षो से किसी कार्य से समाज कल्याण आफिस जाते है तो इनके द्वारा हमे संबंधित जनपद / नगर पालिका से जानकारी प्राप्त करने बोलकर अभद्र टिप्पणी करता है, इन लोगों ने शिकायत पत्र में लिखा है हम वृद्धजन किसी प्रकार व्यवस्था करके समाज कल्याण आफिस जाते है अपनी समस्या का निदान कराने लेकिन इनके द्वारा समस्या से अवगत कराने के बजाए अभद्र टिप्पणी करके वापस भेज देता है। इस संबंध में पूर्व अधिकारीयों के समक्ष मौखिक रूप से इनकी शिकायत किये जाने के बाद भी इस कर्मचारी के आचरण में सुधार नही आया। किसी प्रकार की कार्यवाही नही होने के पीछे अधिकारीयों के साथ साठगांठ होने की पूर्ण संभावना है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा शासकीय स्थानों पर सुशासन की व्यवस्था के बावजुद इस प्रकार के कुशासन श्रेणी के कर्मचारी ही शासन को बदनाम करते है। अतः इस संबध प्रार्थना करते है कि मजदूरी दर कर्मचारी पीतांबर यादव को तत्काल समाज कल्याण आफिस बेमेतरा से हटाया जाए ताकि हम वृद्धजनों, दिव्यांगो एवं अन्य व्यक्तियों को पुनः वहां लज्जित न होना पड़े।

### कलेक्टर को कार्यवाही करने हेतु लिखा गया पत्र समाज कल्याण संचालक द्वारा

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग के संचालक ने बेमेतरा कलेक्टर को पत्र के माध्यम से कहा गया है कि वृद्धजन व अन्य वार्डवासियों जिला बेमेतरा द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र 01.10.2025 प्रस्तुत कर जिला कार्यालय समाज कल्याण जिला बेमेतरा में मजदूरी दर पर कार्यरत कर्मचारी पीतांबर यादव के द्वारा लगातार वृद्धजनों एवं अन्यों से बदतमीजी के संबंध में बिन्दु वार शिकायत की गई है, जिसकी प्रति संलग्न है। अतः शिकायती पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से आवेदक गण तथा इस संचालनालय को अवगत कराने का कष्ट करें। किन्तु इस मामले में अब किसी तरह कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# चांदी का चैन और नगदी रकम लूट कर भागने वाले आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, चाकू, चांदी का चैन जप्त कर किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता । बेमेतरा
www.dailypioneer.com



चांदी का चैन और नगदी रकम लूट कर भागने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया साथ ही आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, चाकू, चांदी का चैन जप्त कर बरामद किया गया है। बेमेतरा जिले में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, के मार्गदर्शन में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना साजा पुलिस टीम ने लूट के मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी शेखर साहू उम्र 24 साल निवासी कोरवाय थाना साजा जिला बेमेतरा ने 31 अक्टुबर को लगभग 04 बजे अपने 02 दोस्तों के साथ मोटर सायकल में कृषि दवाई लेने के लिए साजा आये थे कृषि दवाई लेकर साजा होटल में नास्ता पैक करवाकर तीनो मोटर सायकल से वापस अपने घर ग्राम कोरवाय जा रहे थे कि शाम लगभग 07:30 बजे अमलीडीह कालेज मैदान के पास नास्ता करने तीनों बैठे थे उसी समय अमलीडीह के गजेन्द्र सागरवंशी व भरदाकला के दीपक साहू, रोहन साहू तीनो हमारे पास आये और हम तीनो को अश्लील गालिया देकर जान से मारने की धमकी देकर गजेन्द्र सागरवंशी अपने हाथ में रखे चाकू को हम तीनों को देखाकर व दीपक साहू, रोहन साहू दोनो अपने हाथ में रखे डण्डा से हम तीनो को मारपीट करने लगा चाकू दिखाने व मारपीट करने से हम तीनो डर गये और गजेन्द्र सागरवंशी ने मेरे गले में पहने हुए चांदी का चैन कीमती 4000/- रू व पेंट के जेब में रखे नगदी 3000 रूपये, विवो कंपनी के मोबाईल व ओमकार साहू के पेंट के जेब में रखे नगदी 2000 रूपये, गंगाधर साहू के पेंट के जेब में रखे नगदी 500 रूपये, कुल जुमला 9,500/- रूपये को लूट कर भाग गये। मारपीट करने से चोंटे आयी है के संबंध में लिखित आवेदन पर से धारा 296, 315(3) 115 (2), 309(6), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान विगत दिनों दो आरोपी रोहन साहू एवं दीपक साहू निवासी भरदाकला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के फरार आरोपी गजेन्द्र सागरवंशी को डौडी जिला बालोद ग्राम बाघुटोला से पकडा गया। जिससे पुछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त स्टील का चाकू व लुटे हुए चांदी का चैन एवं पूर्व में आरोपी रोहन साहू से घटना में प्रयुक्त मोटर जप्त सायकल को जप्त कर बरामद किया गया था। नगदी रकम को तीनो आपस में बांट कर खाने-पीने में खर्च करना। आरोपी गजेन्द्र सागरवंशी पिता रामखिलावन सागरवंशी उम्र 25 वर्ष, निवासी अमलीडीह थाना साजा जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, पवन सिंह, आरक्षक रामाअनुज जायसवाल, अर्जुन ध्रुर्वे, राजु यादव एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जंगली जानवरों को कैद में रखना उनके अधिकारों का हनन : ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह




पायनियर संवाददाता । दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वन्य प्राणियों को जंगलों में रहने दें। जू घरों में, अभ्यारण में, मानव द्वारा अपने मनोरजन का साधन बना लिया। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह अपने को शेर का मुखौटा लगाकर पिंजरा में बंद कर वन्य प्राणियों की पीड़ा से दुखी है। वनों के प्राणियों को कैद मत रखो जू घरों में शेर, तेंदुआ, भालू, हिरन, नील गाय, बंदर,का मतलब है कि हमें जंगली जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में ही रहने देना चाहिए और उन्हें पिंजरों या कैद में नहीं रखना चाहिए। ये जानवर जंगल के हिस्से हैं और उनकी स्वतंत्रता जरूरी है।

### क्यों महत्वपूर्ण है?

जीवों की स्वतंत्रताः जानवरों को अपने प्राकृतिक जीवन में जीने का अधिकार है, पर्यावरण संतुलनः जंगल के जानवर पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखते हैं, नैतिकताः कैद में रखना उनके अधिकारों का हनन है और क्रूरता को बढ़ावा देता है, जैव विविधता की रक्षाः वनों में ही जानवरों की प्रजातियों का संरक्षण संभव है।

### क्या कर सकते हैं?

जागरूकता फैलाएंः स्कूल, समुदाय में जानवरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाएं, वन्यजीव अभयारण्यों का समर्थन करेंः संरक्षित क्षेत्रों को बढ़ावा दें। अदालत/अधिकारियों को सूचित करेंः अगर कहीं अवैध कैद देखें, तो शिकायत दर्ज करें।

## शपथ पत्र

**ऋताभरा प्रधान पति श्री ओमप्रकाश प्रधान, उम्र 28 वर्ष, जाति हल्बा, निवासी ग्राम बारदेवरी, तहसील कांकेर, जिला कांकेर छ.ग.।**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक निम्न शपथ करता हूँ कि :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मैंने गे.सी.एस. कॉलेज अभनपुर से नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण कर नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त किया था जो कि कहीं गुम हो गई है।
03. यह कि मैं उक्त नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की द्वितीय प्रति प्राप्त करना चाहती हूं।
04. यह कि मेरा प्रथम अवसर है, इसके पूर्व मैंने द्वितीय प्रति प्राप्त नहीं की हूँ।
05. यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**स्थान : कांकेर**
दिनांक: 13.04.2023

मुहर

**शपथकर्ता**

# ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

## बाल कलाकारों ने कमला दीदी की जीवनगाथा को नृत्य नाटिका द्वारा प्रस्तुत कर भावुक कर दिया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई। शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान के बाल कलाकारों ने कमला दीदी की जीवनगाथा और सेवाओं को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। नृत्य नाटिका के संवाद, कहानी, नृत्य और गीत संगीत आदि सब कुछ अत्यन्त दर्शनीय और आकर्षक था। बच्चों ने बहुत ही सधे हुए अन्दाज में नृत्य नाटिका विजयपथ का मंचन कर कमला दीदी के जीवन वृत्तान्त को मंच पर जीवन्त कर दिया। नृत्य नाटिका में भाग लेने वाले कलाकार थे- इन्द्राणी साहू, टीकेश्वरी साहू, करूणा साहू, अनन्या यादव, अक्षिता श्रीवास्तव, दीक्षा साहू, परिणीता साहू, नीलम साहू, लावण्या, मनीषा साहू, बबीता साहू, देविशा साहू, पंछी साहू, पलक गोदेजा, वर्षा साहू, साक्षी साहू, हिमांशी साहू, सम्पदा अग्रवाल, पूनम द्विवेदी, रश्मि साहू, वैशाली साहू, मुस्कान, पलक आदि। इस अवसर पर बोलते हुए क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि कमला दीदी सदैव उमंग-उत्साह से भरपूर रहती थी। ईश्वरीय सेवाओं के प्रति गहरी रूचि थी। उनका लक्ष्य रहता था कि सभी मनुष्यों तक परमात्मा का सन्देश पहुंचे। उनका जीवन नियम और मर्यादाओं से सम्पन्न था। वह ममतामयी होने के साथ ही अनुशासन को भी उतना ही महत्व देती थीं। अपने से उम्र में छोटे लोगों को भी बराबर सम्मान देती थीं। अपने गुणों और विशेषताओं के बल पर वह आगे बढ़ी। भिलाई केन्द्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि कमला दीदी इस दुनिया में रहते हुए भी सबसे न्यारी और प्यारी थीं। वह बहुत ही निर्माणचित्त होकर रहीं। कभी उनके अन्दर अहंकार नहीं आया। वह कहती थी कि कुछ भी हो जाए लेकिन जीवन में खुशी कम न हो। जबलपुर केन्द्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि बीता हुआ कल कभी वापिस नहीं आता है सिर्फ यादें ही रह जाती हैं। कमला दीदी के साथ वह रायपुर में जब पहली प्रदर्शनी लगी तब से उनके साथ रही उन्होंने दीदी से बहुत कुछ सीखा। कमला दीदी का समूचा जीवन ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में श्री बालाजी हॉस्पीटल के डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र नायक, धमतरी की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी, जगदलपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी, अम्बिकापुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी और बिलासुपर संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने भी अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का संचालन रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 10.73 करोड़ की गौरव पथ परियोजना का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com





कवर्धा शहर के विकास को नई दिशा देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 10 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतिक्षित गौरव पथ का भूमिपूजन किया। यह गौरव पथ राजनांदगांव बायपास (पिलारी नहर) से नवीन बाजार तक बनाया जाएगा। इस परियोजना से शहर में आधुनिक यातायात, आकर्षक सड़कें और सुव्यवस्थित शहरी विकास की नई शुरुआत होगी। कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गौरव पथ केवल सड़क नहीं, बल्कि कवर्धा के भविष्य का विकास मार्ग है। यह मार्ग शहर की भीड़भाड़ कम करेगा, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाएगा और शहर की सुंदरता को नई पहचान देगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना कवर्धा को एक आधुनिक और विकसित शहर के रूप में स्थापित करेगी। उन्होंने अन्य विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि– रायपुर-बिलासपुर-राजनांदगांव से कवर्धा आने वाले मार्ग को 54 करोड़ की लागत से फोरलेन बनाया जा रहा है। कवर्धा मेडिकल कॉलेज के लिए 42 एकड़ भूमि सुरक्षित, लगभग 300 करोड़ रुपये स्वीकृत, टेंडर पूर्ण – निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। पिपरिया और तरेगांव में 52-52 लाख से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत। जिला अस्पताल की क्षमता 100 से बढ़ाकर 220 बिस्तर, बच्चों के लिए 50-सीटर क्रिटिकल केयर अस्पताल, सीटी स्कैन और सोनोग्राफी सेवाओं की शुरुआत। भोरमदेव पर्यटन क्षेत्र के लिए 146 करोड़ रुपये स्वीकृत। नालंदा परिसर के लिए 4.5 करोड़ रुपये की स्वीकृति। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि गौरव पथ का निर्माण कवर्धा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। शहर में आधुनिक चौपाटियाँ, अटल परिसर, विकसित सड़कें, बाईपास और मेडिकल कॉलेज जैसी परियोजनाएं नए कवर्धा का स्वरूप तय करेंगी। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार होगा।

### गौरव पथ की मुख्य विशेषताएं

कुल लागत 10 करोड़ 73 लाख रुपये, लंबाई 2 किलोमीटर से अधिक, मार्ग राजनांदगांव बायपास से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक। लाभार्थी क्षेत्र रामनगर वार्ड, शिवाजी कॉलोनी, शांतिदीप कॉलोनी, नवीन बाजार। यह गौरव पथ कबीरधाम जिले की पहली ऐसी सड़क होगी, जो शहर को आधुनिक स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



**रायपुर।** ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उरला मंडी में ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में किसान विरोधी भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया, जिसमें उपस्थित पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, शहर अध्यक्ष कुमार मेनन, शिव सिंग ठाकुर, विनोद कश्यप, दीपेश सिंह, योगेंद्र सोलंकी, डीगेंद्र, सिन्हा, कृपा राम निषाद, बाबा खान, लखन साहू आदि उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत भाटापारा सरपंच संघ की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत भाटापारा में सरपंच संघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें जनपद क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में कार्य के दौरान उत्पन्न समस्याओं एवं उनकी समाधान प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ के अध्यक्ष संकेत अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से यह गंभीर मुददा उठाया गया कि पिछले 7 महीनों से 15वें वित्त का भुगतान पंचायतों के खातों में नहीं किया गया है। सरपंच संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही 15वें वित्त की राशि पंचायतों में जारी नहीं की गई, तो सभी सरपंच उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आवश्यकता पड़ने पर चक्का जाम किया जाएगा। इसके साथ ही राशन कार्ड बनाने में उत्पन्न समस्याओं तथा कई पंचायतों में हो रहे परेशानियों को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। सरपंच संघ ने मांग की कि इस विषय में तत्काल जांच की जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों ने अपनी-अपनी पंचायतों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा, जिन्हें अध्यक्ष संकेत अग्रवाल ने गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सभी सरपंचों ने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय तथा संघर्षशील बनाने का संकल्प भी दोहराया। सर्वसम्मति से गठित नई कार्यकारिणी सरपंच संघ, जनपद पंचायत भाटापारा संरक्षक भारती वर्मा सरपंच मल्दी, आनंद कुमार वर्मा सरपंच बोड़तरा, नरेश कुमार नेताम सरपंच निपनिया, कमलेश साहू सरपंच दत्तरेंगी, सावित्री ध्रुव सरपंच हसदा, अनिल दिवाकर सरपंच बोरसी (ब), सचिव कनक मनहरे सरपंच सिंगारपुर, सह सचिव तुषार यादव सरपंच अमलीडीह (क), कोषाध्यक्ष कमल प्रसाद मिरी सरपंच कुकदा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा सरपंच कोनी, चेतन वर्मा सरपंच मोपका, विष्णु कोसले सरपंच टोनाटार, शिवचरण यदु सरपंच बिजराडीह, गायत्री सरपंच लेवई, ज्योति ध्रुव सरपंच सुरखी, कनक कुर्रे सरपंच पेंड्री, माजिदा तरन्नुम सरपंच देवरानी, मीडिया प्रभारी कुलवंतीन अमर ध्रुव सरपंच धौराभाठा (एस), संजय यादव सरपंच कोड़ापार, वैभवी टिक्की वर्मा सरपंच पाटन, आशीष चतुर्वेदी सरपंच खोखली। अंत में सभी सरपंचों ने एक स्वर में कहा कि जनपद क्षेत्र की पंचायतों की समस्याओं के शीघ्र समाधान, विकास कार्यों की गति बढ़ाने तथा पंचायत व्यवस्था को सशक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए सरपंच संघ निरंतर एकजुट होकर संघर्ष करेगा।

# शंकराचार्य आश्रम में तीन जनवरी तक भगवान सूर्य की होगी उपासना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com1



जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान सूर्य उपासना का महापर्व चार दिसंबर से प्रारंभ हुआ है। तीन जनवरी तक प्रतिदिन सुबह दांडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में11:30 बजे से 12:30 बजे तक भगवान सूर्य की उपासना की जाएगी। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि दांडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में पौष मास में भगवान सूर्य की उपासना का पर्व प्रारंभ हुआ है। पौष मास में भगवान सूर्य की उपासना की जाती है। उन्होंने भक्तों से भगवान सूर्य की उपासना के लिए प्रतिदिन सुबह 11:30 से 12:30 उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि सूर्य उपासना का पौष मास में विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस कालखंड में सूर्य आराधना से आरोग्य, तेज, मानसिक स्थिरता एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से प्रतिदिन सहस्त्रार्चन, सूर्य हवन, सत्संग, आरती और भजन-संकीर्तन का आयोजन होगा।

# कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों की पहली बैठक राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव द्वय जरिता लेतफ्लांग, विजय जांगिड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, डॉ. शिवकुमार डहरिया भी उपस्थित थे। बैठक में नवनियुक्त जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्षों का स्वागत, मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति पर चर्चा एवं समीक्षा, नई दिल्ली में 14 दिसंबर को आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में सहभागिता पर चर्चा, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर मासिक बैठकें आयोजित करने पर चर्चा, संगठन की मजबूती के लिए आगामी रणनीति एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा तथा धान खरीदी की परेशानी, जमीन की गाईडलाइन की बढ़ी दरों, बिजली के दाम 400 यूनिट की कटौती पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश में पहली बार संगठन सृजन का काम हुआ है। आलाकमान ने आप सभी पर भरोसा जताया है। उस पर खरे उतरना है। एआईसीसी और पीसीसी के निर्देशो का पालन करना है। आप सबकी सक्रियता जरूरी है। भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ना है। जनता के मुददे को लेकर सरकार को फैलियर साबित हो रही है और तीन साल तक इन मुददों को बढ़ाकर सरकार के खिलाफ लड़ाई और तेज करनी है। देश और प्रदेश में सरकार बनाना हमारी प्राथमिकता है। सभी सामंजस्य बनाकर काम करना है। सभी जिलों में सोशल मीडिया टीम बनाना, प्रकोष्ठ की नियुक्ति करना है, एसआईआर का की प्राथमिकता में ले, 14 दिसंबर को सभी को अधिक साथियों के साथ दिल्ली रैली में जाना है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सभी जिला अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन सृजन का काम अच्छे से चला। धान खरीदी में हर किसान से साढ़े सात रू. प्रति बोरे के हिसाब से लिया जा रहा है। आपको सभी प्रकोष्ठ में महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के साथ मिलकर काम करना है। जिला स्तर पर सेवादल मजबूत करना है। हम सबकी जवाबदारी है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बात को जनता तक ले जाये। कांग्रेस नेता राहुल गांधी नया मजबूत संगठन तैयार करना चाहते है। एकता, संघर्ष और शांति के लिए आपको जवाबदारी मिली है।

# महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टापेज देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर रेल्वे जोन व रायपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत भाटापारा एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट आय देने वाला रेल्वे स्टेशन है। और यह रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ के पश्चात सर्वाधिक आय अर्जित करने वाला सबसे बड़ा रेल्वे स्टेशन भी है। इस स्टेशन से सात विधानसभा क्षेत्र के लोग अपनी महत्वपूर्ण रेल यात्रा करते हैं। भाटापारा स्टेशन के नजदीक आडानी अंबुजा लाफार्ज ग्रासीम अल्ट्राटेक, बागंड़ टाटा व श्री सीमेन्ट संयत्र के साथ साथ स्वयं भाटापारा शहरी क्षेत्र लगभग 500 से अधिक राईस मिल, दाल मिल, पोहा मिल व अन्य उद्योग संचालित है। जहां से संबद्ध योग भारी तादाद में देश के कोने कोने तक ट्रेन से सफर करते है। इसको मददेनजर रखते हुए भाटापारा रेलवे स्टेशन मे एक लंबे समय से अनेक अति महत्वपूर्ण ट्रेनों का अनिवार्य स्टॉपज देने की मांग क्षेत्र की जनता कर रही है, लेकिन रेल्वे के उच्चाधिकारियों एवं जिम्मेदार राजनेताओ के गैर जिम्मेदाराना रवीये के कारण भाटापारा में अति महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं मिल पा रहा है। जिसमें बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर हावड़ा शिरडी एक्सप्रेस, कुर्ला गुहाटी एक्सप्रेस, हावड़ा मुंबई गितांजली एक्सप्रेस, बिलासपुर आपा एक्सप्रेस, दरभंगा हैदराबाद एक्सप्रेस, माल्दाटाउन सुरत एक्सप्रेस, लॉ भुनेश्वर एक्सप्रेस, हटिया समरस्ता एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, जैसे ट्रेन की मांग लोग अरसे से करते आ रहे है। लेकिन यहा कि जनभावना के साथ जिम्मेदार रेल अफसर व नेता खिलवाड़ करते हुए नहीं करा पा रहे है। जबकि भाटापारा रेल्वे स्टेशन से कम आय देने वाले चांपा खरसिया एवं डोगरगढ़ जैसे छोटे स्टेशनों में उस क्षेत्र के नेताओ ने रूचि लेकर जनहित मे अनेक रूचि लेकर जनहित मे अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टापेज करा लिया है। भाटापारा रेलवे स्टेशन में एक लंबे समय से महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का स्टापेज न होना दुर्भाग्यजनक बात है। क्षेत्रवासियो ने एक बार फिर महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का ठहराव भाटापारा रेलवे स्टेशन में शीघ्र करने की गुहार लगाई है।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने रायपुर रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधा युक्त बनाने पर दिया जोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के कुशल मार्गदर्शन में व्यापारिक हितों एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा देने के उददेश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर रेलवे स्टेशन के प्रमुख प्रबंधक आर.पी मंडल से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में डीआरयूसीसी रायपुर संभाग के सदस्य एवं चेम्बर के उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन और जितेंद्र शादीजा शामिल थे। चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने कहा, रेलवे स्टेशन शहर का प्रवेश द्वार होता है, और रायपुर स्टेशन का आधुनिकीकरण प्रदेश के व्यापार और अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा ने आश्वासन दिया कि, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स रेलवे के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सभी व्यापारिक और लॉजिस्टिक समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। लोकेश चंद्रकांत जैन ने यह भी बताया कि विभिन्न सुझावों पर चर्चा कर उन्हें संकलित किया गया जिसे आगामी डीआरयूसीसी रायपुर संभाग के द्वितीय बैठक में प्रमुखता से रखे जायेंगे।

# सीसी रोड निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद भाटापारा अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बुनियादी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सी.सी. रोड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। गांधी मंदिर वार्ड एवं कि.कि. वार्ड में देवेंद्र देवांगन के निवास से बसंत के निवास तक लगभग 9.51 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जो वर्षों से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। इस मार्ग के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में उल्लेखनीय सुविधा मिलेगी तथा धूल-कीचड़ की समस्या से राहत प्राप्त होगी। इसी क्रम में रामसागर वार्ड में ओवरब्रिज के किनारे से नए बस स्टैंड रोड तक लगभग 21.14 लाख की लागत से बस स्टैंड पहुँच मार्ग (सी.सी. रोड) निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। यह मार्ग यात्रियों, व्यापारियों एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इन विकास कार्यों के माध्यम से नगर में बेहतर सड़क संयोजन, सुरक्षित आवागमन एवं स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करने की दिशा में एक और सशक्त पहल की गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के निरंतर विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुदृढ़ सड़कों का निर्माण न केवल आमजन के जीवन को सरल बनाता है, बल्कि व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को भी सशक्त करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और भाटापारा एक आदर्श नगर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि, भाटापारा नगर के समग्र विकास के लिए सड़क, जल, प्रकाश एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नगरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जाते रहेंगे, जिससे भाटापारा एक सुव्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित हो सके। इस अवसर पर सभापति गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद नंद किशोर, वैष्णव अजय ठाकुर, नरेंद्र यदु, शुभम राजपूत, देवेन्द्र साहू, आशीष जायसवाल, व्यास यदु रज्जु साहू, सुशील वर्मा, कैलाश जैन, सुभाष जैन, बादल देवांगन, देवेंद्र देवांगन, सुनील डागा, अशोक साहू, निमेश ठाकुर, राजेश अग्रवाल, हारून, बसंत देवांगन अभिषेक यदु, विनोद यदु, सुखदेव यदु, प्रमिला यादव, सोना यदु, राजकुमारी देवदास, सावित्री यदु उपस्थित रहे।

# जिंदल कंपनी की जनसुनवाई के विरोध में 14 गांव के हजारों ग्रामीण कडकडाती ठंड में दो दिनों से जारी है आंदोलन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले तमनार क्षेत्र में 8 दिसंबर के दिन होने वाली जिंदल पावर लिमिटेड की आगामी जनसुनवाई के विरोध में हजारों की संख्या ग्रामीण 2 दिन-रात का आंदोलन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोयला खदान की प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में ग्रामीण एक बार फिर लामबंद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि इंसान को ठिठुरा देने वाली तेज ठंड के बीच तमनार अंचल के हजारों ग्रामीण धौराभाठा मैदान में खुले आसमान के नीचे रात रात भर जागकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार वो अपने क्षेत्र में जन सुनवाई का टेंट भी नहीं लगने देंगे। न ही कंपनी और प्रशासन के लोगों को यहां आने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वे जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी वो अपनी बनाई रणनीति के आधार पर अपने क्षेत्र में जनसुनवाई का विरोध करते रहेंगे। उनके इस क्षेत्र कई खदान खुलने के कारण पहले ही भविस्थापन, रोजगार और पर्यावरणीय स्थिति को नुकसान हो चुका है। ऊपर से जिंदल को खदान मिल जाती है तो आसपास के 15 से 20 गांव बुरी तरह से प्रभावित हो जायेंगे। ग्रामीणों को अपनी पैतृक जमीन और गांव छोड़ने का भी डर है, साथ ही उन्हें उचित रोजगार और विस्थापन मुआवजे की जानकारी नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों के बताए अनुसार वे इस जनसुनवाई रद्द करने व खदान बंद करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में बड़ा प्रदर्शन करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंप चुके हैं। तब हमारे कड़े विरोध को ध्यान में रखकर इस सुनवाई को अस्थाई तौर पर निरस्त कर दिया गया था। इस पर पुनः जिदल सेक्टर 1 के खदान की जनसुनवाई को लेकर प्रशासन और जिंदल प्रबन्धन सक्रिय हो चुका है। इस क्रम में आगामी 8 दिसंबर की जनसुनवाई को सफ्ल बनाने के लिए प्रदेश सरकार रायगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस के द्वारा हमारे लिए दमन कारी नीति अपना रही है। एक तरफप्रदेश सरकार हम ग्रामीणों की बात सुनने के लिए जनसुनवाई का आयोजन कर रही है तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी पत्र लिखकर या फोन पर लगातार हम ग्रामीणों के डरा धमका रहे है ताकि किसी तरह विरोध प्रदर्शन को तोड़ा जा सके। जन सुनवाई का विरोध करने वाले ग्रामीणों ने धरना स्थल धौरा भाठा में आए मीडिया कर्मियों को तहसीलदार रायगढ़ का एक लिखित आदेश पत्र दिखाते हुए कह रहे है इस तरह सरकार हमारे आंदोलन को तोड़कर जिंदल की जनसुनवाई को सफल बनाने का प्रयास कर रही है। इस बात का प्रमाण यह है कि अभी कुछ दिनों पहले दोनो राष्ट्रीय पार्टी के कुछ नेता जो हमारे आंदोलन को लीड कर रहे थे, वो अब मैदान छोड़कर भाग चुके हैं। हम हमारे क्षेत्र की जल जंगल जमीन और बच्चों के साथ हमारी आने वाली ग्रामीण पीढ़ियों को बचाने के लिए संघर्ष का रास्ता चुन चुके है,यहां धौराभाठा से हम जनसुनवाई निरस्त करवा कर ही अपने गांव घर वापस जाएंगे।

# भोजन की तलाश में गांव पहुंचा हाथी

## मंदिर के गेट को तोड़ा, एक घर के गेट को भी तोड़ने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





बीती रात भोजन की तलाश में एक हाथी गांव पहुंच गया। इस दौरान हाथी ने ठाकुर देव मंदिर के गेट को तोड़ दिया। हाथी को बस्ती के बीच में देखकर गांव के लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। समय रहते हाथी मित्र दल की टीम मौके पर पहुंच कर किसी तरह सायरन बजाते हुए हाथी को वापस जंगल तरफ भगाया गया। तब जाकर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। हाथी के गांव की बस्ती में घूमते हुए वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले छाल रेंज के ऐडू संगम नदी के पास बीती रात एक हाथी भोजन की तलाश में भटकते हुए गांव में घुस गया। एकाएक विशालकाय हाथी को गांव की बस्ती में देखते हुए पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। इस दौरान हाथी ने ठाकुर देव मंदिर के गेट को तोड़ दिया। हाथी के गांव में विचरण करता हुआ दृश्य वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जिसमें देखा जा सकता है, 4 मिनट से अधिक समय तक कैसे हाथी गांव में मौजूद रहा। हाथी गांव में और नुकसान कर पाता उससे पहले ही लोगों ने इस मामले की जानकारी हाथी मित्र दल की टीम को दी, सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची हाथी मित्र दल की टीम सायरन बजाते हुए हाथी को किसी तरह वापस जंगल की तरफ भगाया। ठीक इसी तरह हाथी ने कापू परिसर के मिरीगुडा में विचरण कर रहे एक हाथी ने कमरई परिसर में एक किसान के दो बोरी धान को खाकर बाकारूमा परिक्षेत्र के चिरोडीह परिसर में विचरण कर रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले यही हाथी ग्राम पुसल्दा में हरिशचन्द्र राठिया के घर के गेट को भी तोड़ने का प्रयास किया परंतु यहां भी हाथी मित्र दल टीम की सजगता से नुकसान होने से बच गया था। हाथी मित्र दल की टीम छाल रेंज में विचरण कर रहे हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। साथ ही रात के समय कच्ची मार्ग का उपयोग नहीं करने अपील भी की जाती है। हाथी मित्र दल की टीम ने पुसल्दा, ऐडू, खेदापाली, बहेरामुडा, चीतापाली रामनगर, ऐडू संगम के अलावा आसपास के ग्रामीणों से खास कर रात के समय सावधानी बरतने अपील की है, ताकि उनके क्षेत्र में किसी प्रकार की अनहोनी घटना ना हो।

**रायगढ़ जिले ने 70 हाथी**–इन दिनों रायगढ़ जिले में कुल 70 हाथी अलग अलग दल में विचरण कर रहे, जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 27 हाथी तो रायगढ़ वन मंडल में 43 हाथियों की मौजूदगी है। हाथियों के दल में 30 नर, 28 मादा के अलावा 12 शावक शामिल है। वन विभाग की टीम के अलावा हाथी मित्र दल की टीम हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है।

# शीतलहर के प्रभाव से बचने के लिए बरते सावधानी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.एस. जात्रा द्वारा आम नागरिकों से आग्रह किया गया है कि सर्दी को देखते हुए विशेष सावधानी बरते। गर्म कपड़े पहने, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण होने पर चिकित्सक से संपर्क करें। सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती है, तो तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर कहते है। आसान शब्दों में कहा जा सकता है कि सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 04-05 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है, तो इसे शीत लहर कहा जाता है। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टी.वी. एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने। नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे। जिला जलवायु परिवर्तन नोडल अधिकारी डॉ डी. के. अग्रवाल ने बताया है की शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ़ जाती है, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें। कम तापमान के लक्षण जैसे सामान्य से कम शरीर का तापमान, न रुकने वाली कंपकंपी, याददाश्त चले जाना, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था का होना, जुबान का लड़खडाना आदि प्रकट होने पर चिकित्सक से संपर्क कर उपचार प्राप्त करें। शीत लहर के दौरान सॉवधानियां बरते पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर, एवं जूते आदि पहने, शीत लहर के समय चुस्त कपड़े ना पहने यह रक्त संचार को कम करते है, इसलिये हल्के ढीले-ढालें एवं सूती कपड़े बाहर की तरफ एवं ऊनी कपड़े अंदर की तरफ पहने, शीत लहर के समय जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और कोशिश करें कि अतिआवश्यक हो, तो ही बाहर यात्रा करें। जिला महामारी विशेषज्ञ सत्येन्द्र यादव द्वारा बताया गया की पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें एवं शरीर की प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फ्ल और सब्जियां खाएं एवं नियमित रूप से गर्म तरह पदार्थ अवश्य पीयें, आवश्यकतानुसार रूम हीटर का उपयोग करें किंतु रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध आवश्य करें। शीत लहर में अधिक ठंड के लम्बे समय तक सम्पर्क में रहने से त्वचा कठोर एवं सुन्न हो सकती है।

# राशन दुकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख का राशन चोरी

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले में अज्ञात चोरों ने राशन दुकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख के राशन चोरी करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। घटना पुसौर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार देव साहू ने पुसौर थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह तड़ोला में जनता बहु सह भंडार मर्यादित महिला द्वारा संचालित शासकीय राशन दुकान का विक्रेता है और पिछले कई साल से वह वहां राशन वितरण करते आ रहा है। प्रार्थी ने बताया कि बीते 27 सितंबर को राशन वितरण करने के बाद वह स्टाक चेक करने के बाद राशन दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। रविवार को तड़ोला के जनप्रतिनिधियों से जनप्रतिनिधियों से उसे पता चला कि राशन दुकान का ताला टूटा हुआ है। इस मामले की जानकारी मिलते ही जब वह तत्काल मौके पर पहुंचकर स्टाक चेक किया तो पाया कि 64 बोरा चावल और 12 बोरा शक्कर गायब मिला। जिसका अनुमानित मूल्य तकरीबन 1 लाख 50 हजार के आसपास है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल पर पिकअप वाहन के निशान भी मिले हैं। आसपास काफी पतासाजी करने के बावजूद चोरी गए सामान के नही मिलने के पश्चात प्रार्थी ने आज पुसौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भक्ति की सक्ती एवं नारी एकता का अनुपम उदाहरण

## पंजरी प्लांट में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



श्री राधे-राधे महिला मंडल भभेतास की माताओं के द्वारा बड़े ही श्रद्धाभाव से श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। आध्यात्मिक वातावरण, भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण महिमा के जयकारों से संपूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय कथा-वाचक डॉ. महेंद्र मिश्रा ने वेद-पुराणों की मर्यादा के अनुरूप श्रीमद् भागवत के महात्म्य का मधुर एवं हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने अपने दिव्य वचनों में कहा कि भारत वर्ष में मनुष्य योनि का प्राप्त होना अत्यंत सौभाग्य की बात है। इस दुर्लभ मानव जीवन का उददेश्य केवल धर्म, सेवा और भगवान की भक्ति में लगना चाहिए। महाराज ने कहा केवल हम छत्तीसगढ़िया लोगों का इतना बड़ा भाग्य की हम ऐसे माटी में जन्म लिए जिस माटी को महतारी(मां) कहकर संबोधित किया जाता है जो भी यहां आते हैं थीं के बनकर रह जाते हैं परंतु कुछ विकृत मानसिकता के लोग ऐसी पावन भूमि को भी अपने स्वार्थ की बलि बेदी में चढ़ाने के आतुर दिख रहे हैं जहां की भाईचार विश्वविख्यात है ऐसे छत्तीसगढ़ की माटी को बदनाम कर रहे हैं तो ऐसे दुष्टों से बचकर रहना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने कथा के माध्यम से भागवत पुराण की महिमा, भक्त-शक्ति, भगवान श्रीकृष्ण के लीलात्मक स्वरूप तथा जीवन में सदाचार और प्रेम के महत्व को विस्तार से समझाया।

# जेएसडब्ल्यू स्टील पर 6.40 लाख रूपये का औद्योगिक हादसे के मामले में लेबर कोर्ट का फैसला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

असुरक्षित कार्य पद्धति और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने के परिणाम स्वरूप प्लांट में हुए हादसे में एक श्रमिक की हुई दर्दनाक मौत के मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से दायर प्रकरण में सुनवाई पूरी करने के बाद श्रम न्यायालय ने नहरपाली स्थित मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के अधिभोगी और कारखाना प्रबंधक को 6 लाख 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिले में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते हर महीने किसी न किसी औद्योगिक संस्थान में हादसे होते हैं और चीख पुकार मचती है। किसी हादसे में किसी मजदूर की जान चली जाती है तो किसी ने कोई गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचता है। ऐसे सभी हादसों की जांच औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से की जाती है और कारखाना अधिनियमों का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधितों के खिलाफकेस बनाकर लेबर कोर्ट में दायर करती है। ऐसे ही एक औद्योगिक हादसे के मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल ने नहरपाली स्थित मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के अधिभोगी गजराज राठौर और कारखाना प्रबंधक राजकुमार पटेल के खिलाफ कारखाना अधिनियम 1948 के विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण बनाकर श्रम न्यायालय में दायर किया था जहां मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद कारखाना अधिनियमों का उल्लंघन पाये जाने पर श्रम न्यायालय द्वारा कंपनी प्रबंधन को 6 लाख 40 हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# पर्ची नशीली दवाओं की बिक्री, अधिनियम उल्लंघन और रिकॉर्ड में भारी कमी, दो मेडिकल स्टोरों को नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में खरसिया क्षेत्र में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोरों की संयुक्त औचक जांच की गई, जिसमें नशीली दवाओं की अनियमित बिक्री को लेकर गंभीर तथ्य सामने आए। यह कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उस शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें बिना पर्ची नशीली दवाओं की बिक्री की जानकारी मिली थी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में संबंधित विभाग को जिले के शहरी, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधात्मक दवाओं, नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने और सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। हाल ही में जिले के प्रभारी सचिव ने भी समीक्षा बैठक में आवश्यक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा राजेश मेडिकल, टी.आई.टी. कॉलोनी खरसिया, आशोक मेडिकल, अमरनाथ चौक, दीपक मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड, तथा भागवत मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान राजेश मेडिकल में दो नशीली दवाओं कोरेक्स, कोफ-विक्स का डॉक्टर के पर्चीं के बिना बिक्री पाया गया, जिसके कारण स्टोर संचालक को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियम 1945 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार भागवत मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का विक्रय रिकॉर्ड एवं डॉक्टर की पर्ची मौके पर उपलब्ध नहीं पाई गई। रिकॉर्ड में भारी कमी को गंभीर मानते हुए यहां भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। टीम ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की नशीली दवा बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के न बेचें तथा रिकॉर्ड संधारित करना अनिवार्य है। साथ ही सिरिंज जैसी चिकित्सीय वस्तुओं के बिल सहित विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि निरीक्षक अमित राजोरिया, विजय कुशवाहा, साविता रानी, प्रवीण तिवारी एसडीएम खरसिया तथा प्रमात पटेल एसडीओपी खरसिया उपस्थित थे।

# धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई शुरू 3 दिनों में 7 प्रकरणों से 7,290 क्विंटल धान जब्त

## 116 प्रकरणों में अब तक 27,738.80 क्विंटल धान की जब्ती

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बीते तीन दिनों के भीतर अवैध भंडारण के 7 नए प्रकरणों में 7,290 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। प्रशासन की अब तक की कार्रवाई में कुल 116 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 27,738.80 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। यह अभियान जिले में अवैध धान भंडारण और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा कि शासन की धान खरीदी नीति में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध भंडारण करने वालों पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से अपील की कि वे शासन की नीति का पूर्ण पालन करें और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें, अन्यथा विधि अनुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे।

**इन स्थानों पर हुई कार्रवाई**–विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-गोड़बोरदी में पीयूष गबेल के गोदाम में रखे 224 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-सोखामुड़ा में रामकुमार मांझी के यहां 60 क्विंटल धान भंडारित पाया गया। ग्राम-लिप्ती में अन्नपूर्णा राईस मिल में अवैध रुप से रखे 350 क्विंटल धान, ग्राम-पोढीछाल में ज्ञानदास के यहां 220 क्विंटल, ग्राम-दुर्गापुर में शंकर महंत के द्वारा पिकअप वाहन में 36 क्विंटल धान परिवहन करते पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड पुसौर में औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम-सुपा में एग्रो राइस में 4400 क्विंटल एवं विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-तरेकेला में ज्योति अग्रवाल के के गोदाम में 2000 क्विंटल धान अवैध भंडारित पाया गया।

## चार चार जेसीबी मशीन से हसदेव नदी को दिन रात किया जा रहा छल्ली

# पुछेली में पिपरदा के रेत माफिया का कब्जा कार्रवाई नहीं होने से शासन को हो रहा राजस्व का नुकसान



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पुछेली से इन दिनों बड़े पैमाने पर चार चार जेसीबी मशीन लगाकर पुछेली हसदेव नदी से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत निकालने का काम पिपरदा के रेत माफिया कर रहे हैं पुछेली के ग्रामीण ने बताया की यहां से रोजाना चालीस से पचास हाइवा रेत की अफरातफरी की जा रही है जनप्रतिनिधियों ने बताया हसदेव नदी से रोजाना जेसीबी ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन कर एक जगह पर डंप कर उसे जेसीबी मशीन के माध्यम से हाइवा में लोड कर बिलासपुर कोरबा तक बिना रायल्ट्री के बेचा जा रहा है जिसे रोक कर कार्रवाई करने अधिकारी रूचि नहीं ले रहे हैं जिसके चलते पिपरदा के रेत माफियाओ के हौसले बुलंद हैं बताया जा रहा है की चौबीस घंटे पिपरदा गांव के अंदर से ही रेत माफियाओ के भी वाहन चल रहे हैं जिससे गांव का भी माहौल खराब हो रहा है इसके साथ ही सड़क दुघर्टना होने की भी संभावना बनी रहती है।

> पुछेली टिम भेज कर रेत माफियाओ पर कार्रवाई की जायेगी अवैध उत्खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा
>
> **-पवन कोसमा एसडीएम चाम्पा**

## पिपरदा के रेत माफिया का मुखबिर चौबीस घंटे बैठा रहता है, एन एच पर देता है सूचना

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिपरदा के रेत माफिया ने हथनेवरा नेशनल हाईवे पर चौबीस घंटे अपना एक मुखबिर बैठा रखा है जो खनिज विभाग के आने की सूचना देते रहता है जैसे ही खनिज विभाग की टीम बिर्रा रोड के तरफ निकलते है वह फोन के माध्यम से पिपरदा के रेत को सूचित कर देता है जिससे वह हसदेव नदी से जेसीबी हाइवा निकाल कर रोड पर आ जाते हैं जिसके चलते खनिज विभाग भी इन रेत माफियाओ पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

# पेड़ पर अज्ञात युवक की लटकती लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी



**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र से एक बड़ी और चैंकाने वाली खबर सामने आई है। कल दोपहर लगभग 1 बजे ग्राम हर्राडीह बगधरी टिकरा के पास महुआ के पेड़ पर एक अज्ञात युवक की झूलती हुई लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। युवक की पहचान करने के लिए आसपास के क्षेत्रों में पतासाजी जारी है। प्रथम दृष्ट्या पुलिस का मानना है कि मौत फांसी लगने से दम घुटने के कारण हुई होगी, लेकिन वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जाँच के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

# पायनियर हलचल...

## बढ़ी हुई गाइडलाइन दर पर कोहराम




https://www.facebook.com/reel/1499955271237692

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जमीन की गाइडलाइन दरों में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की है। जमीनों को लेकर उनके अपने तर्क हैं, बढ़ी हुई दर को तर्क सहित वित्त मंत्री चौधरी विभिन्न न्यूज चैनलों के माध्यम से जनता के समक्ष अपनी बात रखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता उनकी एक सुनना पसंद नहीं कर रही है। इसका अंदाजा ओपी चौधरी द्वारा उनके सोशल मीडिया एकाउंट में पोष्ट किए एक इंटरव्यू में आ रही जनता की कमेंट्स से लगाया जा सकता है। दरअसल जमीनों की बढ़ी गाइडलाइन का विषय अब व्यापारी, बिल्डर और ब्रोकरों तक सीमित नहीं रहा, इस विषय में अब आम जनता सीधे धमक दे चुकी है। शायद यही कारण है कि बढ़ी हुई बिजली दरों के बाद बढ़ी हुई जमीनों की गाइडलाइन दर को लेकर इन दिनों चारों ओर कोहराम मचा हुआ है। विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के सीनियर नेता भी अब इस मामले को लेकर मुखर हो चुके हैं। 35-40 साल तक विधायक और 20 वर्ष तक मंत्री रहे वर्तमान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सार्वजनिक रुप से पत्र लिखकर इसे निरस्त करने की सलाह दी है। अब बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी पर राजनीतिक प्रहार करने की कोशिश की है, या वह अपने अनुभवों व आम जनमानस की आवाज को सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, फिलहाल इस पर कुछ कहना उचित नहीं है। लेकिन जनता- जनार्दन की ओर से आ रहे सुझाव और सार्वजनिक विरोध पर सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरुरत है।

## जल्द बदले जाएंगे पांच कलेक्टर

कुछ जिले के कलेक्टरों से राज्य सरकार काफी खफा है। जिन्हें बदलने की कवायद चल ही रही थी, कि इस बीच में एसआईआर आ गया और कलेक्टरों के ट्रांसफर रोक दिए गए। दरअसल भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकारों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रक्रिया पूर्ण होने तक न हाटाया जाए। खैर अब पानी सर से ऊपर जा चुका है, अब इन पांच कलेक्टरों को एसआईआर भी शायद न बचा पाए। कुछ जिले के कलेक्टर यह मानकर चल रहे हैं कि एसआईआर के चलते फरवरी माह तक उनकी मनमानियों के लिए अघोषित रुप से आजादी मिल गई है। लेकिन यह विष्णु सरकार है, यहां सुशासन की सरकार है, उनकी मनमानी कतई स्वीकार नहीं है। सरकार और जनता के प्रति जवाबदेही से काम करना ही पड़ेगा। शायद इसीलिए सरकार एसआईआर के बीच ही पांच कलेक्टरों को अविलम्ब हटाना चाहती है। कहा जा रहा है कि राजधानी से सटे हुए एक जिले के कलेक्टर, दुर्ग से लगे हुए एक जिला के कलेक्टर, बिलासपुर संभाग से एक कलेक्टर, सरगुजा से एक एवं बस्तर संभाग से एक कलेक्टर को बदलने के लिए राज्य सरकार ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। मतलब इन पांच कलेक्टरों का हटना लगभग तय है। हालांकि अभी तक इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं है। लेकिन सरकार इन कलेक्टरों को अब दो माह भी झेलना पसंद नहीं कर रही है।

## इंसान नहीं समय बलवान

इंसान अक्सर गलतफहमी का शिकार रहता है, उसे लगता है कि वह बहुत बलवान है। लेकिन इंसान नहीं बल्कि समय बलवान होता है, दरअसल इंसान खुद बलवान होने का वहम पाल बैठता है। खैर इंसान, बलवान और समय के संदर्भ में बात निकली है, तो इसी के संदर्भ में कुछ लिखना बेहतर होगा। कुछ दिन पहले तक सूबे के एक प्रमुख अफसर का समय इतना बलवान था कि उन्होंने विभाग को भ्रष्टाचार का चारागाह बना दिया था। सात अफसरों को किनारे करके शीर्ष कुर्सी भी हासिल करने में वह सफल हो गए। धमतरी काण्ड से लेकर मुख्यालय तक के अनेकों काण्ड दबा दिए गए, अनेकों भ्रष्टाचार पर लीपा-पोती कर दी गई, विधानसभा की लोकलेखा समिति भी आज तक जवाब खोज रही। कभी विपक्ष में रहते हुए भाजपा इनके खिलाफ माला जपती रही, इनके भ्रष्टाचार को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक उजागर किए गए। लेकिन राज्य में सत्ता बदली, पर क्या मजाल है कि साहब को बदल दिया जाए। खैर दरअसल यहां तक साहब नहीं बल्कि उनका समय बलवान था। लेकिन जब समय खराब होता है तो अच्छे-अच्छो की उलटी गिनती शुरु हो जाती है, सम्भवतः उनकी भी उलटी गितनी शुरु हो गई है। कहा जा रहा है कि सरकार ने राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इस अफसर को अब सजा देने का मन बना लिया है। जिसके लिए इस कथित ताकतवर अफसर को शो-काज नोटिस दी गई है। शो-कॉज नोटिस पाने के बाद से साहब इन दिनों खासे विचलित हैं। क्या लिखें, क्या जबाव दें, इसको लेकर उनका गला सूख रहा है।

## छत्तीसगढ़ का लौह अयस्क और पानी, उद्योग आंध्रप्रदेश में?

बस्तर के नदी नालों के पानी के सहारे अब तक करोड़ों टन लौह अयस्क ले जा चुकी एएमएनएस जैसी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी आंध्रपदेश के अनकापल्ली में 1.4 लाख करोड़ रुपये की लागत से देश का सबसे बड़ा स्टील प्लांट लगाने जा रही है। जानकारी अनुसार आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील (पहले एस्सार) द्वारा किरन्दुल स्थित एनएमडीसी की खदानों से रोजाना औसतन 20 हजार टन लौह अयस्क चूर्ण स्लरी पाइपलाइन के जरिये अपने विशाखापटनम स्थित प्लांट ले जाया जा रहा है। बस्तर की शबरी नदी और दंतेवाड़ा के मदाड़ी नाले के हजारों क्यूसेक पानी का उपयोग रोजाना इस परिवहन में किया जा रहा है। जानकारी अनुसार आंध्रप्रदेश के अनकापल्ली में इस कंपनी द्वारा जो स्टील प्लांट लगाया जा रहा है उसकी वार्षिक क्षमता 24 मिलियन टन है। जानकारों की माने तो इतनी बड़ी मात्रा में स्टील बनाने के लिए करीब 36 लाख टन लौह अयस्क की आपूर्ति बैलाडीला की खदानों से की जानी है। पहले फेज में 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और दूसरे फेज में अतिरिक्त 35 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। अर्थात इस प्लांट से कुल 55 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। खैर इससे बस्तर और छत्तीसगढ़ का क्या हित होगा? इस पर भी मंथन और चिंतन होना चाहिए। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ का लौह अयस्क, पानी और उद्योग आंध्रप्रदेश में क्यों ?

## यादगार बनेगा नया विधानसभा भवन का पहला सत्र

छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण एक ज्वलंत मुद्दा है। बस्तर और आदिवासी इलाकों में धर्मान्तरण की घटनाएं काफी देखी और सुनी जाती हैं। राज्य सरकार अब धर्मान्तरण पर नकेल कसने जा रही है। दरअसल 14 दिसमंबर से शुरु होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में धर्मान्तरण को लेकर विधेयक लाया जाएगा। निश्चित ही छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण पर पूर्ण विराम लगाने की आवश्यकता है, जिस पर विष्णु सरकार मुहर लगाने जा रही है। संभवतः इस सत्र में विधेयक पारित कर दिया जाएगा। जो छत्तीसगढ़ के साथ-साथ विधानसभा के नए भवन के लिए भी यादगार बन जाएगा। इस भवन से ही धर्मान्तरण पर नकेल कसने की नींव रखी जाएगी। सरकार के साथ ही यह नया भवन भी इस पवित्र निर्णय का साक्षी बनेगा।

## एकाधिकार पर नियंत्रण जरुरी

देशभर में इंडिगो की फ्लाइटें निरस्त कर दी गई हैं। हजारों की संख्या में लोग परेशान हैं, हलाकान हैं। किसी की शादी नहीं हो पाई, कोई अंतिम संस्कार में नहीं पहुंच पाया, तो कोई अस्पताल नहीं पहुंच पा रहा, ऐसी अनेकों खबर इन दिनों मीडिया में पढ़ने, सुनने और देखने को मिल रही। इंडिगो की फ्लाइट निरस्त हुई तो अन्य कंपनियों ने हवाई किराया आसमान पहुंचा दिया। दरअसल यह घटना एकाधिकार का सबसे ज्वलंत उदाहरण है। इसमें कंपनियां कोई जवाबदेही लेने को तैयार नहीं हैं। जनता भटक रही, चीख रही, चिल्ला रही, कोई सुनने को तैयार नहीं। निजीकरण का इससे बड़ा और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण कुछ नहीं हो सकता। एकाधिकार होने का सबक इस घटना से नहीं लिया गया तो, भविष्य में ऐसी घटनाओं की भरमार होगी। जहां-जहां सरकारी सिस्टम ध्वस्त होंगे, जवाबदेही खत्म होंगी, वहां ऐसी घटनाएं सामने आती रहेंगी। संचार की सबसे बड़ी कंपनी भारत संचार निगम (बीएसएनएल) तबाह होने की स्थिति में है। ऐसे में प्राइवेट संचार कंपनियां आगे क्या करेंगी? इसका अंदाजा इस घटना से लागाया जा सकता है। बीएसएनएल के अतिरिक्त देश और प्रदेश में अनेकों एकाधिकार के उदाहरण मौजूद हैं। इसलिए किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार देश के लिए घातक है, इस पर नियंत्रण होना अत्यंत आवश्यक है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# शिक्षा ही सामाजिक विकास का मूलमंत्र : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय सर्व रविदास समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




सामाजिक विकास का वास्तविक आधार शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार हो, कृषि हो या कोई अन्य क्षेत्र – हर क्षेत्र में सफलता का पहला कदम शिक्षा ही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व रविदास समाज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने मंच पर सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभ से ही शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य गठन के समय जहाँ मात्र एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में आईआईटी, ट्रिपल-आईटी, आईआईएम, लॉ यूनिवर्सिटी, एम्स, सिपेट जैसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को बड़े अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित होना समय की आवश्यकता है, क्योंकि संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार राज्य सरकार 23 महीनों से सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल के महीनों में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसमें अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना, प्रत्येक परिवार को पक्का मकान देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, माताओं और बहनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना, दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षक युक्तियुक्तकरण जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब तक विभिन्न विभागों में 10 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं पूर्ण निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई हैं, जिससे युवाओं में नया विश्वास उत्पन्न हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने नई उद्योग नीति लागू की है, जिससे स्थानीय लोगों को अधिक अवसर, रोज़गार और स्वरोजगार प्राप्त हो सकेगा। मुख्यमंत्री साय ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अधिकाधिक संख्या में शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने भी संबोधित किया और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विजय मेहरा, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे, दिलीप वासनीकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वीर सैनिकों के कारण ही हमारे जीवन और संपत्ति सुरक्षित है : राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में गौरवपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि सैनिक निःस्वार्थ भाव से हमेशा देश की रक्षा के लिए तैयार रहते है और अपना जीवन देश सेवा के लिए लगाते है। उनके कारण ही हमारे जीवन और संपत्ति सुरक्षित हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सशस्त्र झण्डा दिवस निधि के लिए 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। कार्यक्रम में राज्यपाल ने सभी शहीदों की वीर नारियों एवं माताओं, आश्रितों को सम्मान राशि और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वीरता अलंकरण प्राप्त सैनिकों और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल डेका ने अपने उदबोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है, जिनके माध्यम से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रित परिवारों को निरंतर सहायता मिल रही है। छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड और गृह विभाग के सहयोग से हमारे वेटरन्स की उत्कृष्ट देखभाग सुनिश्चित की जा रही है। डेका ने कहा कि हमारे सैनिक कठिन परिस्थितियों में अपना कार्य संपादित करते हैं। माइनस डिग्री के तापमान में भी अपनी जिम्मेदारी कुशलता से निभाते है।

# करणी सेना की महापंचायत अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग तेज

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर में सूदखोरी, जबरन वसूली एवं अवैध हथियार रखने के मामले में हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर की गिरफ्तारी को लेकर करणी सेना ने महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई सहित आठ मांगे रखी गयीं। वहीं, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत अपनी टीम और तोमर की पत्नी सहित 10 लोगों के साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पहुंचे। वह उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात करने भी पहुंचे, लेकिन समय नहीं मिलने पर परिसर में ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने अन्न-जल त्यागकर अनशन की घोषणा की है। शेखावत ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के दौरान तोमर के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्होंने रायपुर के पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के विरुद्ध कार्रवाई और संबंधित पुलिस अधिकारियों को पदमुक्त करने की मांग की। महापंचायत मंच में उन्होंने कहा कि 15 दिन पहले प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शाम तक मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा और गृहमंत्री के कार्यक्रम स्थल की ओर कूच किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मुंगेली, बिलासपुर और सिमगा से आ रहे कई बसों और वाहनों को रोक दिया गया। करीब 500 लोगों को नजरबंद किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

## डाक अदालत; ग्राहकों की शिकायतों पर होगा प्रत्यक्ष समाधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ परिमण्डल में डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के उददेश्य से कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, रायपुर द्वारा परिमण्डल स्तर पर डाक अदालत आयोजित की जाएगी। यह अदालत 18 दिसम्बर गुरुवार को शाम 4.00 बजे प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। डाक अदालत में डाक ग्राहकों की विभिन्न श्रेणियों की शिकायतों–जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएँ, लघु बचत योजनाएँ (आर.डी., बचत बैंक, बचत पत्र आदि), रजिस्ट्री, व्ही.पी. पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनी ऑर्डर, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा–का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। ग्राहकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतें, यदि कोई हो, तो संबंधित प्रकरण का पूर्ण विवरण सहित 16 दिसम्बर 2025 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल, रायपुर में प्रस्तुत करें। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त शिकायतें इस डाक अदालत में सम्मिलित नहीं की जाएंगी। डाक अदालत का आयोजन कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल, रायपुर जी.पी.ओ. बिल्डिंग, द्वितीय तल, जय स्तंभ चौक, रायपुर स्थित कार्यालय में किया जाएगा।

08 Dec. 2025 Pride Of Raipur

M.A.K AZAD COLLEGE OF PHARMACY (Approved/Affiliated-CSVTU-DTE-PCI) Santoshi Nagar Mathpurena
D.PHARMA B.PHARMA
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
Hostel / Scholarship Facility
Fee Structure as per Govt Colleges
For Registration/information contact 0771-4913335, 94252 14413, 78282 53335
Contact for inquiry or registration

@snitinnumerological
TAROT CARD READING
KNOW ABOUT Your Future, Job, Health, Profession, Married Life, Love
S. Nitin
CONTACT NOW
7000074769

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 7.35%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 8.75%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

R.B.Plus TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

KisaN The Mark of Excellence
CLASSIC Adding Value Since 1993
Sidharth Traders
Authorised Distributors : (Chhattisgarh)
Kisan Group of Companies M.G. ROAD, RAIPUR - 492001 (C.G.)

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

होम्योपैथिक डॉ. गनी
A & M होम्योपैथिक फार्मेसी एण्ड क्लीनिक
डॉ. मुनव्वर गनी (बी.एच.एम.एस.)
सिंह कॉम्प्लेक्स, पंडरी मेन रोड, बुलेट एवं टीवीएस शोरूम के सामने, क्रोमा के बगल में रायपुर, मो.+91 9755093859

Premier Awnings
THE ROOF YOU ALWAYS NEEDED
Manufacturers
Madhur Engineering Works
Plot No. 224 B, Sector C, Urla Industrial Complex, Raipur
Call us at : 98933-50653
Email : madhurengineering@rediffmail.com
Visit at : www.madhurengineering.com

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Imagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# प्रदेश में अवैध भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय करते हुए लगभग 1 लाख 52 हजार क्विंटल धान जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ होने के पूर्व से ही प्रदेश में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन से आने वाले धान की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पिछले एक नवंबर से 6 दिसम्बर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक लाख 51 हजार 809 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस बार मार्कफेड द्वारा राज्य में अवैध परिवहन के जरिए अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले धान को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट और कलेक्टर की अध्यक्षता में टॉस्कफोर्स भी बनाए गए हैं। इसके साथ ही मार्कफेड में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की सतत् निगरानी की जा रही है। मार्कफेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक नवंबर से 6 दिसम्बर के अवधि में मण्डी अधिनियम 1972 के तहत सीमावर्ती विभिन्न जिलों से छत्तीसगढ़ राज्य में अवैध परिवहन के माध्यम से आने वाले धान पर कार्यवाही की जा रही है। इनमें सर्वाधिक महासमुंद जिले में 25,718 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी प्रकार धमतरी में 23,859 क्विंटल रायगढ़ जिले में 21,331 क्विंटल, राजनांदगांव 14,977 क्विंटल, बलरामपुर जिले में 9771 क्विंटल, बेमेतरा में 6490 क्विंटल, कवर्धा में 5734 क्विंटल, बालोद में 4595 क्विंटल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 3770 क्विंटल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 2868 क्विंटल, जशपुर जिले में 2771 क्विंटल, सूरजपुर जिले में 2650 क्विंटल, दुर्ग में 2350 क्विंटल, जांजगीर-चांपा में 2014 क्विंटल, बलौदाबाजार में 1855 क्विंटल, बीजापुर जिले में 1842 क्विंटल, रायपुर में 1679 क्विंटल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1583 क्विंटल, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1500 क्विंटल, बस्तर जिले में 1560 क्विंटल, मोहला-मानपुर-चौकी में 1402 क्विंटल, गरियाबंद में 1393 क्विंटल, कोरबा में 1346 क्विंटल, सरगुजा में 1282 क्विंटल, कोरिया में 1237 क्विंटल, सक्ती में 1201 क्विंटल, कोण्डागांव जिले में 1148 क्विंटल, बिलासपुर में 1060 क्विंटल, कांकेर जिले में 1012 क्विंटल, मुंगेली में 917 क्विंटल, दंतेवाड़ा में 445 क्विंटल, नारायणपुर में 323 क्विंटल, सुकमा में 216 क्विंटल धान जब्त किए गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403